Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय–वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी टीम

## मार्च - 2025


**CURRENT AFFAIRS (March-2025)**

**PUBLISHER**

**MAHECHA PUBLICATION**

**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**

**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

***The Notes Hub***

**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA PUBLICATION

# विषय–सूची


| विषय वस्तु | पेज नं. |
|---|---|
| 1. राजस्थान परिदृश्य | 3 – 23 |
| 2. राष्ट्रीय परिदृश्य | 24 – 39 |
| 3. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 40 – 58 |
| 4. महत्वपूर्ण पुरस्कार | 59 – 60 |
| 5. महत्वपूर्ण पुस्तकें | 60 |
| 6. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 61 – 66 |
| 7. खेल | 67 – 71 |
| 8. महत्वपूर्ण दिवस | 72 |
| 9. अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 73 – 77 |
| 10. टॉपर्स टॉक | 78 – 80 |


Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये


© *All Rights Reserved By Publisher*

***नोट:***–*इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके–इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम–से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान परिदृश्य

## चर्चित व्यक्तित्व

### एंजिला स्वामी



- **निवासी** – बीकानेर
- **चर्चा में** – थाईलैण्ड की राजधानी पटाया में आयोजित (24-28 फरवरी) ''मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता'' में एंजिला ने प्रथम स्थान हासिल कर **मिसेज यूनिवर्स, 2025 का खिताब** जीता।
- **विशेष** – पूर्व में भी ''मिसेज इंडिया ऑरा ग्लोबल ईयर, 2024'' का खिताब भी जीता था।

### सविता राठी

- **सरपंच** – गोपालपुरा, सुजानगढ़ (चुरू)
- **चर्चा में** – दिल्ली, विज्ञान भवन में आयोजित **''सशक्त पंचायत नेत्री अभियान''** के तहत राष्ट्रीय समारोह में सम्मानित किया गया।
- **उपलब्धि** –
  - गोपालपुरा पंचायत के समग्र विकास व नवाचार हेतु।
  - विकास कार्यों की लघुफिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।
- **रॉल मॉडल** – सविता राठी ने बीजेपी नेत्री पूर्व सरपंच रक्षा खडसे को बताया।

### प्रवीण प्रजापत

- **निवासी** – अलवर
- **उपलब्धि** –
  - भवाई नृत्य के क्षेत्र में महारथ हासिल।
  - 18 गिलासों को सिर पर रखकर तीन मीटर आगे व पीछे चलकर बैलेंस बनाया था।
- **चर्चा में** – 19 वर्ष की उम्र में ''गिनीज बुक रिकॉर्ड'' में नाम दर्ज करवाया है। (इटली के मिलान शहर में)

### डॉ. प्रमोद येवले

- **चर्चा में** – RUHS (राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय) के नए कुलपति नियुक्त किए गए हैं।
- **नियुक्ति** – राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा।
- **कार्यकाल** – पाँच साल या 70 वर्ष तक की आयु (जो भी पहले हों)
- **विशेष** – पहली बार ''नॉन मेडिकल व्यक्ति को कुलपति'' नियुक्ति किया गया है।

### अरविंद सिंह मेवाड़

- हाल ही में उदयपुर राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह का निधन (16 मार्च 2025) हो गया।



- ***जन्म** – 13 दिसम्बर 1944*
- *क्रिकेट विरासत में मिला (पिता भगवतसिंह मेवाड़ भी क्रिकेटर थे)*
- *प्रथम श्रेणी पदार्पण (1961-62 में विदर्भ के खिलाफ उदयपुर में)*
- *राजस्थान के लिए (1961-71 के बीच 21 प्रथम श्रेणी मैच खेले)*
- ***नोट :** पिता-पुत्र की जोड़ी जिसने 4 प्रथम श्रेणी के मैच एक साथ खेले। (पिता भगवतसिंह मेवाड़, पुत्र – अरविंद सिंह मेवाड़)*

### रूमादेवी

- **निवासी** – बाड़मेर
- **संबंध** – हस्तशिल्प उत्पादों व सामाजिक कार्यक्रमों में अभिरूचि।
- **चर्चा में** – बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद द्वारा रोटरी इंटरनेशनल क्लब की ओर से **''नारी शक्ति सम्मान''** से सम्मानित किया।

*अन्य उपलब्धियाँ*



- *राजीविका की ब्रांड एम्बेसडर*
- *नारी शक्ति अवॉर्ड (2018)*
- *यूएसए के टेक्सास प्रांत में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल।*

## थावरी देवी




- **निवासी** – माउंट आबू, सिरोही
- **उपनाम** – 'सोशल/सौर इंजीनियर'
- **उपलब्धि** – दूर-दराज एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के माध्यम से घरों को प्रकाशवान करना।
- **चर्चा में** – हाल ही में राजस्थान रॉयल्स (IPL टीम) की **''पिंक प्रोमिस जर्सी''** का अनावरण इनके द्वारा किया गया।

## नन्दिनी गुप्ता

- **निवासी** – कैथून, कोटा
- **उपलब्धि** – फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड, 2023 की विजेता रही।
- **चर्चा में** – 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता, 2025 जो कि तेलंगाना में 4 से 31 मई 2025 को आयोजित होगी। इसमें भारत का प्रतिनिधत्व नन्दिनी गुप्ता करेगी।

# चर्चित स्थान

## रणथम्भौर, सवाईमाधोपुर

- यहाँ ''सियागोश/करैकल का ब्रीडिंग सेंटर'' खोला जाएगा।
- हाल ही में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व से करैकल का पहला फोटोग्राफिक रिकॉर्ड साझा किया गया।

***सियागोश/करैकल*** –

- ***स्थानिक*** – *भारत, अफ्रीका, दक्षिण एशिया*
- **विशेषता** –
  - *यह रात्रिचर बिल्ली की प्रजाति है।*
  - *इसके नुकीले और काले कान इसकी पहचान है।*
  - *विश्व के दुर्लभतम जंगली जानवरों में शामिल।*
- ***संरक्षण*** –
  - *भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (अनुसूची-I में सूचीबद्ध)*
  - *सरकार द्वारा संचालित प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल 22 प्रजातियों में से एक है।*



## गढ़मोरा किला, करौली

- गढ़मोरा गाँव में स्थित ''गढ़मोरा का किला'' जो हिंदू, जैन एवं बौद्ध धर्म की स्थापत्य कला से निर्मित है।
- किला व महल करीब पाँच सदी पुराने हैं।
- **किंवदंती** – सत्य की विजय हेतु राजा मोरध्वज ने यहाँ रतन कुंवर को शिला पर अपने हाथों से चिरवाया था।
- **प्रसिद्ध इमारतें**–
  - राजा मोरध्वज का महल
  - बौद्ध स्तूप
  - आठ खंभों पर टिकी छतरी
  - केदारनाथ की गुफा
- **चर्चा में** – पर्यटन स्थल बनाने की माँग के कारण चर्चा में रहा।

## पुरोहितों का तालाब, उदयपुर

- **स्थिति** – अंबेरी गाँव, नाथद्वारा मार्ग पर, उदयपुर।
- **उपनाम** – ''छोटा जयसमंद''
- **निर्माण** – महाराणा रायमल के शासनकाल (1473-1508) में किशनाजी राजपुरोहित ने।
- **चर्चा में** – ''छोटा जयसमंद'' होने के कारण पर्यटन स्थल बनाने की माँग के कारण चर्चा में रहा तथा वर्तमान में वन विभाग के अधीन हैं।

## वेटलैंड-लुणकरणसर, देवीसागर

- **स्थिति** – बीकानेर
- **वेटलैंड घोषित** – पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 19 मई 2023 को वेटलैंड घोषित किए थे।
- **चर्चा में** –
  - अवैध गतिविधियों, सीवरेज का पानी, मृतपशुओं को डालने से अस्तित्व खतरे में है।
  - कुरजां सहित कई प्रवासी पक्षियों के लिए चिंताजनक विषय है।

## स्टेच्यू ऑफ ट्रूथ, अजमेर

- **उद्घाटन** – 12 अप्रैल 2025 को होगा।
- **स्थिति** – अशोक उद्यान, जयपुर रोड स्थित, अजमेर
- **पैनोरमा** – महर्षि दयानंद सरस्वती जी का।
- **निर्माता** – विजय बोंदर और विजय सतपाल
- **विशेष** – आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 31 फीट ऊँची 5 धातुओं से निर्मित प्रतिमा है।

***अन्य प्रसिद्ध स्टेच्यू–***

- *जिन विजय वल्लभ सूरी स्टेच्यू = जेतपुरा, पाली*
- *शिव स्टेच्यू (विश्वास स्वरूप) = नाथद्वारा, राजसमंद*

## सम स्थित सुदासरी ब्रीडिंग सेंटर, जैसलमेर



- नन्हें गोडावण का कृत्रिम विधि से जन्म हुआ। (9 मार्च)
- मादा गोडावण **''रीवा''** एवं नर गोडावण **''लियो''** की मीटिंग से नए चूजे का जन्म हुआ।

***गोडावण संरक्षण के प्रयास***

- *भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की (अनुसूची-1 में सूचीबद्ध)*
- *अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेडलिस्ट में ''गंभीर रूप से संकटग्रस्त'' की श्रेणी में रखा गया।*
- 1 नवम्बर 1980 को भारत सरकार ने स्मारक स्वरूप गोडावण पक्षी पर 2.30 रुपये का डाक टिकट जारी किया था।
- राज्य पक्षी घोषित – 1981
- प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड – 5 जून 2013
- रामदेवरा में कृत्रिम प्रजनन केन्द्र।
- हैचिंग सेंटर (अंडे सेने वाला स्थान) की स्थापना

## सरिस्का टाइगर रिजर्व, अलवर




- **चर्चा में** – यहाँ प्रदेश का पहला ''बाघिन स्टेच्यू'' बनेगा ''ST-2 बाघिन'' (राजमाता) की स्मृति में।
- **विशेष** –
  - इस बाघिन को 2005 में यहाँ लाया गया था जिसकी 2024 में मृत्यु हो गई थी।
  - ST-2 बाघिन के कारण ही सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़ा।

## जयपुर जन्तुआलय



- **चर्चा में** – राजस्थान में पहली बार चेन्नई से 4 वर्ष पूर्व मार्च 2021 में लाए गए शुतुरमुर्ग के जोड़े का अण्डे से चूजा बाहर निकला है।
- **विशेष** – 'मादा शुतुरमुर्ग अवन्तिका' ने फरवरी 2025 में 11 अण्डे दिए थे।
- एक अण्डे से चूजा बाहर निकला एवं शेष अण्डो का इक्यूबेशन (उष्मायन) जारी है।

## भादरिया गाँव, जैसलमेर

- यहाँ एशिया की सबसे बड़ी अंडरग्राउंड लाइब्रेरी है।
- **लाइब्रेरी की नींव** – 1983 (1998 में बनकर तैयार हुई)
- **स्थापना का श्रेय** – महंत हरवंश सिंह निर्मल
- **चर्चा में** – प्रतिवर्ष 70000 से अधिक स्थानीय व विदेशी पर्यटक आने के कारण।

# चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

## शिक्षा संजीवनी बीमा योजना (SSBY)

- **लॉन्च** – राजस्थान शिक्षा व पंचायतीराज मंत्री श्री मदन दिलावर द्वारा रेजीडेंसी गर्ल्स हायर सैकेंडरी स्कूल, उदयपुर से।
- **उद्देश्य** –
  - सरकारी स्कूलों में छात्रों को 1 लाख रुपये से 1.30 लाख तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवरेज प्रदान करना।
  - शुरूआत में SSBY उदयपुर संभाग की स्कूलों को कवर करेगी।
- **भागीदार** –
  - वंडर सीमेंट
  - भारतीय स्टेट बैंक
  - ज्यूरिख कोटक जनरल इंश्योरंस

## राजस्थान कौशल नीति, 2025

- **मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन** – 8 मार्च 2025 को
- **प्रावधान** – ऑटोमेशन, AI, मशीन लर्निंग, आईओटी, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और साइबर सुरक्षा जैसी आधुनिक तकनीक को जोड़कर युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- स्थानीय औद्योगिक क्लस्टरों के पास 'कौशल प्रशिक्षण केन्द्र' स्थापित किया जाएगा।

## एशिया व प्रशांत क्षेत्र का 12वाँ क्षेत्रीय 3R फोरम

- **आयोजन** – जयपुर
- **पोर्टल लॉन्च** – SBM वेस्ट टू वेल्थ PMS
- **उद्देश्य** – एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में संधारणीय अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधन दक्षता, निम्न कार्बन उत्सर्जन एवं सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धान्तों को बढ़ावा देना।
- **विशेष** –
  - इसमें 25 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
  - इस फोरम में **''जयपुर घोषणा पत्र – 2025-2035''** पर सर्व सहमति हुई।
- **जयपुर घोषणा पत्र-2025-2035 की विशेषताएँ** –
  - प्रकृति – यह एक स्वैच्छिक घोषणा पत्र है।
  - संसाधन दक्षता और सतत् सामग्री उपभोग पर बल।
  - अनौपचारिक क्षेत्रकों, लैंगिक मुद्दे व श्रम संबंधी प्रावधान।
  - वैश्विक गठबंधन C-3 (सिरीज कोएलिशन फॉर सर्कुलरिटी) हेतु सतत् प्रयास।
  - 3R (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकिल) एवं सर्कुलर अर्थव्यवस्था अपनाने पर बल।




***पृष्ठभूमि*** –

- *इस फोरम की शुरूआत 2009 में हुई थी।*
- *वर्ष 2013 में फोरम में हनोई ''3R घोषणा पत्र'' रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकिल (2013-2023) अपनाया।*
- ***चक्रीय अर्थव्यवस्था*** – *यह उत्पादन और उपभोग का एक मॉडल है। जिसमें मौजूदा सामग्री व उत्पादों को जितना संभव हो सकें साझा करना, पट्टे पर देना, पुन: उपयोग, मरम्मत, नवीकरणीय एवं पुनर्चक्रण करना है।*
- ***सिटीज 2.0*** – *''सिटी इन्वेस्टमेंट टू इनोवेट इंट्रीगेट एंड सस्टैन 2.0'' भारत के स्मार्ट सिटीज का उपमिशन है जो कचरा प्रबंधन एवं चक्रीय अर्थव्यवस्था हेतु प्रगतिरत है।*

## राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025

- **उद्देश्य** – कोचिंग संस्थानों पर सक्षम वैधानिक नियंत्रण एवं छात्र आत्महत्यों की रोकथाम करना।
- **मुख्य बिन्दु** –
  - ''राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट अथॉरिटी'' का गठन किया जाएगा (अध्यक्षता-उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव करेंगे)
  - 50 या अधिक विद्यार्थियों वाले कोचिंग केन्द्रों को कानूनी दायरे में लाया जायेगा।
  - प्रत्येक जिले में जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में समिति बनेगी।
  - राज्य स्तरीय पोर्टल एवं 24×7 परामर्श हेल्पलाइन स्थापित की जाएगी।
  - सभी मानदण्डो के तहत् कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य होगा।
  - विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, अनुशासित एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना।
- **प्राधिकरण का गठन** होगा जिसकी शक्तियाँ निम्न हैं-
  - ✓ समन देकर बुलाने का अधिकार।
  - ✓ जरूरत वाले जिलों में 24 घंटे काम करने वाला कॉल सेंटर स्थापित होगा।
  - ✓ जिला समिति गठित करेगा एवं बैठक बुला सकेंगे।

- ✓ सेंटर का निरीक्षण, डॉक्यूमेंट जाँच एवं आवश्यक एक्शन लेने का अधिकार होगा।
- ✓ **वर्तमान में यह विधेयक प्रवर समिति को निर्दिष्ट किया गया है।**

## वन टाइम सेटलमेंट योजना-2025

- **उद्देश्य** – किसानों को भूमि विकास बैंक से लिए गए ऋण चुकाने में राहत देना।
- **बजट आवंटित** – 200 करोड़ रुपये
- **प्रावधान** –
  - ✓ बैंक से लिए गए ऋण पर एक मुश्त (वन टाइम) भुगतान पर छूट मिलेगी।
  - ✓ सरकार ब्याज माफी या छूट भी प्रदान करेगी।

## राज्यस्तरीय समारोह ''विश्व वानिकी दिवस'' पर

- **आयोजन** – राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर।
- **कब** – 21 मार्च (अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के उपलक्ष्य में)
- **मिशन हरियालो राजस्थान** –
  - ✓ **प्रेरणा** – प्रधानमंत्री 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से ली गई।
  - ✓ **लक्ष्य** = 50 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प
  - ✓ 2024-25 में 7 करोड़ पौधे लगाए गए।
  - ✓ 2025-26 में 10 करोड़ पौधे लगाए जाएँगे।
- **ऐप लॉन्च** – डिजी वन-फोरेस्ट स्टैक ऐप (वन विभाग में पारदर्शिता लाने हेतु)
- **इको टूरिज्म फैसिलिटीज** – सीतामाता वन्यजीव, अभयारण्य, प्रतापगढ़
- **गोल्फ कोर्ट की सुविधा** –
  - ➢ केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर
  - ➢ नाहरगढ़ जैविक उद्यान, जयपुर

### *राज्य सरकार के पर्यावरण संरक्षण हेतु हालिया नवाचार*

- ***मातृ वन स्थापना*** *– प्रत्येक जिले में*
- ***एक जिला-एक प्रजाति कार्यक्रम*** *– स्थानीय वृक्ष प्रजातियों का संरक्षण एवं संवर्द्धन।*
- ***कृषि वानिकी नीति*** *– (प्रथम बार सरकार ला रही है)*
- ***ग्रासलैंड संरक्षण*** *एवं पालीघाट (सवाई माधोपुर) में घड़ियाल रियरिंग सेंटर की स्थापना करेगी।*

## वन विभाग हेतु नवीन घोषणाएँ

- **घोषणाकर्ता** – वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा
- प्रतिवर्ष **21 मई** को **''गोडावण दिवस''** मनाया जाएगा।
- सिल्वन पार्क का नाम बदलकर ''श्री केशव सिल्वन पार्क'' किया जाएगा।
- सिटी नेचर पार्क, फतेहपुर का नाम ''श्री बुधगिरी सिटी नेचर पार्क, फतेहपुर किया जाएगा।

## राजस्थान लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान विधेयक, 2024

- **विधानसभा में ध्वनिमत से पारित** – 21 मार्च 2025
- **विधेयक प्रभावी** – 1 जनवरी 2024 से
- **उद्देश्य** – लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान राशि, चिकित्सा सहायता, नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाना।
- **लोकतंत्र सेनानी कौन** – राजस्थान के मूल निवासी जो लोकतंत्र की रक्षा हेतु **''मीसा (मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट) या भारत रक्षा नियम 1971''** या दंड प्रक्रिया संहिता के अधीन जेल में निरूद्ध किये गये हों।
- **विशेष** – वर्तमान में राजस्थान में कुल 1140 लोकतंत्र सेनानी हैं।
- **प्रावधान** – लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके आश्रितों को 20,000 रुपये मासिक पेंशन एवं 4000 रुपये मासिक चिकित्सा सहायता दिए जाने का प्रावधान है।

## एस्केड योजना के तहत् दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

- **आयोजन** – जयपुर
- **आयोजक** – पशुपालन विभाग, वन विभाग, राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में।
- **उद्देश्य** – जहर से पशुओं की मौत और जहर के फोरेंसिक पहलुओं के साथ डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एवं पशुधन मामलों की जानकारी देना।

### *एस्केड योजना (केन्द्र प्रवर्तित)*

- ***एस्केड*** *(असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कंट्रोल ऑफ एनिमल डिजीज)*
- ***उद्देश्य*** *– प्रमुख पशु रोगों की रोकथाम हेतु टीकाकरण, टीका उत्पादन, रोग निदान सुविधाएँ उपलब्ध करवाकर पशुपालकों को आर्थिक हानि से बचाना।*

## राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना

- **मंजूरी** – मुख्यमंत्री ने पात्र 18 पत्रकारों को सम्मान निधि की मंजूरी दी।
- **राशि** – पात्र पत्रकारों को प्रतिमाह 15000 रुपये की राशि प्रदान की जाती है।
- **विशेष** – 60 वर्ष की आयु से अधिक जिन कुल 18 वरिष्ठ पत्रकारों को यह सम्मान निधि मंजूरी की गई है उनमें से दो दिवंगत पत्रकारों की सम्मान निधि प्रतिमाह उनकी पत्नियों को आधी राशि प्रदान की जाएगी।

## राज्यस्तरीय समारोह आरोग्यम, 2025

- **उद्घाटनकर्ता** – डॉ. प्रेमचन्द बैरवा द्वारा।
- **आयोजन** – शिल्पग्राम, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर
- **अवधि** – 1-4 मार्च तक।
- **विभाग** – आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष)
- **थीम** – ''आपका स्वास्थ्य-आपके हाथ''
- **मुख्य आकर्षण** –
  - पंचकर्म, क्षारसुत्र, अग्निकर्म, विद्धकर्म जलोका के द्वारा विशेष उपचार।
  - आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा हेतु विशेष परामर्श।
  - प्रकृति परीक्षण, नाड़ी परीक्षा, आयुष पद्धतियों में कैरियर काउंसलिंग।




## राजस्थान-मध्यप्रदेश चीता कॉरिडोर

- **क्षेत्रफल** – 17 हजार वर्ग किलोमीटर
- **लैंडस्केप** – कूनो से गाँधीनगर अभयारण्य तक।
- **हिस्सेदारी** – राजस्थान (37%), मध्यप्रदेश (61%), कुछ हिस्सा उत्तर प्रदेश का शामिल है।
- **राजस्थान का शामिल क्षेत्र** – बारां, सवाईमाधोपुर, करौली, कोटा (सर्वाधिक क्षेत्र), झालावाड़, बूँदी, चित्तौड़गढ़
- **शामिल अभयारण्य** – भैंसरोड़गढ़, मुकुन्दरा, रामगढ़, शेरगढ़

## थार महोत्सव, 2025

- **आयोजन** – बाड़मेर
- **अवधि** – 11-12 मार्च तक
- **आयोजक** – पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, बाड़मेर
- **थीम** – ''रंग रेगिस्तान के''

## शक्तिवंदन कार्यक्रम

- **आयोजन** – जवाहर कला केन्द्र, जयपुर
- **अवधि** – 15-17 मार्च तक
- **थीम** – ''सशक्त नारी, समृद्ध समाज''
- **विशेष** – ग्रेटर नगर निगम, जयपुर द्वारा अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती को ''शक्तिवंदन कार्यक्रम'' के रूप में मनाया गया।

## वुमेन ऑफ जिंक अभियान

- **संचालन** – राजस्थान में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की इकाईयाँ देबारी (उदयपुर) एवं चंदेरिया (चित्तौड़गढ़) द्वारा।
- **शुरूआत** – 8 मार्च को ''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर।
- **उद्देश्य** –
  - ✓ जिंक इकाई में महिला कर्मचारियों को 25% से 30% तक करना।
  - ✓ महिला सशक्तिकरण पर बल देना।

## शीतला माता मेला

- **आयोजन** – शील डूंगरी चाकसू (जयपुर)
- **अवधि** – 21-22 मार्च तक दो दिवसीय मेला
- **मेला तिथि** – चैत्र कृष्णा अष्टमी को भरता है।
- **अन्य नाम** – ''बैलगाड़ी मेला''

*शीतला माता*

- ***मंदिर का निर्माण*** *– माधोसिंह प्रथम, जयपुर*
- ***देवी का वाहन*** *– गधा (गर्दभ)*
- *राजस्थान में ''21 मार्च 2025 को शीतलाष्टमी'' मनाई गई।*
- *इस दिन को 'बास्योड़ा' (ठंडा भोजन खाकर) के रूप में मनाया जाता है।*

## प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन थ्राइव-2025

- **आयोजन** – IIT जोधपुर में।
- **अवधि** – 19-21 मार्च तक।
- **साझेदारी** – IIT जोधपुर, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (INSA) एवं अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा, पर्यावरण और स्थिरता समाज (ISES) द्वारा।
- **उद्देश्य** – सतत् विकास के लिए स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के जरिए ''थार पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन'' करना।

## 24वाँ कला मेला, 2025

- **आयोजन** – शिल्पग्राम, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर
- **अवधि** – 19-23 मार्च तक।
- **सहभगिता** – राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर
- **विभाग** – कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग
- **उद्देश्य** – राजस्थान सहित देशभर की कलाओं एवं कलाकारों का संवर्द्धन, संरक्षण व वैश्विक पटल के लिए प्रेरित एवं मंच प्रदान करना।
- **विशेष** – दिवंगत कलाकारों की कृतियों का एनिमेटेड इंस्टॉलेशन लाइव शो किया गया।

## रावल मल्लीनाथ पशुमेला, 2025

- **आयोजन** – तिलवाड़ा गाँव, बालोतरा
- **अवधि** – 25 मार्च-8 अप्रैल तक।
- **मेला तिथि** – चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ल एकादशी तक भरता है।
- **विशेष** –
  - ''राजस्थान का सबसे प्राचीन पशु मेले'' के रूप में प्रसिद्ध मेला लूणी नदी के किनारे प्रतिवर्ष चैत्र माह में भरता है।
  - **मालाणी नस्ल के घोड़ों** एवं सांचोरी नस्ल के बैलों का क्रय-विक्रय विशेष रहता है।

***मेले का इतिहास***

- *650 वर्ष पहले रावल मल्लीनाथ जी ने संत समागम के साथ शुरू किया था।*
- *मल्लीनाथ जी, मारवाड़ के राव सलखा और रानी जैनादे के सबसे बड़े पुत्र थे जो वर्ष 1389 में उगमसी भाटी के शिष्य बन गए थे। उनकी स्मृति में यह मेला आयोजित होता है।*

## विजयदान देथा साहित्य उत्सव, 2025

- **आयोजन** – जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
- **अवधि** – 21-23 मार्च तक।
- **उद्देश्य** – राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध साहित्य एवं साहित्यकारों को मंच प्रदान करना।
- **विशेष** – कुल 10 सत्रों में लगभग 50 साहित्यकारों ने भाग लिया।
- **कुछ प्रसिद्ध सत्र** –
  - ✓ **लक्ष्मीकुमारी चुण्डावत :** राजस्थानी भासा मायं महिला लेखन री कूंत
  - ✓ **सीताराम लालस :** भासा री रमझोळ-कुण सी राजस्थानी




## 25वाँ राष्ट्रीय दिव्य कला मेला, 2025

- **आयोजन** – नगर निगम टाउन हॉल परिसर, उदयपुर
- **उद्घाटन** – राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा
- **अवधि** – 21-30 मार्च तक।
- **सहभागिता** – केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग एवं नेशनल दिव्यांग फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा।
- **विभाग** – सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
- **उद्देश्य** – दिव्यांगजनों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी, उद्यमिता एवं उन्हें मंच प्रदान करना।

## एफएमडी (खुरपका-मुंहपका रोग) टीकाकरण अभियान

- **शुरूआत** – पशुपालन विभाग द्वारा ''राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम'' के तहत् संचालित।
- **अवधि** – 18 मार्च-17 मई 2025 तक।
- **उद्देश्य** – राज्य के गौ तथा भैंस वंशीय पशुओं के लिए एफएमडी टीकाकरण, पशु ईयर टैगिंग, रजिस्ट्रेशन, डेटा संग्रहण आदि का **''इंद्राज भारत पशुधन ऐप''** पर अपडेट करना।
- **लक्ष्य** – अभियान के तहत् 2 करोड़ 32 लाख पशुओं के टीकाकरण के साथ प्रदेश को एफएमडी मुक्त बनाना।

## राजस्थान विधियाँ निरसन विधेयक, 2025

- **विधानसभा में ध्वनिमत से पारित** – 24 मार्च 2025
- **विशेष** – राजस्थान सूचना का अधिकार (निरसन) अधिनियम, 2006 को भी हटाया गया।

  **कारण** – पूरे देश में केन्द्र सरकार की विधियों के अनुरूप ही सूचना का अधिकार प्रभावी है।
- विधानसभा में ध्वनिमत से अप्रचलित 45 विधियों को निरस्त किया गया जिसमें – पंचायतीराज के 37, स्वायत्त शासन के 5, प्रशासनिक सुधार, कृषि, उद्योग विभाग की 1-1 विधि निरसन की गई।

*राजस्थान विधानसभा में निरसन (हटाई गई विधियाँ)*

| वर्ष | निरसन विधियाँ |
|---|---|
| 1954 | 31 |
| 1962 | 221 |
| 1997 | 303 |
| 2015 | 248 |
| 2023 | 123 |
| 2025 | 45 |

# पुरस्कार

## चैतन्य एम. सक्सेना

- **निवासी** – जयपुर
- **पुरस्कार** – भारत सरकार द्वारा **''राष्ट्रीय जीव दया, 2025''** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **उपलब्धि** – पशुकल्याण व पशुसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु।
- **श्रेणी** – स्कूल/संस्था/शिक्षण/बच्चे (18 वर्ष से कम उम्र)
- यह सम्मान सक्सेना को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित ''केन्द्रीय पशुपालन और डेयरी विभाग'' द्वारा प्रदान किया गया।

## श्री हरनारायण सोनी

- **निवासी** – ओसियां, जोधपुर
- **पुरस्कार** – भारत सरकार द्वारा **''प्राणी मित्र पुरस्कार, 2025''** से सम्मानित किया गया।
- **श्रेणी** – जीवनपर्यंत (आजीवन) पशु सेवा हेतु व्यक्तिगत रूप से।
- **उपलब्धि** – पशुकल्याण व पशु सेवा में उत्कृष्ट योगदान।
- यह सम्मान सोनी को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित ''केन्द्रीय पशुपालन और डेयरी विभाग'' द्वारा प्रदान किया गया।

## 13वें फतेहसिंह राठौड़ स्मृति वन्यजीव संरक्षण समारोह

- **आयोजन**– रणथम्भौर, सवाईमाधोपुर
- **कब** – 1 मार्च 2025 को फतेहसिंह की पुण्यतिथि पर
- **आयोजक** – ''टाइगर वॉच संस्था, रणथम्भौर''
- **उद्देश्य** – टाइगर संरक्षण एवं उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा संबंधी विषयों पर गहन चर्चा करना।
- **अवॉर्ड** – वन्यजीव संरक्षण हेतु पुरस्कार प्रदान किए गए।

***फतेहसिंह राठौड़***

- ***जन्म*** – *10 अगस्त 1938, मूलत: जोधपुर निवासी थे।*
- ***उपनाम*** – *''टाइगर मैन ऑफ इंडिया''*
- ***उपलब्धियाँ***–
  - *विश्व वन्यजीव कोष आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, 2011*
  - *अंतर्राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार, 1983*
  - *एस्सो पुरस्कार (पूर्व पीएम इंद्र कुमार गुजराल द्वारा)*
  - *'टाइगर प्रोजेक्ट' का भी हिस्सा रहे।*



## डॉ. कमलेश शर्मा

- **निवासी** – जयपुर
- **पुरस्कार** – 13वें फतेहसिंह राठौड़ स्मृति दिवस पर **''पीपल एंड नेचर सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवॉर्ड''** प्रदान किया गया।
- **प्रदत्त संस्था** – ''टाइगर वॉच संस्था'', रणथम्भौर द्वारा।
- **उपलब्धि** –
  - वन्यजीव एव पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य।
  - डॉ. कमलेश एक वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर भी है।
- वर्तमान में पुलिस मुख्यालय, जयपुर में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक पद पर कार्यरत।

## ''चौथे पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार''

- **प्रदत्त संस्था** – ''मुक्ति संस्था'' द्वारा।
- राजस्थानी युवा कथाकार डॉ. कप्तान बोरावड़ को उनके कथा संग्रह **''आंगणै री आस''** हेतु प्रदान करने की घोषणा की गई है।
- बीकानेर की कथाकार डॉ. कृष्णा आचार्य को उनके राजस्थानी कहानी संग्रह **''तिणका री भीत''** के लिए दिया जाएगा।
- अप्रैल को बीकानेर में होने वाले साहित्यिक समारोह में पुरस्कार प्रदान किये जाएँगे।

## किरण बाला

- **निवासी** – उदयपुर
- **पुरस्कार** – 24वें अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन, नेपाल में **''डॉ. खगेन्द्र ठाकुर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी गौरव सम्मान''** प्रदान किया गया।
- **उपलब्धि** – अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान। (पुस्तक-''किरण हूँ मैं'')
- वर्तमान में किरण बाला शिक्षा विभाग में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी

- **पुरस्कार** – ''वुमेन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, 2025'' इंडिया से सम्मानित।
- **प्रदत्त संस्था** – एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन (पटवा)
- **कहाँ** – ITB बर्लिन, जर्मनी में पूर्व पर्यटन मंत्री डॉ. एलन सेंटएन्ज द्वारा।
- **प्रतिनिधि** – दीयाकुमारी की ओर से पर्यटन विभाग के अधिकारी आनंद त्रिपाठी, उपेन्द्रसिंह शेखावत ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

## डॉ. रावत चौधरी

- **निवासी** – जोधपुर
- **सम्मान** – ''होम्योपैथिक पुरोधा सम्मान-2025''
- **उपलब्धि** – होम्योपैथिक चिकित्सा में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु।
- यह सम्मान दिल्ली में बर्नेट होम्योपैथी की ओर से आयोजित कॉन्फ्रेंस में दिया गया।

## श्रुति खंडेलवाल

- **निवासी** – जयपुर
- **पुरस्कार** – ''नारी तु नारायणी'' नारी शक्ति अवॉर्ड, 2025 से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान महिला एवं बाल विकास मंत्री मंजू बाघमार (राजस्थान सरकार) ने प्रदान किया।

## समर्थ जैन

- **निवासी** – जयपुर
- **पुरस्कार** – ''सर्वश्रेष्ठ आर्किटेक्ट और इंटीरियर डिजाइनर पुरस्कार, 2025'' से सम्मानित किया गया।
- **श्रेणी** – वर्ष 2025 की अभिनव भविष्यवादी, वास्तुकला और इंटीरियर और विश्वसनीय व रचनात्मक आर्किटेक्ट (उत्तर भारत)

## मुकुट मणिराज

- **निवासी** – कोटा
- **पुरस्कार** – ''राजस्थानी भाषा पुरस्कार, 2024'' से सम्मानित किया गया।
- **प्रदत्त संस्था** – साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय साहित्योत्सव' (5-12 मार्च) में प्रदान किया गया।
- **काव्यकृति** – 'गाँव अर अम्मा'



## राजस्थान रोडवेज को तीन श्रेणियों में पुरस्कार

- **प्रदत्त संस्था** – ''एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग, नई दिल्ली द्वारा''
- तीन श्रेणियों में **''रनर अप अवॉर्ड''** प्रदान किया गया।
  1. नेशनल पब्लिक बस ट्रांसपोर्ट अवॉर्ड
  2. राजस्थान रोडवेज रोड सेफ्टी अवॉर्ड
  3. नॉन ट्रैफिक रिवेन्यू एवं एम्पलाई प्रोडक्टिविटी अवॉर्ड (ग्रामीण)

***राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC)***

- ***मुख्यालय*** *– जयपुर*
- ***स्थापना*** *– 1 अक्टूबर 1964*
- ***ध्येय वाक्य*** *– ''शुभास्ते पन्थान: सन्तु''*
- ***कार्य*** *– इस स्वायत्तशासी निगम द्वारा राज्य और अन्य भारतीय राज्यों के बीच स्वयं की या अनुबंधित बसों के माध्यम से यातायात और परिवहन सेवाएँ प्रदान करना।*

## जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

- **चर्चा में** – परिचालन दक्षता बढ़ाने और यात्री अनुभव को बेहतर करने हेतु डिजीटल और ऑटोमेटेड प्रोजेक्ट्स हेतु तीन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।
- **पुरस्कार प्रदान** – CII (कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री) के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के 10वें संस्करण में।

| क्र.सं. | पुरस्कार श्रेणी | उपलब्धि |
|---|---|---|
| 1. | प्लेटिनम पुरस्कार | विमान नेविगेशन सुरक्षा के स्मार्ट निगरानी तंत्र विकसित करने हेतु। |
| 2. | स्वर्ण पुरस्कार | अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों हेतु वाई-फाई डिस्पेंसिंग सेवा हेतु। |
| 3. | कांस्य पुरस्कार | एयरपोर्ट के माहौल को बेहतर करने हेतु मोबाइल आधारित सुगंध प्रणाली का विकास। |

## साहित्य अकादमी राजस्थानी अनुवाद पुरस्कार, 2024

- **पुरस्कार विजेता** – डॉ. सोहनदान चारण
- **कृति** – 'भीलां रो भारथ' (गुजराती महाकाव्य)
- **'भीलां रो भारथ' के मूल लेखक** – भगवानदास पटेल
- पुरस्कार में ताम्रफलक व 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

## ईटी गवर्नमेंट डिजिटेक अवॉर्ड, 2025

- **विजेता** – राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन, जयपुर
- **उपलब्धि** –
  - ✓ कॉम्प्रिहेंसिव डिजिटल ऑक्सीजन रिसोर्स मैनेजमेंट हेतु।
  - ✓ ई-उपकरण सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑक्सीजन रिसोर्स का प्रबंध।

## 25वाँ आईफा अवॉर्डस, 2025

- **IIFA का पूरा नाम** – इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्डस
- **आयोजन स्थल** – जयपुर एक्जीविशन एंड कन्वेंशन (JECC) सेंटर, जयपुर
- **अवधि** – 8-9 मार्च तक।
- **थीम** – ''सिल्वर इज द न्यू गोल्ड''
- ***नोट*** *: राजस्थान के लोककलाकार कुटले खान (जैसलमेर) ने आईफा अवॉर्ड में तीन बार प्रस्तुति दी है। (2016, 2019, 2025)*

| पुरस्कार विजेता | | |
|---|---|---|
| **सर्वश्रेष्ठ** | **नाम** | **फिल्म** |
| अभिनेता | कार्तिक आर्यन | भूलभुलैया 3 |
| अभिनेत्री | नितांशी गोयल | लापता लेडीज |
| सहायक अभिनेता | रवि किशन | लापता लेडीज |
| सहायक अभिनेत्री | जानकी बोड़ीवाला | शैतान |
| निर्देशक | किरण राव | लापता लेडीज |
| पार्श्व गायक (पुरुष) | जुबिन नौटियल | दुआ-आर्टिकल-370 |
| पार्श्व गायिका (महिला) | श्रेया घोषाल | अमी जे तोमर 3.0, भूल-भुलैया 3 |
| फिल्म | लापता लेडीज (10 पुरस्कार जीते) | |




***IIFA अवॉर्ड्स***

- *प्रथम संस्करण – 24 जून 2000*
- *आयोजन – लंदन (यूनाइटेड किंगडम)*
- *सर्वश्रेष्ठ फिल्म – ''हम दिल दे चुके सनम''*
- *सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – अनुपम खेर*
- *सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री – युक्ता मुखे*

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी

## HIV पीड़ित महिलाओं का VIA तकनीक से इलाज

- **इलाज** – राज्य सरकार ने **ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस** (HIV) से संक्रमित महिलाओं की सर्विक्स कैंसर की स्क्रीनिंग सुविधा प्रारंभ की है।




- **तकनीक** – VIA (विजुअल इंस्पेक्शन विथ एसिटिक एसिड) तकनीक से जाँच करके खतरनाक स्थिति से बचाया जाएगा।
- **विशेष** – HIV पीड़ित महिलाओं की स्क्रीनिंग कर इलाज करने वाला ''राजस्थान देश का प्रथम राज्य बन गया है''।

***VIA तकनीक कार्यप्रणाली –***

- *VIA तकनीक से सर्वप्रथम स्क्रीनिंग की जाती है।*
- *फिर TAD (थर्मल एब्लेशन डिवाइस) से कैंसर सेल को 2-5 मिनट में खत्म किया जाता है।*
- *TAD में एक प्रोब होता है जो 100°C पर हीट करके उसको सर्विक्स में डाला जाता है। अत: कैंसर कोशिकाएँ खत्म हो जाती है।*

## राज्य का पहला ''सेंसर सपोर्ट टेक्नोलॉजी पुल''

- **कहाँ** – बांसवाड़ा में बनेगा।
- **लंबाई** – 906 मीटर, **लागत** – 105 करोड़
- **विशेषता** –
  - भूकंपरोधी, वाटरप्रूफ कंक्रीट
  - वेइर-रेसिस्टेंट केबल्स
  - डायनामिक लोड तकनीक का उपयोग
  - राज्य का पहला ऐसा हैंगिग ब्रिज जो 'सेंसर सपोर्ट टेक्नोलॉजी' पर कार्य करेगा।
  - माही एवं अनास नदियों के संगम पर स्थित ब्रिज है।
- **नोट:** राज्य का पहला हैंगिग ब्रिज कोटा में स्थित है।

## राजकॉप सिटीजन ऐप

- **संचालन** – राजस्थान पुलिस द्वारा।
- **उद्देश्य** – महिला सुरक्षा, ऑनलाइन शिकायत, किराएदारों व नौकरों के सत्यापन और आपातकालीन सेवाओं हेतु।
- **विशेषता** –
  - ऐप में SOS पैनिक बटन की सुविधा है जिस पर क्लिक करते ही 10-15 मिनट में पुलिस सहायता मिलेगी।
  - ऐप के तहत् प्रदेश में 1000 वाहन प्रत्येक समय आपातकालीन सहायता हेतु तैयार रहते हैं।

## राज्य का प्रथम कृत्रिम गर्भाधान प्लांट

- **घोषणा** – वर्ष 2025-26 राज्य सरकार के बजट में।
- **स्थापना** – बस्सी, जयपुर में।
- **सहयोग** – राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, भारत सरकार एवं RCDF राजस्थान सरकार द्वारा।
- **उत्पादन** – प्लांट में ''सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब'' में 10 लाख डोजेज प्रतिवर्ष उत्पादन होगा।

- **अनुदान** – दुग्ध उत्पादकों को प्रति डोज 75% का अनुदान दिया जाएगा।

### विज्ञान ज्योति प्रोग्राम

- **शुरूआत** - 2019-20 में केन्द्र सरकार द्वारा।
- **विभाग** – विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
- **उद्देश्य** – STEM (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स) में छात्राओं को कैरियर निर्माण हेतु प्रोत्साहित करना।
- **चर्चा में** – हाल ही में जारी रिपोर्ट में इसके क्रियान्वयन में **राजस्थान की चौथी रैंक** रही। (प्रथम-उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात)

## विविध

### RVUNL और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के मध्य समझौता

- **थर्मल पॉवर प्लांट** – 1600 मेगावाट क्षमता के दो प्लांट तेलंगाना में स्थापित किए जाएँगे।
- **बिजली वितरण** – 800-800 मेगावाट राजस्थान व तेलंगाना दोनों को मिलेगी।
- राजस्थान में 1500 मेगावाट का सोलर पार्क भी स्थापित किया जाएगा।

### गोबर गैस प्लांट, बस्सी (जयपुर)

- **स्थापना** – RCDF एवं सुजूकी द्वारा संयुक्त रूप से।
- **क्षमता** – 1500 किलोग्राम
- **संचालन** – सुजूकी द्वारा
- **समझौता** – जयपुर डेयरी, राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF), नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड, (NDDB), सुजूकी द्वारा।
- **विशेषता** –
  - राजस्थान में सहकारी क्षेत्र में स्थापित प्रथम प्लांट होगा।
  - आस-पास के गाँवों से 100 टन गोबर खरीदा जाएगा।
  - रियायती दरों पर जैविक खाद भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### राजस्थान-दक्षिण ऑस्ट्रेलिया जल सहयोग समझौता

- **आयोजन** – ऑस्ट्रेलिया इंडिया वाटर सेंटर में।
- **मुख्य अतिथि** – जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल एवं दक्षिण-ऑस्ट्रेलिया की वाटर ब्रांड एम्बेसडर कार्लिन मेवाल्ड।
- **विजन** – द्विपक्षीय साझेदारियों और अन्त: विषय दृष्टिकोणों के माध्यम से सतत् जल भविष्य, जल क्षेत्र में तकनीकी नवाचार, जल पुनर्चक्रण, जल प्रबंधन हेतु।

### कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान

- **उद्घाटन** – 8 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा में।
- **उद्घाटनकर्ता** – लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।
- **विशेष** – कॉन्स्टीट्यूशन क्लब का विधानसभा में निर्माण करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बना।
- **उद्देश्य** –
  - लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना एवं संवाद, सहमति और सुशासन स्थापित करना।
  - संवैधानिक आदर्शों (समानता, एकता, अखण्डता) को जन-जन तक पहुँचाना।

### ग्लोबल हैकाथॉन, 2025

- **आयोजन** – ग्लोबल हैकाथॉन (इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप कॉम्पिटीशन एण्ड नेशनल लेवल यूथ फेस्टिवल) ''साईट 2025'' जयपुर में हुआ।
- **अवधि** – 8-9 मार्च तक।
- **आयोजक** – शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन कुकस, जयपुर
- **उद्देश्य** – युवाओं में आत्मनिर्भर भारत की सोच के साथ नवीन स्टार्टअप व उद्यमिता विकसित करना।

### होली त्योहार

- **कब** – ''फाल्गुन मास पूर्णिमा'' (13 मार्च 2025)

***राजस्थान की प्रसिद्ध होलियाँ***

- *पत्थरमार होली – बाड़मेर*
- *डेगची मार होली – बीकानेर*
- *कोड़ामार होली – भिनाय (अजमेर)*
- *फूलों की होली – गोविंददेवजी (जयपुर)*
- *कानुड़ा गाँव का गैरनृत्य – बाड़मेर*
- *डोलची होली – पावटा गाँव, महवा (दौसा)*
- *बारूद की होली – मेनार, उदयपुर*

## राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2025

- **घोषणा** – राज्य स्तरीय निवेश उत्सव (राइजिंग राजस्थान इम्पेक्ट-1.0) में 31 मार्च 2025 को जयपुर में मुख्यमंत्री द्वारा।
- **उद्देश्य** – राज्यों में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देना, कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स लागत में कमी, राज्य को लॉजिस्टिक्स के रूप में स्थापित करना।
- **प्रावधान** –
  - वेयरहाउस, साइलो, कोल्ड स्टोरेज, इनलैण्ड कंटेनर डिपो, एयरफ्रेट स्टेशन, कार्गो टर्मिनल इत्यादि के लिए 5 से 50 करोड़ रुपये तक **इलिजिबल फिक्स्ड कैपिटल इन्वेस्टमेंट (EFCI)** की 25% तक कैपिटल सब्सिडी 10 वर्षों तक देने का प्रावधान।
  - **निजी मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क** और एकीकृत लॉजिस्टिक्स पार्क डेवलपर्स को 7 वर्षों तक 7% ब्याज अनुदान मिलेगा जिसकी वार्षिक सीमा 50 लाख रुपये होगी।
  - स्टाम्प ड्यूटी पर 75% छूट और 25% पुनर्भरण।
  - विद्युत ड्यूटी पर 7 वर्षों तक 100% छूट।
  - कन्वर्जन ऑफ लैंड चार्जेज पर 75% छूट और 25% पुनर्भरण।
  - मंडी फीस पर 7 वर्षों तक 100% पुनर्भरण।
  - युवा शक्ति में दक्षता एवं प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने हेतु कार्मिक प्रशिक्षण की कुल लागत का 50% पुनर्भरण (अधिकतम 4 हजार रुपये प्रति वर्कर, 6 माह तक) शामिल हैं।
  - तकनीकी उन्नयन हेतु ट्रक ट्रैकिंग उपकरणों की लागत पर प्रति ट्रक 2000 तक 50% पनर्भरण।
  - आगामी औद्योगिक क्षेत्रों में 10% भूमि लॉजिस्टिक्स सुविधाओं हेतु आरक्षित होगी।

## सुरक्षा सखी पखवाड़ा

- **संचालन** – राजस्थान पुलिस द्वारा।
- **आयोजन** – 16-31 मार्च तक।
- **उद्देश्य** –
  - ✓ महिलाओं पर हो रहे अपराधों की रोकथाम करना।
  - ✓ बालिकाओं को व्यक्तिगत आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देना।
  - ✓ बालिकाओं में सुरक्षात्मक जागृति पैदा करना।

## राजस्व मंडल, अजमेर

- **आदेश जारी** – राजस्व ग्राम घोषित करने के लिए मानदंड तय किए हैं।
  - ✓ सामान्य क्षेत्रों की आबादी हेतु = 200 परिवार
  - ✓ मरुस्थलीय व जनजातीय क्षेत्रों की आबादी हेतु = 150 परिवार।

### *राजस्व मंडल, अजमेर*



- ***स्थापना*** *– 12 अगस्त 1950*
- ***अधिनियम*** *– राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 द्वारा स्थापित।*
- ***राजस्व दिवस*** *– 15 अक्टूबर को काश्तकारी अधिनियम लागू होने के कारण राजस्व दिवस के रूप में मनाया जाता है।*
- ***पत्रिका का प्रकाशन*** *– राविरा*
- ***कार्य*** *– राजस्व मामलों के शीर्षस्थ न्यायालय और राजस्व प्रशासन के लिए प्रमुख नियामक और नियंत्रणर्ता के रूप में।*

## सवाई मानसिंह अस्पताल (SMS), जयपुर

- स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में 'राज्य का प्रथम' ''बोनमैरो ट्रांसप्लांट सेंटर'' बनाया जाएगा।

### *एसएमएस से संबंधित तथ्य*

- *राज्य का प्रथम हार्ट ट्रांसप्लांट सेंटर*
- *राज्य का प्रथम प्लाज्मा बैंक*
- *राज्य का प्रथम रोबोटिक लैब*
- *एयर एम्बुलेंस की शुरूआत*
- *सबसे ऊँचा ओपीडी टॉवर*
- *स्पोर्टस इंजरी विभाग की स्थापना*
- *जैनेटिक टेस्टिंग लैब स्थापित*

## श्री अन्न पर एक दिवसीय कार्यशाला

- **आयोजन** – 20 मार्च को कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा (जयपुर)
- खाद्य एवं पोषण सुरक्षा पौष्टिक अनाज योजना वर्ष 2024-25 के तहत् आयोजित हुई।

- **मिलेट्स (बाजरा)** –
  - ➢ राजस्थान बाजरे के क्षेत्रफल व उत्पादन में देशभर में प्रथम स्थान पर है।
  - ➢ भारत के कुल बाजरा उत्पादन में प्रदेश की लगभग 42% हिस्सेदारी है।
- **बाजरा समर्थन मूल्य में वृद्धि** –
  - ➢ 2014 = रुपये 1250/क्विंटल
  - ➢ 2024 = रुपये 2625/क्विंटल
  - ➢ समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीद (10 मार्च से शुरू)
    - ✓ भारत सरकार द्वारा घोषित गेहूँ का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल रुपये 2425 एवं ग्रीन बजट 2025-26 में राजस्थान सरकार ने रुपये 150 बोनस देकर अब कुल समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल रुपये 2575 मिलेगा।
- **राजस्थान में बाजरा उत्पादन** –

| वर्ष | उत्पादन |
|---|---|
| 2021-22 | 43.13 लाख टन |
| 2022-23 | 59.18 लाख टन |
| 2023-24 | 43.82 लाख टन |

## राजस्थान परिवहन अपडेट

- सड़कों की कुल लम्बाई = 317121 किमी.
- कुल सड़क घनत्व = 92.66/100 वर्ग किमी.
- राष्ट्रीय राजमार्गों (NH) की कुल संख्या = 52
- राज्य राजमार्गों (SH) की कुल संख्या = 192
- NH की कुल लम्बाई = 10790 किमी.
- SH की कुल लम्बाई = 17376 किमी.
- सबसे लम्बा NH = NH 52 (793.5 किमी.)
- ऐसा जिला जिसमें एक भी NH नहीं हैं = सलूम्बर

## मंजीरा, तेरहताली नृत्य कार्यक्रम



- **आयोजन** – रामकृष्ण मिशन परिसर, जयपुर (20 मार्च)
- **आयोजक** – राजस्थान डेल्फिफ कार्उंसिल एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में।
- **तेरहताली की नृत्यांगनाएँ** – कैलाशीबाई, सोहनीबाई, कुसुमबाई, कंचनबाई।

## विश्व टी.बी. दिवस, 2025

- **कब** – 24 मार्च को (24 मार्च 1882 को डॉ. रॉबर्ट कोच ने टी.बी. के बैक्टीरीया (माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस) का पता लगाया था।
- **थीम 2025** – "यस! वी केन एंड टी.बी: कमिट, इनवेस्ट, डिलिवर" ( "Yes! We Can End TB: Commit, Invest, Deliver".)
- **राजस्थान विशेष** –
  - ✓ इस दिवस पर राजस्थान को **'टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत अभियान'** व टी.बी. उन्मूलन हेतु देश भर में नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने **'तीसरे स्थान'** पर रहने के लिए **'राष्ट्रीय पुरस्कार'** प्रदान किया गया है।
  - ✓ यह पुरस्कार राज्य की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ एवं एनएचएम मिशन की निदेशक भारती दीक्षित द्वारा ग्रहण किया गया।
  - ✓ वर्ष 2024 में टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतें कुल 3355 घोषित की गई।

## राजस्थान दिवस विशेष

- **कब** – 30 मार्च 2025, को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य पर प्रतिवर्ष मनाया जाएगा।
- **विशेष** –
  - ➢ भारतीय सांस्कृतिक गौरव की स्मृतियाँ समेटे हुए भारतीय नववर्ष (संवत्सर) "चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, युगाब्द् 5127, विक्रम संवत् 2082 तदनुसार रविवार, 30 मार्च 2025 को प्रारंभ हो रहा है।
  - ➢ 30 मार्च 1950 को वृहद् राजस्थान भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया।




- **राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन** 25 से 31 मार्च तक किया जाएगा जिसमें –

- ✓ 25 मार्च – मातृवंदन ''महिला सम्मेलन'' बाड़मेर
  **थीम : समर्थ महिला–समृद्ध राजस्थान**
- ✓ 26 मार्च – किसान सम्मेलन एवं FPO, बीकानेर
  **थीम : सशक्त किसान–समृद्ध राजस्थान**
- ✓ 27 मार्च – गरीब एवं अंत्योदय, भरतपुर
  **थीम : अंत्योदय कल्याण–खुशहाल राजस्थान**
- ✓ 28 मार्च – सुशासन समारोह, भीलवाड़ा
  **थीम : विकसित राजस्थान–समृद्ध राजस्थान**
- ✓ 29 मार्च – युवा एवं रोजगार उत्सव, कोटा
- ✓ 30 मार्च – सांस्कृतिक कार्यक्रम, जयपुर
- ✓ 31 मार्च – निवेश उत्सव, जयपुर
  **थीम : निवेश में कीर्तिमान–राइजिंग राजस्थान**

❒ इस दिवस के उपलक्ष्य पर सरकार **GYAN (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति)** की अवधारणा को प्राथमिकता दे रही है।

## वेस्ट टू वंडर पार्क

❒ **निर्माण** – नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा।

❒ **कहाँ बनेगा** – मानसरोवर डी-पार्क, जयपुर

❒ **उद्देश्य** – अनुपयोगी वस्तुओं से विभिन्न कलाकृतियाँ बनाकर उपयोगी वस्तुओं में बदलना।

## राज्य स्तरीय कंज्यूमर केयर डायलॉग

❒ **आयोजन** – राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर

❒ **उपलक्ष्य** – 15 मार्च, विश्व उपभोक्ता दिवस पर

❒ **नवाचार** – उपभोक्ता जागृति सप्ताह (15-21 मार्च, 2025) का शुभारंभ किया गया।

❒ **विभाग** – उपभोक्ता मामले विभाग, राज्य सरकार

## मिशन अमृत सरोवर

❒ **घोषणा** – 24 अप्रैल 2022

❒ **उद्देश्य** – देश के प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण करना।

❒ **कुल निर्मित अमृत सरोवर** – 68841

❒ **अग्रणी राज्य** – उत्तर प्रदेश (16630 अमृत सरोवर)

❒ **राजस्थान की स्थिति** –

- ➢ 3138 अमृत सरोवर निर्माण के साथ देश में चौथे स्थान पर हैं।
- ➢ राजस्थान के प्रगतिशील जिले – बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, पाली, उदयपुर

## स्टील बर्तन बैंक

❒ **शुभारंभ** – शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री श्री मदन दिलावर द्वारा।

❒ **कहाँ** – खैराबाद पंचायत समिति रामगंज मंडी, कोटा में

❒ **विशेष** – यह राजस्थान का पहला विधिवत रूप से शुरू स्टील बर्तन बैंक होगा।

❒ **उद्देश्य** – पंचायत समिति को डिस्पोजल आइटम फ्री एवं प्लास्टिक बर्तनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना है।

❒ **प्रेरणा** – पचेरी, झुंझुनूं से प्रेरित होकर ''प्लास्टिक मुक्त राजस्थान'' के क्रम में राज्य सरकार द्वारा बर्तन बैंक मिशन को प्रदेशव्यापी अभियान के रूप में लॉन्च किया जा रहा है।

## राजस्थान आईटी दिवस, 2025

❒ **आयोजन** – राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर

❒ **अवधि** – 27-28 मार्च

❒ **विभाग** – सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

❒ **उद्देश्य** – युवाओं, स्टार्टअप्स, निवेशकों, कॉर्पोरेट्स, भागीदारों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी प्रतिनिधियों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना।

**नवाचार** – पैनल चर्चाएँ, पिच बैटल, स्टार्टअप बाजार, एक्सपो, क्षमता निर्माण, कार्यशालाएँ, गैम जैम, AVGC-XR, प्रतिभा प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा।

## हाल ही में घोषित पैनोरमा

❒ तेजाजी महाराज – सुरसुरा/सुरपुरा, अजमेर

❒ हड़बूजी सांखला – बेंगटी, जोधपुर

❒ श्रीगोगादेव जी राठौड़ – सेखाला, जोधपुर

❒ जीणमाता – रेवासा, सीकर

❒ राज्य के पहले ''राष्ट्रीय सेवा योजना'' पैनोरमा का उद्घाटन – बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर।

❒ संत सदाराम जी महाराज – गुहड़ा, जैसलमेर

## राजस्थान हाईकोर्ट में जजों की संख्या 38 हुई

❒ **नई नियुक्ति** – केन्द्र सरकार ने राजस्थान हाईकोर्ट में वकील कोटे से 04 नए जजों की नियुक्ति की।

1. आनंद शर्मा, जयपुर
2. सुनील बेनीवाल, जोधपुर
3. मुकेश राजपुरोहित, जोधपुर
4. संदीप शाह, जोधपुर

- **वर्तमान स्थिति** – नई नियुक्तियों के बाद हाईकोर्ट ने जजों की संख्या 34 से बढ़कर अब 38 हो गई है एवं 12 पद अभी भी रिक्त हैं।

***राजस्थान उच्च न्यायालय***

- ***उद्घाटन*** – *29 अगस्त 1949 को जयपुर में सवाईमान सिंह द्वारा किया गया।*
- ***शुरूआत में न्यायाधीश*** = *12 (1+11)*
- ***वर्तमान में स्वीकृत न्यायाधीशों के पद*** = *50*
- **मुख्य पीठ** – जोधपुर
- ***प्रथम मुख्य न्यायाधीश*** – *कमलकांत वर्मा*
- ***वर्तमान मुख्य न्यायाधीश*** – *मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव (42वें, 6 फरवरी 2024 को नियुक्ति हुई)*

# राजस्थान खेल

## हर्षिता जाखड़

- **निवासी** – गंगानगर
- **खेल** – साइक्लिंग
- **चर्चा में** – निलेई, मलेशिया में आयोजित ''जूनियर एशियन ट्रैक साइक्लिंग'' में हर्षिता ने चार पदक जीते (2 रजत, 2 कांस्य)
- **विशेष** – नई दिल्ली में 21 से 26 फरवरी 2025 को आयोजित 43वीं सीनियर व 30वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता (1 रजत 2 कांस्य) पदक जीते। (इसमें भारत का प्रतिनिधित्व किया था)

## कृष्णा नागर



- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – बैडमिंटन
- **खेल कैटेगरी**–SH-6 (पैरा-खिलाड़ी)
- **चर्चा में** – स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में 3 पदक जीते।
  1. मिक्स्ड डबल्स (स्वर्ण पदक)
  2. मेंस डबल्स (रजत पदक)
  3. मेंस सिंगल्स (कांस्य पदक)

***मुख्य उपलब्धियाँ***

- *2020 टोक्यो पैरालम्पिक – स्वर्ण पदक*
- *विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप – स्वर्ण पदक*
- *2021 में खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित।*

## अनीता चौधरी

- **निवासी** – निवाई गाँव, नवलगढ़ (झुन्झनूं)
- **खेल** – पैरा रोइंग
- **चर्चा में** – भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित 42वीं पैरा रोईंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 'स्वर्ण पदक' हासिल किया।

## पानी देवी गोदारा



- **निवासी** – अणखीसर गाँव, नोखा, बीकानेर
- **खेल** – 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, तश्तरी फेंक
- **चर्चा में** – 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता (4-9 मार्च, बैंगलुरू) में 90 प्लस आयु वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते (100 मीटर दौड़, गोलाफेंक, तश्तरी फेंक)
- 90 वर्षीय पानी देवी गोदारा करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व
  - **प्रतियोगिता** – एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप
  - **तारीख** – सितम्बर 2025
  - **स्थान** – इंडोनेशिया
- **विशेष** – 45वीं राष्ट्रीय मॉस्टर्स प्रतियोगिता, बैंगलुरू में राजस्थान का प्रदर्शन = स्वर्ण पदक = 8, रजत = 4, कांस्य = 4

## सुनीता धोबी



- **निवासी** – अजमेर
- **खेल** – पॉवर लिफ्टिंग (पैरा खिलाड़ी)
- **खेल कैटेगरी** – 79 किलोग्राम भार वर्ग
- **चर्चा में** – 22वीं सीनियर पैरा पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप (16-18 मार्च, 2025) ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में कांस्य पदक जीता।

- **चयन** – दूसरी खेलो इंडिया पैरा चैम्पियनशिप (21-26 मार्च) नई दिल्ली हेतु।
- **उपलब्धि** – सुनीता अब तक पैरा पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में 3 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य पदक जीत चुकी हैं।

## सोनिया ओड

- **निवासी** – उदयपुर
- **खेल** – कुश्ती (59 किलोभार भार वर्ग)
- **चर्चा में** –
  - हाल ही में पंजाब में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।
  - 2023 में अंडर-23 में भी राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता था।
- **विशेष** – उदयपुर की किसी महिला पहलवान का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में पहला स्वर्ण पदक है।
- राजस्थान कुश्ती संघ के वर्तमान अध्यक्ष राजीव दत्ता हैं।

## 27वीं जूनियर मिस्टर राजस्थान बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप

- **आयोजन** – जयपुर
- **जूनियर मिस्टर राजस्थान का खिताब** – हाशिम अंसारी
- **रनर अप** – हर्षवर्धन (अजमेर)
- **फर्स्ट रनर अप** – ध्रुवराज (कोटा)
- राजस्थान बॉडी बिल्डिंग संघ के वर्तमान अध्यक्ष – नवीन यादव

## अखिल भारतीय विश्वविद्यालय वुशू प्रतियोगिता

- **आयोजन** – चंडीगढ़ में
- **राजस्थान विश्वविद्यालय की वुशु टीम का प्रदर्शन**–
  - कुल 8 पदक जीते।
  - स्वर्ण पदक – मनोज चितोड़िया, ईश्वरसिंह
  - रजत पदक – छवि कंवर
  - कांस्य पदक – भानुप्रताप पारीक, चारू शर्मा, किशन, प्रेमसिंह, पूजा चारण

## राज्यस्तरीय एथलेटिक्स मीट, 2025

- **आयोजन** – केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, फतेहपुरा, जयपुर
- **आयोजक** – गृह रक्षा विभाग, जयपुर
- **विजेता** – जयपुर संभाग की 20 सदस्यीय टीम ने 16 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 22 पदकों के साथ चैंपियनशिप का खिताब जीता।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स, 2025

- **आयोजन** – नई दिल्ली में
- **राजस्थान का प्रदर्शन** – निशानेबाजी (राइफल और पिस्टल) स्पर्धा में 9 पदक के साथ राजस्थान 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस' रहा। (द्वितीय स्थान-उत्तर प्रदेश, तृतीय स्थान-महाराष्ट्र)

| राजस्थान का नेतृत्व | उपलब्धि |
|---|---|
| शमीम अहमद | शेफ-डी-मिशन |
| चंद्रशेखर | राइफल कोच |
| नवदीप सिंह | पिस्टल कोच |
| अवनि लेखरा, मोना अग्रवाल, रूद्राक्ष खंडेलवाल, निहालसिंह | स्वर्ण पदक |
| मोना अग्रवाल | रजत पदक (2) |
| विजयसिंह कुंतल, राहुल शर्मा, रूद्राक्ष खंडेलवाल | कांस्य पदक |

## RCA (राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन, जयपुर)

- **चर्चा में** – RCA ने **'अभिमान अवॉर्ड'** की घोषणा की है।
- **RCA एडहॉक कमेटी** – खिलाड़ियों की पेंशन पुन: शुरू करने का फैसला लिया गया।

| क्र.सं. | अभिमान अवॉर्ड | घोषित नाम | |
|---|---|---|---|
| | | पुरुष | महिला |
| 1. | हनुमानसिंह (सीनियर) | महिपाल लोमरोर | सुमन मीणा |
| 2. | सलीम दुर्रानी (U-23) | मोहित छांगरा | ऊषा परेरिया |
| 3. | किशन रूंगटा (U-19) | जतिन सैनी | मैना सियोल |
| 4. | लक्ष्मणसिंह (U-16) | यथार्थ भारद्वाज | धृति माथुर |
| 5. | बेस्ट एमर्जिंग प्लेयर | कार्तिक शर्मा | आयुषी गर्ग |
| 6. | लाइफटाइम अचीवमेंट | कमल मोरारका, अशोक ओहरी, राजेन्द्र राठौड़, राकेश अग्रवाल (मरणोपरांत) | |

*सुंदर लाल मथुरिया*

- *वरिष्ठ खेल पत्रकार रहे।*
- *हाल ही में RAC ने "लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार" देने की घोषणा की है।*
- *मथुरिया ने 60, 70 और 80 के दशक में खेल पत्रकारिता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।*
- *मथुरिया का संबंध 1973 तक राजस्थान पत्रिका से रहा।*

### सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर

- **चर्चा में** – यहाँ खेलो इंडिया स्टेट एक्सीलेंस सेंटरों की स्थापना की जाएगी।
- **कौन-कौन से खेल** – एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, आर्चरी (तीरंदाजी)
- **समझौता** – राजस्थान राज्य स्पोर्टस कार्उसिल एवं भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI)

### राजस्थान सचिवालय क्रिकेट टीम

- **चर्चा में** – नई दिल्ली (भारत नगर स्टेडियम) में आयोजित "अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट प्रतियोगिता" के फाइनल मैच में नई दिल्ली को पराजित कर राजस्थान सचिवालय टीम विजेता रही।
- **कप्तान** – राष्ट्रदीप यादव
- **विशेष** – राजस्थान सचिवालय क्रिकेट टीम ने इतिहास में पहली बार इस टूर्नामेंट को जीता है।

### सुंदरकांति जोशी महिला क्रिकेट अवॉर्ड, 2024

- **प्रदत्त संस्था** – राधा निवास क्रिकेट क्लब द्वारा।
- **पुरस्कार वितरण समारोह** = 3 अप्रैल (सुंदरकांति जोशी के जन्म दिवस पर)
- **अवॉर्ड चयन समिति** – योगेश माथुर, देवेंद्रपाल सिंह, गंगोत्री चौहान, सुल्तान खान, अंजुलता शर्मा
- **सीनियर वर्ग** – कौशल्या चौधरी
- **जूनियर वर्ग** – मैना सियोल
- **सब जूनियर वर्ग** – धृति माथुर
- **लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड** – सोनिया बिजावत (अजमेर)

**नोट :** राधा निवास क्रिकेट क्लब द्वारा "बॉयज कैटेगरी" में मथुरादास माथुर अवॉर्डस भी प्रदान किया जाता है।

### 7वीं राज्य स्तरीय पैरा पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता

- **आयोजन** – जयपुर

| खिलाड़ी | खेल कैटेगरी | पदक विजेता |
|---|---|---|
| मिलन कुमार श्रीवास्तव, जोधपुर | 97 किग्रा भार वर्ग | स्वर्ण |
| शानू पाटोदिया, जयपुर | 45 किग्रा भार वर्ग | स्वर्ण |
| पवन काहर, अजमेर | 49 किग्रा भार वर्ग | स्वर्ण |
| भव्य सैनी, अलवर | 88 किग्रा भार वर्ग | स्वर्ण |

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- पुलिस बलों के बीच खेलों को बढ़ावा देने हेतु "कॉमनवेल्थ पुलिस स्पोर्ट्स यूनियन" का गठन किया जाएगा।
- राजस्थान सरकार "तहसील स्तर पर शहीद स्मारक" बनाएगा जिसकी घोषणा सैनिक कल्याणमंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने की।
- राजस्थान में वर्तमान में 357 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित है।
- **देवसोमनाथ मंदिर** – 12वीं शताब्दी में बिना ईंट, सीमेंट, रेत से बना मंदिर डूंगरपुर में स्थित है।
- माहीनदी को लूणी नदी से जोड़ने के लिए पश्चिमी राजस्थान नहर परियोजना की फिजिबिलिटी रिपोर्ट का कार्य केन्द्र सरकार के उपक्रम "वेपकॉस" द्वारा किया जा रहा है।
- जयपुर की लेखिका व अनुवादक भाग्यम शर्मा को तमिल अनुवाद के लिए "डॉ. गार्गी गुप्त अनुवाद श्री सम्मान" दिया गया।
- हाड़ौती का "दूसरा मदर मिल्क बैंक कोटा" में स्थापित किया जाएगा।
- बीकानेर, उदयपुर में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा "विवाह पूर्व परामर्श केन्द्र" (तेरे मेरे सपने) स्थापित किया जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "लाडो प्रोत्साहन योजना" की राशि 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख की गई।
- देवलगढ़, राजसमंद के प्रसिद्ध कलाकार रणजीत सिंह चौहान विदेशों में 'वॉलपेंटिंग' के लिए चर्चा में रहे।

- बीकानेर थियेटर फेस्टिवल में ''निर्मोही नाट्य सम्मान'' नानक हिंदुस्तानी को दिया गया।
- राज्य का ''प्रथम स्टेट स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट'' जोधपुर में बनाया जा रहा है।
- नवजात शिशु मृत्युदर में कमी और सुरक्षित प्रसव सेवाएँ सुनिश्चित हेतु संकल्प प्रोजेक्ट डूंगरपुर जिले से शुरू किया गया।
- हाल ही में 700 मेगावाट की परमाणु बिजलीघर की 7वीं इकाई पहली बार रावतभाटा चित्तौड़गढ़ में स्थापित की जाएगी।
- आईआईटी कानपुर द्वारा जयपुर की 2 स्कूलों (विद्याधर नगर, मानसरोवर) को विकसित किया जाएगा।
- विश्व पशु कल्याण पुरस्कार, 2025 से राजस्थान की डॉ. संगीता भोवाल को सम्मानित किया गया।
- हाल ही में राजस्थान सरकार ने गौशालाओं एवं नंदी गौशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि 15% बढ़ाकर 50 रुपये प्रतिदिन किया गया।
- भारतीय सेना ने AIIMS जोधपुर के साथ ''भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना'' के तहत् समझौता किया है।
- हाल ही में 'सांसद रत्न पुरस्कार' से दिल्ली में डॉ. मन्नालाल रावत (सांसद-उदयपुर) को सम्मानित किया गया है।
- जयपुर की लेखिका-निर्देशक निधि सक्सेना की फिल्म ''सिक्रेट्स ऑफ माउंटेन सर्पेंट'' का वर्ल्ड प्रीमियर वेनिस फिल्म फेस्टिवल में किया गया।
- राइजिंग राजस्थान समझौते के तहत् राजस्थान रॉयल्स को क्रिकेट स्टेडियम (500 हेक्टेयर जमीन) 10,000 करोड़ की लागत से जयपुर में बनेगा।
- एक भारत - श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के तहत् 22 मार्च 2025 को राजभवन, जयपुर में बिहार, अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम का 39वाँ स्थापना दिवस मनाया गया।
- राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियाँ (संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित जिसमें राज्य के 33 वित्तपोषित विश्वविद्यालयों में कुलपति एवं प्रतिकुलपति के पदनामों में बदलाव कर इन्हें क्रमश: ''कुलगुरु एवं प्रतिकुलगुरु'' किया गया तथा अंग्रेजी पदनाम पूर्ववत् रहेंगे।
- शाकाहारी वन्यजीवों के लिए ''फूडबैंक का स्पेशल जोन'' कोटा में बनाया जाएगा।
- राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, नई दिल्ली ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक दीक्षा एवं शिष्योपयन संस्कार समारोह में वैध बनवारी लाल गौड़ को लाइफ टाइम अवॉर्ड से सम्मानित किया।
- 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन 21 मार्च, 2025 को केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर में किया गया।
- मुख्यमंत्री द्वारा CNG और PNG पर वैट दर 10% से घटाकर 7.5% करने की घोषणा की।
- RAS 2024 प्रारंभिक परीक्षा पास कर चुकी जनजातीय वर्ग की छात्राओं को नि:शुल्क भोजन एवं आवास की सुविधा ''जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग'' राजस्थान सरकार करेगा।
- खनन विभाग, में वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट एवं खनन प्रबंधन हेतु ड्रोन तकनीक का उपयोग को लेकर 19 मार्च, 2025 को RIC जयपुर में कार्यशाला का अयोजन हुआ।
- माटी कला से जुड़े कलाकारों को ''सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके उत्थान के लिए बजट घोषणा 2025-26 में 2000 इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूथने की मशीनें उपलब्ध करवाई जाएगी।
- जनजातीय क्षेत्र की योजनाओं का संचालन ''राजस्थान जनजातीय क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ लिमिटेड **(राजससंघ)**, उदयपुर'' द्वारा किया जा रहा है। इसकी स्थापना 27 मार्च 1976 को की गई थी।
- सिलवणी ग्राम, सिरोही (ग्रामीण) को ''लाल मिर्चों वाला गाँव'' कहा जाता है।
- काजीपुरा लेपर्ड सफारी का संचालन अजमेर में होगा।
- महाराणा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टर ऑफ साइंस (ऑनेरिस कॉसा) की मानद उपाधि सुनीता विलियम्स और रिचर्ड राबर्ट्स को प्रदान की गई।
- राजस्थान के ''बीच सॉकर खिलाड़ी अमित गोदारा'' का चयन भारतीय टीम में 'एएफसी बीच सॉकर एशियन कप 2025' थाईलैण्ड के लिए हुआ है।
- **मुकुल शर्मा** - जिला कलेक्टर, सीकर को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' योजना में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

- **लालिमा अभियान** – महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा विभाग द्वारा जायल उपखंड (नागौर) को ''एनिमिया मुक्त'' करना।
- **कुरजां महोत्सव, 2024** – फलौदी (17 मार्च, 2025)में जिला प्रशासन फलौदी एवं पर्यटन विभाग राजस्थान द्वारा मनाया गया।
- **लक्ष्या ज्याणी** – नशामुक्त गंगानगर अभियान की ब्रांड एम्बेसडर हैं, 5 वर्षीय लक्ष्या को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ''पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना'' के तहत व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला।
- एयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट, 2024 में राजस्थान के शामिल शहर – गंगानगर, हनुमानगढ़, भीवाड़ी है।
- देशी पशुओं के संरक्षण हेतु उत्कृष्टता केन्द्र पाली में बनेगा जिससे देशी पशुओं का संरक्षण व संवर्द्धन होगा।
- पैरा शूटर अनीता कुमारी ने खेलो इंडिया गेम्स, 21-25 मार्च, 2025 में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला पैरा वर्ग में कांस्य पदक जीता।
- 18वें IPL सीजन 2025 में राजस्थान के 11 खिलाड़ी अलग-अलग टीमों से खेल रहे हैं (रवि विश्नोई, दीपक चाहर, राहुल चाहर, खलील अहमद, दीपक हुड्डा, महिपाल लोमरोर, कमलेश नागरकोठी, मानक सुथार, अकाश सिंह, कुणाल सिंह, अशोक शर्मा)
- लोकमत मीडिया समूह द्वारा स्थापित ज्येष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहर लाल दर्डा स्मृति लोकमत पत्रकारिता पुरस्कार 26 मार्च, 2025 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में प्रदान किए गए जिसमें जीवन गौरव पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा को तथा 2016-17 हेतु बालमुकुन्द ओझा, जयपुर एवं 2017-18 हरिओम शर्मा, जयपुर तथा 2023-24 अवधेश आकोदिया, जयपुर व मेघा जैन को दिया गया।
- प्रदेश का पहला ''औद्योगिक-अकादमिक'' सम्मेलन **कोटा** में 25 मार्च, 2025 को राज्यपाल की अध्यक्षता में पर्यटन और आर्थिक विकास के अवसरों की चर्चा के साथ सम्पन्न हुआ।
- राजस्थान, पंजाब, जम्मू बॉर्डर पर 12 ''डी4-एंटी ड्रोन सिस्टम'' अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु तैनात किए गए हैं।
- दिव्यांगजनों के लिए राज्य सरकार ने ''समान अवसर नीति, 2025'' को मंजूरी दी है।
- राजीविका द्वारा आयोजित एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ''पधारो सा, सरस राज सखी जिला स्तरीय मेले का आयोजन 17-23 मार्च, 2025 को कुचामन सिटी में किया जाएगा।
- ''Run for Fit Rajasthan, 2025'' का आयोजन 29 मार्च, 2025 को अमर जवान ज्योति, जनपथ, जयपुर पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा किया गया।
- पर्यटन विभाग एवं राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में ''क्राफ्ट एंड फूड बाजार'' का आयोजन 29-30 मार्च को किया गया।
- सीकर के आसपुरा की 3 महिलाओं को डिजाइनिंग क्षेत्र में अवॉर्ड मिले जिनका संबंध जयपुर रग्स की ओर संचालित लूम्स पर कारपेट बुनाई का कार्य करने से हैं।
  1. धापली देवी को बेल्जियम में ''यूरोपियन प्रोडेक्ट डिजाइन अवॉर्ड'' मिला।
  2. विमला देवी ने 56 देशों के 5000 प्रतिस्पर्धियों के बीच ''जर्मन डिजाइनर अवॉर्ड'' जीता।
  3. सुंदरी देवी को चेन्नई में क्राफ्ट काउंसिल ऑफ इंडिया का ''कमला देवी अवॉर्ड'' मिला।
- बलोच संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु ''बलोची दस्ताक पुरस्कार'' से कर्नल (मानद) पार्वती जांगिड़, जोधपुर को सम्मानित किया गया।
- राज्य की पोटाश की पहली खदान को केन्द्र सरकार नीलामी करेगी। राज्य में पोटाश भण्डार मुख्यत: चुरू, बीकानेर, हनुमानगढ़, नागौर में हैं।
- जवाहर कला केन्द्र जयपुर में राजस्थानी सिनेमा महोत्सव सीजन-3 अवॉर्ड सेरेमनी में ''पं. इन्द्रस्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान'' मोहन सिंह कविया को दिया गया एवं बी.के. आदर्श स्मृति उत्कृष्ट फिल्म निर्माता सम्मान राज जांगिड़ तथा महिपाल स्मृति उत्कृष्ट नायक सम्मान श्रवण सागर को मिला।
- राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर तीन राज्य की युवतियों का चयन ''राष्ट्रीय युवा संसद'' के लिए हुआ।
  1. हर्षिता शर्मा, जयपुर
  2. मनीषा जोशी, बीकानेर
  3. रिंकी खातून, अलवर

- कोटा जिले की खैराबाद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चेचट के ऊँडवा गाँव में ''बालिका सैनिक स्कूल'' स्थापित किया जाएगा।
- राजस्थान कैडर के 1995 बैच के IAS अधिकारी राजीव सिंह ठाकुर को केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का सलाहकार नियुक्त किया है।
- प्रदेश की पहली फिल्म सिटी ''सुमेरपुर, पाली'' में बनाई जाएगी।
- राजस्थान की फिल्म ''रोमांस ऑफ राजस्थान'' को बेस्ट क्रिएटिव फिल्म अवॉर्ड, जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर मुम्बई में मिला।
- जयपुर में आयोजित (24-28 मार्च) ''फेडरेशन कप वुशु'' में राजस्थान ने जीते 5 स्वर्ण पदक सहित कुल 21 पदक। (5 स्वर्ण, 7 रजत, 9 कांस्य)
- जोधपुर के कृषि विश्वविद्यालय ने ''भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् से ''ए'' ग्रेड की मान्यता प्राप्त की।
- **अटल ई-गवर्नेंस स्टेट अवॉर्ड, 2025** - राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव (28 मार्च, 2025) के अवसर पर भीलवाड़ा में प्रदान किए गए। पाँच व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।
  1. श्री आलोक रंजन, जिला कलेक्टर (चित्तौड़गढ़)
  2. श्री अंकित कुमारसिंह, जिला कलेक्टर (डूंगरपुर)
  3. श्री के.के. पाठक, (शासन सचिव कार्मिक विभाग)
  4. श्री शरद कविराज (महानिदेशक साइबर क्राइम)
  5. श्री ओमप्रकाश (महानिदेशक बीकानेर रेंज)
- नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप ''भारतीय महिला रेलवे बॉक्सिंग'' टीम ने जीती। रेलवे टीम में खेली जयपुर की सोनिया और नूपुर ने स्वर्ण तथा रजनी ने कांस्य पदक जीते।
- जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री शर्मा ने 20 जिलों के 33% या इससे अधिक फसल खराबी वाले 5897 गाँवों को अभावग्रस्त घोषित किया था।
  1. सबसे कम अभावग्रस्त गाँव
     * बारां (1 गाँव)
     * सवाईमाधोपुर (2 गाँव)
  2. सबसे अधिक अभावग्रस्त गाँव
     * टोंक (865 गाँव)
     * बांसवाड़ा (817 गाँव)
- 28 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में इंडिया टूडे समूह द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह में राजस्थान पर्यटन विभाग को तीन श्रेणियों में माननीय केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

| तीनों श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार | | |
|---|---|---|
| 1. | आमेर किला | सर्वश्रेष्ठ विरासत गंतव्य |
| 2. | कुंभलगढ़ | सर्वश्रेष्ठ पर्वतीय गंतव्य |
| 3. | बीकानेर | सर्वश्रेष्ठ पाक-कला गंतव्य |

- जयपुर की गोल्फर ''शिक्षा जैन'' (14 वर्षीय) ने 25-27 मार्च तक हरियाणा के गुरुग्राम (आईटीसी क्लासिक गोल्फ क्लब) में आयोजित ''ग्रीन्स टु ग्लोरी जूनियर गोल्फ टूर्नामेंट में अपनी श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करके तीन प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया।
- हाल ही में ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित कार्यक्रम में ''राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान, 2025 का सम्मान डॉ. मीनाक्षी बोराणा को दिया गया।
- जयपुर में 20 करोड़ की लागत से ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स'' की स्थापना की जाएगी।
- **एग्री स्टैक योजना** के तहत् फार्मर आईडी (11 अंकों) बनाने में **राजस्थान टॉप जिले** डीडवाना-कुचामन, नागौर, कोटपूतली-बहरोड़ एवं अंतिम स्थान बीकानेर का रहा। फार्मर आईडी रजिस्ट्री में पीएम किसान के 81.13% पात्र लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कर **राजस्थान ने देश में प्रथम स्थान** प्राप्त किया। (द्वितीय-मध्य प्रदेश, तृतीय-आंध्र प्रदेश, चतुर्थ-महाराष्ट्र, पांचवाँ-गुजरात)
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उत्तर भारत के पहले ''विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट'' का उद्घाटन जयपुर में किया।
- हाल ही में ''अष्टभुजा देवी मेले'' का आयोजन बालेर (सवाई माधोपुर) में किया गया।

# 02 राष्ट्रीय परिदृश्य

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

- विश्व की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सोलर पहल।
- 10 मार्च 2025 तक पूरे देश में 10.09 लाख इंस्टालेशन पूर्ण।
- प्रत्येक घर को 100 पेड़ लगाने के बराबर कार्बन उत्सर्जन को कम करके जलवायु परिवर्तन शमन में योगदान करने में सक्षम बनाना।
- चंडीगढ़ और दमन और दीव ने अपने सरकारी भवन रूफटॉप सौर लक्ष्यों को 100% हासिल कर लिया है।

### 10,000वां एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन)

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार के भागलपुर में 24 फरवरी को पीएम-किसान की 19वीं किस्त जारी करने के अवसर पर 10,000वां FPO लॉन्च
- 10,000 FPO के गठन और संवर्द्धन के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत।

***10,000 एफपीओ के गठन और संवर्द्धन के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना***

- ***शुभारंभ*** *– 29 फरवरी 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।*
- ***अवधि*** *– वर्ष 2027-28 तक*
- ***बजट परिव्यय*** *– 6865 करोड़ रूपये*
- ***एफपीओं*** *– एफपीओ एक सामान्य नाम है जो कृषक उत्पादको के संगठन को संदर्भित करता है, जो कम्पनी अधिनियम के भाग IX A के तहत या संबंधित राज्यों के सहकारी समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत होता है और कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र के उत्पादन और विपणन में इकोनॉमी ऑफ स्केल के माध्यम से सामूहिक लाभ उठाने के उद्देश्य से बनाया जाता है।*
- *वर्तमान में देश में लगभग 30 लाख किसान एफपीओं से जुड़े है जिनमें से लगभग 40% महिलाएं है।*

### इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना

- 28 मार्च को केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा मंजूरी।
- **कुल वित्तपोषण** – 22919 करोड़ रुपये।
- **अवधि** – 6 वर्ष (1 वर्ष का जेस्टेशन पीरियड-प्रारंभ लेकर उत्पादन शुरू होने तक की अवधि)
- **उद्देश्य** – इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण परिस्थितिकी तंत्र में बड़े निवेश (वैश्विक/घरेलू) को आकर्षित करके एक मजबूत घटक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना, क्षमता और योग्यता विकसित करके घरेलू मूल्य संवर्द्धन (DVA) को बढ़ाना और भारतीय कंपनियों को वैश्विक मूल्य शृंखलाओं (GVC) के साथ एकीकृत करना।
- **लक्ष्य** –
  1. 59350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना।
  2. 456500 करोड़ रुपये का उत्पादन करना।
  3. 91600 व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार तथा अनेक अप्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन।

### भारत के समुद्र क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए प्रारम्भ की गई पहले

- केन्द्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) द्वारा प्रारम्भ।
  - **वन नेशन-वन पोर्ट प्रोसेस (ONOP)**
    - एक राष्ट्रव्यापी बंदरगाह मानकीकरण पहल।
    - **उद्देश्य** – भारत में बंदरगाह दस्तावेजीकरण को एकीकृत करना, परिचालन को सुव्यवस्थित करना तथा वैश्विक व्यापार दक्षता को बढ़ाना।
    - कुशल बंदरगाह संचालन के माध्यम से कार्बन फुटप्रिंट को कम करना।
    - ONOP प्रक्रिया के माध्यम से पहले कदम के रूप में मंत्रालय ने आव्रजन, पोर्ट हेल्थ आर्गेनाइजेशन और पोर्ट प्राधिकरणों के साथ दस्तावेजीकरण को मानकीकृत किया है, जिससे संचालन दस्तावेजों में 33% तक और बल्क कार्गो दस्तावेजों में 29% तक की कमी आई है।

➢ **सागर आंकलन (Sagar Ankalan)**
- वित्त वर्ष 2023-24 के लिए लॉजिस्टिक पोर्ट पर परफॉर्मेंस इंडेक्स (LPPI) द्वारा बल्क (डाई एंड लिक्विड) और कंटेनर श्रेणियों के अंतर्गत सभी प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहो का मूल्यांकन।
- **प्रमुख निष्पादक** – कार्गो हैंडलिंग, टर्नअराउंड समय, बर्थ आइडल टाइम, कंटेनर डवेल समय और शिप बर्थ डे आउटपुट।
- पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति के साथ संरेखित।

➢ **भारत ग्लोबल पोर्ट्स कंसोर्टियम**
- मजबूत बंदरगाह अवसंरचना विकसित करके लॉजिस्टिक को सुव्यवस्थित करना, आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना और निर्यात को बढ़ावा देकर 'मेक इन इंडिया' पहल का समर्थन करना।
- इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (संचालन) सागरमाला डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (वित्त) और इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (अवसंरचना विकास) जैसे विभिन्न हितधारको को एक साथ लाता है।

➢ **MAITRI (मैत्री)**
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और नियामक इंटरफेस के लिए मास्टर एप्लीकेशन।
- मैत्री लोगो का शुभारम्भ।
- मैत्री व्यापार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करेगा, नौकरशाही संबंधी आवश्यकताओं को कम करेगा और मंजूरी में तेजी लायेगा।
- मैत्री भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर (VTC) को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- यह पहल भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEEC) के साथ संरेखित है।

➢ **इंडिया मैरीटाइम वीक के आयोजन की घोषणा**
- 27 से 31 अक्टूबर तक नई दिल्ली में।
- वीक के दौरान वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन और सागरमंथन के दूसरे संस्करण का आयोजन।

## बसों और ट्रकों में हाइड्रोजन के इस्तेमाल के लिए पाँच पायलट परियोजनाएँ

- भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अन्तर्गत प्रारंभ।
- 5 पायलट परियोजनाओं में 37 वाहन (बस एवं ट्रक) और 9 हाइड्रोजन फ्यूल स्टेशन शामिल।
- देशभर में 10 अलग-अलग मार्गों पर परीक्षण।
- **कुल वित्तीय सहायता** – लगभग 208 करोड़ रुपये।
- **उद्देश्य** – परिवहन क्षेत्र में बसों और ट्रकों में ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग के लिए व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य प्रौद्योगिकियों का विकास और हाइड्रोजन फ्यूल स्टेशन जैसे सहायक बुनियादी ढाँचें का विकास करना।

*राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन*
- ***प्रारंभ*** *– 4 जनवरी 2023*
- ***अवधि*** *– वित्त वर्ष 2029-30 तक*
- ***कुल परिव्यय*** *– 19744 करोड़ रुपये*
- ***लक्ष्य*** *– वर्ष 2030 तक प्रतिवर्ष 5MMT ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन।*

## गोसमृद्धि

- केरल के एर्नाकुलम में प्रारंभ की गई पशु बीमा योजना (डेयरी किसानों और उसके मवेशियों-गाय और भैंस) के लिए।
- राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अन्तर्गत प्रारंभ।
- लगभग 65000 की कीमत वाले पशु के लिए सामान्य श्रेणी के किसानों के लिए बीमा प्रीमियम 1356 रुपये और SC/ST श्रेणी के लिए 774 रुपये हैं।
- 100 रुपये का प्रीमियम देने पर किसान को 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा।

## सूरत खाद्य सुरक्षा सैचुरेशन अभियान

- **शुभारंभ** – 7 मार्च को सूरत (गुजरात) के लिंबायत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।
- प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 2.3 लाख से अधिक लाभार्थियों को लाभ वितरण।

- **उद्देश्य** – राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को कवरेज सुनिश्चित करना।
- सूरत जिला प्रशासन का अभियान।
- अभियान के अंतर्गत सूरत जिला प्रशासन द्वारा 2.5 लाख से अधिक नए लाभार्थियों की पहचान।

## आदर्श महिला-हितैषी ग्राम पंचायत पहल

- **प्रारंभ** – 5 मार्च को पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायतों पर राष्ट्रीय सम्मेलन में।
- **उद्देश्य** – देश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श ग्राम पंचायत स्थापित करना जो महिलाओं और लड़कियों दोनों के अनुकूल हों।
- पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण के लिए 770 आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायतों (प्रत्येक जिले में एक) के चयन की घोषणा।
- 8 मार्च को सभी ग्राम पंचायतों में महिला ग्राम सभा का आयोजन।
- आदर्श महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों की प्रगति की निगरानी के लिए एक रियल टाइम डैशबोर्ड।
- वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम।

## सशक्त पंचायत – नेत्री अभियान

- **शुभारम्भ** – 4 मार्च को पंचायतों की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान विज्ञान भवन, नई दिल्ली में।
- **नोडल मंत्रालय** – पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार।
- **उद्देश्य** – पूरे देश में पंचायती राज संस्थाओं की महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए क्षमता निर्माण हस्तक्षेप को मजबूत करना।

## पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) में संशोधन

- **प्रारंभ** – वर्ष 2022 से।
- इस योजना के तीन घटक हैं-
  - (i) राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NADCP)
  - (ii) पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण (LH&DC)
  - (iii) **पशु औषधि** – नया जोड़ा गया घटक
    - ✓ अच्छी गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेटिक पशु चिकित्सा दवा और दवाओं की बिक्री के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- **कुल परिव्यय** – दो वर्षों 2024-25 और 2025-26 के लिए 3880 करोड़ रुपये।

## सागरमाला स्टार्टअप इनोवेशन इनिशिएटिव (S2I2)

- चौथी राष्ट्रीय सागरमाला शीर्ष समिति की बैठक के दौरान शुभारंभ।
- **नोडल मंत्रालय** – केन्द्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय।
- **उद्देश्य** – ग्रीन शिपिंग, स्मार्ट पोर्ट, समुद्री रसद, जहाज निर्माण प्रौद्योगिकी और सतत तटीय विकास जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप को सशक्त बनाना।
- फंडिंग, मेंटरशिप और उद्योग भागीदारी।

## संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन

- 19 मार्च को केन्द्र सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 के दौरान 3400 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को मंजूरी।
- मिशन में दो नई गतिविधियाँ जोड़ी गई हैं-
  - (i) कुल 15000 बछियों के लिए 30 आवासीय सुविधाओं के निर्माण के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों को बछिया पालन केन्द्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत लागत का 35% एकमुश्त सहायता।
  - (ii) किसानों को हाई जेनेटिक मेरिट (HGM) आईवीएफ बछिया खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना ताकि ऐसी खरीद के लिए दूध संघो/वित्तीय संस्थानों/बैंकों से लिए गए ऋण पर 3% ब्याज अनुदान दिया जा सके।
- **लक्ष्य** –
  - ➢ दुग्ध उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाना।
  - ➢ 8.5 करोड़ डेयरी किसानों की आजीविका में सुधार करना।

- *राष्ट्रीय गोकुल मिशन के क्रियान्वयन और सरकार के अन्य प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में दूध उत्पादन में 63.55% तथा उत्पादकता में 26.34% की वृद्धि हुई है।*
- *प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता वर्ष 2013-14 के 307 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 471 ग्राम प्रतिदिन हो गई है।*

## केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कम मूल्य वाले भीम यूपीआई (P2M) लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी

- छोटे व्यापारियों की श्रेणी से संबंधित 2000 रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15% की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।
- **कुल परिव्यय** – 1500 करोड़ रुपये।

## संशोधित राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDP)

- 19 मार्च को केन्द्र सरकार द्वारा मंजूरी।
- केन्द्रीय क्षेत्र योजना।
- **कुल परिव्यय** – 2790 करोड़ रुपये (15वें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए), **अतिरिक्त परिव्यय** – 1000 करोड़ रुपये।
- **लक्ष्य** – पूर्वोत्तर क्षेत्र में 10,000 नई डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना।
- 2 नई दूध उत्पादक कंपनियों का गठन।
- 3.2 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर, विशेष रूप से महिलाओं को लाभ (डेयरी कार्यबल का 70% हिस्सा)

## एसईसीएल के सुश्रुत पहल

- भारत सरकार के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) पोर्टल पर सूचीबद्ध होने वाली कोयला मंत्रालय के किसी भी कोयला पीएसयू की पहली और एकमात्र CSR योजना।
- राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) की तैयारी कर रहे 40 छात्रों (छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कोयला बेल्ट के छात्र) को मुफ्त मेडिकल कोचिंग।

- *भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में 20 मार्च 2025 तक एक बिलियन टन कोयले का उत्पादन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।*

## जल शक्ति अभियान : कैच द रेन-2025

- **प्रारंभ** – 22 मार्च को विश्व जल दिवस पर पंचकूला, हरियाणा से।
- भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और हरियाणा सरकार के सहयोग से।
- **थीम** – जल संचयन जन भागीदारी : जन जागरूकता की ओर।
- देश के 148 जिलों पर ध्यान केन्द्रित।
- **उद्देश्य** – जल संरक्षण के लिए राष्ट्रव्यापी जागरूकता और कार्रवाई को बढ़ावा देना, जिससे हर बूंद अनमोल का सपना साकार हो सके।

## प्रोजेक्ट नमन

- एचडीएफसी बैंक, भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस के मध्य प्रोजेक्ट नमन को 26 स्थानों तक विस्तारित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- प्रोजेक्ट नमन के तहत् सेना के वेटरन, उनके परिवार और निकट संबंधियों को वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
- प्रथम चरण की शुरूआत सितम्बर 2023 में 14 स्थानों पर की गई थी।

## भारत ने मातृ मृत्यु अनुपात (MMR) के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के लक्ष्य को हासिल कर लिया है-

- **मातृ मृत्यु दर** – वर्ष 2014-16 में 130 प्रति एक लाख जीवित जन्म से कम होकर वर्ष 2018-20 में 97 प्रति एक लाख (लक्ष्य 100 से कम प्रति एक लाख जीवित जन्म)
- **MMR पर SDG लक्ष्य** – वर्ष 2030 तक 70 प्रति लाख जीवित जन्म।
- भारत के आठ राज्यों-केरल, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, झारखंड, गुजरात और कर्नाटक ने एमएमआर के एसडीजी लक्ष्य को हासिल कर लिया है।

***मातृ मृत्यु अनुपात (MMR)***

- *एक निश्चित समयावधि के दौरान प्रति एक लाख जीवित जन्म पर मातृ मृत्यु की संख्या।*
- *मातृ मृत्यु महिला के गर्भवती होने के दौरान या गर्भावस्था की समाप्ति के 42 दिनों के भीतर होने वाली महिला की मृत्यु।*

# आयोजन/सम्मेलन/बैठक/समझौते

## रायसीना डायलॉग 2025

- **संस्करण** - 10वाँ
- **आयोजन** – 17 से 19 मार्च तक नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और भारत सरकार का विदेश मंत्रालय।
- भारत का प्रमुख भू-राजनीतिक और भू-अर्थशास्त्र सम्मेलन।
- **थीम** – कालचक्र-लोग, शांति और ग्रह।
- **मुख्य अतिथि** – न्यूजीलैण्ड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन।
- स्तंभों पर विभिन्न प्रारूपों में बातचीत के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ेंगे:
  1. **राजनीति बाधित:** बदलती रेत और बढ़ती ज्वार
  2. **ग्रीन ट्रिलेमा का समाधान:** कौन, कहाँ, और कैसे
  3. **डिजिटल ग्रह:** एजेंट, एजेंसियां और अनुपस्थिति
  4. **उग्रवादी वाणिज्यवाद:** व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला और विनिमय दर की लत
  5. **बाघ की कहानी:** एक नई योजना के साथ विकास को फिर से लिखना
  6. **शांति में निवेश:** चालक, संस्थान और नेतृत्व

## अंतरिक्ष विकिरण, भारी आयनों और मानव अंतरिक्ष मिशनों के जैविक प्रभावों पर अंतर्राष्ट्रीय रेडियो जीव विज्ञान सम्मेलन

- **आयोजन** – 27 फरवरी से 1 मार्च तक मानेकशॉ सेंटर, नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – डीआरडीओ की दिल्ली स्थित प्रयोगशाला इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एडं एलाइड सांइसेज (INMAS)

## सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में अच्छे और अनुकरणीय अभ्यासों और नवाचारों पर 9वां राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

- **आयोजन** – 28 फरवरी से 1 मार्च तक पुरी, ओडिशा में।
- **आयोजक** – स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन।

## ग्लोबल रोड इंफ्राटेक समिट एंड एक्सपो (GRIS)

- **आयोजन** – 6 से 7 मार्च को नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – अंतर्राष्ट्रीय सड़क महासंघ-भारत चैप्टर (IRF-IC)
- **उद्घाटन** – केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी।
- **थीम** – विजन जीरो : सस्टेनेबल इंफ्राटेक और सुरक्षित सड़कों के लिए नीति।

## नदी क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और जम्मू-कश्मीर सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- जम्मू-कश्मीर में तीन राष्ट्रीय जलमार्गो पर नदी क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देना–
  (i) NW-26 चिनाब नदी
  (ii) NW-49 झेलम नदी
  (iii) NW-84 रावी नदी

## विजिटर्स कॉन्फ्रेंस 2024-25

- **आयोजन** – 3 से 4 मार्च तक राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में।
- **उद्घाटन** – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
- भारत के राष्ट्रपति 184 केन्द्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों के विजिटर हैं।
- **आठवें विजिटर्स पुरस्कार**–
  - ✓ नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास श्रेणियों में।
  - ✓ नवाचार-सरीपेल्ला श्रीकृष्ण (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय)
  - ✓ भौतिक विज्ञान – अश्विनी कुमार नांगिया (हैदराबाद विश्वविद्यालय)
  - ✓ जैविक विज्ञान – रीना चक्रवती (दिल्ली विश्वविद्यालय) और राजकुमार (पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
  - ✓ प्रौद्योगिकी विकास – डॉ. वेंकटेश्वरलु चिंताला (गतिशक्ति विश्वविद्यालय)

## मत्स्यपालन स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2.0

- **आयोजन** – तेलंगाना, हैदराबाद
- **आयोजक** – भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय का मत्स्यपालन विभाग।
- फिशरीज स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज 2.0 के माध्यम से 10 विजेता स्टार्टअप को 1 करोड़ रुपये का वित्तपोषण।

### भारत के पहले वाणिज्यिक सेमीकंडक्टर फैब के लिए वित्तीय सहायता समझौते पर हस्ताक्षर

- इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM), टाटा इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट लिमिटेड और टाटा सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड के मध्य।
- गुजरात के धोलेरा में स्थापित।
- भारत का पहला एआई सक्षम सेमीकंडक्टर फैब।

### आहार 2025

- **आयोजन** – 4 से 8 मार्च तक नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – भारत व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO)
- **संस्करण** – 39वां

### भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) और दिल्ली सरकार के मध्य समझौता

- यमुना नदी पर क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए।
- राष्ट्रीय जलमार्ग 110 पर सोनिया विहार और जगतपुर के बीच चार किमी. हिस्से पर।
- 20-30 यात्रियों को ले जाने में सक्षम इलेक्ट्रिक-सोलर हाइब्रिड नौकाओं का संचालन।

### राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला वार्षिक सम्मेलन-2025

- **आयोजन** – 19 मार्च को नई दिल्ली में।
- **थीम** – एंटी-डोपिंग विज्ञान : नवाचार और चुनौतियाँ।

### इंडिया 2047 : बिल्डिंग ए क्लाइमेट रीजिलिएंट फ्यूचर सम्मेलन

- **आयोजन** – 19 से 22 मार्च तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, हार्वर्ड विश्वविद्यालय लक्ष्मी मित्तल एंड फैमिली साउथ एशिया इंस्टीट्यूट तथा सलाटा इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट एंड सस्टेनेबिलिटी यूएसए।

### वाटर सस्टेनेबिलीटी कांफ्रेंस 2025

- **आयोजन** – 12 मार्च को नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत जल उपयोग दक्षता ब्यूरो तथा ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी)।

### सोर्सएक्स इंडिया 2025

- **संस्करण** – तीसरा।
- **आयोजन** – 26 मार्च को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली।
- **आयोजक** – भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सहयोग से फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (FIEO)

### भारत का पहला नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स रोडशो

- **आयोजन** – 27 मार्च को नेशनल साइंस सेमीनार कॉम्पलेक्स, IISc बेंगलुरू में।
- **आयोजक** – बेंगलुरू, IIT बॉम्बे, IIT मद्रास, IIT दिल्ली, IIT खड़गपुर और IIT गुवाहाटी के साथ मिलकर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा।

## पुरस्कार

### 59वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार 2024

- हिंदी लेखक विनोद कुमार शुक्ल को।
- ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित होने वाले छत्तीसगढ़ के पहले और हिंदी भाषा के 12वें लेखक।
- **प्रमुख रचनाएँ** – नौकर की कमीजे, दीवार में एक खिड़की थी, खिलेगा तो देखेंगे।
- **पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार** – जी शंकर कुरूप

### प्राणी मित्र एवं जीव दया पुरस्कार

- **प्राणी मित्र पुरस्कार** – 5 श्रेणियों के अंतर्गत
  - **एडवोकेसी** – अखिल जैन, रायपुर, छत्तीसगढ़।
  - **नवोन्मेषी विचार** – रमेशभाई वेलजीभाई रूपारेलिया, गोंडल, गुजरात।
  - **आजीवन पशु सेवा** – हरनारायण सोनी, ओसियां जोधपुर, राजस्थान
  - **पशु कल्याण संगठन** – श्री श्री 1008 श्रीराम रतनदासजी वैष्णव गो सेवा समिति, कहरधाम, मुरैना, मध्यप्रदेश।
  - **कॉर्पोरेट/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी निकाय/सहकारी समितियां** – राधे कृष्ण मंदिर हाथी कल्याण ट्रस्ट, जामनगर, गुजरात।
- **जीव दया पुरस्कार** – तीन श्रेणियों के अंतर्गत
  - **व्यक्तिगत** – निशा सुब्रमण्यम कुंजू, मुंबई, महाराष्ट्र।

- ➢ **पशु कल्याण संगठन** – भगवान महावीर पशु रक्षा केन्द्र, कच्छ, गुजरात।
- ➢ **स्कूल/संस्था/शिक्षण/बच्चे (18 वर्ष से कम आयु)**–
  - मास्टर चैतन्य एम सक्सेना, जयपुर, राजस्थान
  - मास्टर आदीशाह, मुंबई, महाराष्ट्र

❐ भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड द्वारा वर्ष 1966 से प्राणी मित्र पुरस्कार और वर्ष 2001 से जीव दया पुरस्कार प्रदान किये जाते है।

## 10वें एनएचआरसी (राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग) लघु फिल्म पुरस्कार

❐ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा कुल 7 विजेताओं की घोषणा।

❐ प्रथम तीन पुरस्कार विजेता –
- ➢ **दूध गंगा** – वैलीज डाईंग लाईफलाइन-इजी. अब्दुल राशिद भट्ट, जम्मू और कश्मीर (2 लाख रूपये)
- ➢ फाइट फॉर राइट्स-कदारप्पा राजू, आंध्रप्रदेश (1.5 लाख रूपये)
- ➢ गॉड-आर. रविचन्द्रन, तमिलनाडु (1 लाख रूपये)

❐ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा वर्ष 2015 से प्रारम्भ एनएचआरसी लघु फिल्म पुरस्कार योजना का उद्देश्य मानवाधिकारो के संवर्द्धन और संरक्षण के लिए नागरिकों के सिनेमाई और रचनात्मक प्रयासो को प्रोत्साहित करना और उन्हे मान्यता देना है।

## राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार

❐ भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा भारतीय चिकित्सा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए तीन चिकित्सों को प्रदान–

1. वैद्य ताराचंद शर्मा (राजस्थान के झुंझुनूं जिले के बिसाऊ कस्बे के मूल निवासी और दिल्ली में कार्यरत नाड़ी वैद्य तथा लेखक)
2. वैद्य मायाराम उनियाल (उत्तर प्रदेश निवासी द्रव्यगुण विज्ञान के विद्वान)
3. वैद्य समीर गोविंद जमदग्नि (विश्व व्याख्यानमाला राष्ट्रीय सम्मेलन और विश्व आयुर्वेद प्रबोधिन के संस्थापक)

## डिजीटल ट्रांसफॉर्मेशन अवॉर्ड 2025

❐ भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सेंट्रल बैंकिंग, लंदन द्वारा प्रस्तुत डिजीटल ट्रांसफॉर्मेशन अवॉर्ड 2025 जीता है।

❐ RBI को यह अवॉर्ड अपनी डिजीटल पहल 'सारथी' और 'प्रवाह' के लिए प्रदान किया गया है।

## साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार 2024

❐ कुल 21 भाषाओं में प्रदान।

❐ नेपाली और संस्कृत के लिए बाद में घोषित किया जाएगा, जबकि उर्दू में पुरस्कार प्रदान नहीं किया जाएगा।

❐ अनुवाद पुरस्कार के वर्ष से ठीक पहले वाले वर्ष से पहले के पांच वर्षों (1 जनवरी 2018 से 31 दिसम्बर 2022) के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों को प्रदान।

❐ प्रत्येक विजेता को 50,000 रुपये और एक ताम्र पट्टिका।

❐ **प्रमुख पुरस्कार**

| भाषा | अनुवाद का शीर्षक | अनुवादक | मूल पुस्तक का नाम, शैली भाषा और लेखक |
|---|---|---|---|
| राजस्थानी | भीलां रौ भारथ | सोहनदास चारण | भीलो नुं भारथ (लोक महाकाव्य), गुजराती, भगवानदास पटेल |
| हिंदी | सैय्यद हैदर रजा एक अप्रतिम कलाकार की यात्रा | मदन सोनी | सैय्यद हैदर रजा द जर्नी ऑफ एन आइकोनिक आर्टिस्ट (जीवनी), अंग्रेजी, यशोधरा डालमिया |
| अंग्रेजी | हजारों ख्वाहिशें ऐसी (दं वंडरफुल वर्ल्ड ऑफ उर्दू गजल्स) | अनीसुर रहमान | हजारों ख्वाहिशें ऐसी (काव्य संग्रह), उर्दू, विभिन्न कवियों का संग्रह |
| कन्नड़ | विदिशा प्रहसना | सिद्धलिंग पाट्टणशेटी | मालविकाग्निमित्रम (नाटक) संस्कृत, कालिदास |
| मणिपुरी | मधुबाला (युरंगबी) | सेइबामचा इंद्रकुमार | मधुबाला (कविता), हिंदी, हरिवंश राय बच्चन |
| ओडिशा | रस्किन बॉंड कोकिशियालिरा एकाका नृत्य (मोआरमजीबनी) | सुभाष सतपथी | लॉन फॉक्स डासिंग (आत्मकथा), अंग्रेजी, रस्किन बॉन्ड |

## जयश्री वेंकटेशन

❐ रामसर सचिवालय स्विट्जरलैण्ड द्वारा 'वेटलैंड वाइज यूज' श्रेणी में रामसर पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय।

❐ चेन्नई स्थित केयर अर्थ ट्रस्ट की सह-संस्थापक।

❐ चेन्नई की पल्लीकरनई मार्शु के संरक्षण के लिए उल्लेखनीय कार्य।

## राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) पुरस्कार 2024

❐ भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा 13 श्रेणियों में प्रदान।

- राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024 दस श्रेणियों में प्रदान किये गए हैं।
- **प्रमुख पुरस्कार–**

| | श्रेणी | विजेता |
|---|---|---|
| 1. | शीर्ष भारतीय (व्यक्तिगत)–पेटेंट | पुरुष – सिद्रमप्पा शिवशंकर धरणे<br>महिला – डॉ. स्वागतिका पांडा |
| 2. | शीर्ष भारतीय (व्यक्तिगत)–डिजाइन | डॉ. अनुषा पी |
| 3. | शीर्ष भारतीय शैक्षणिक संस्थान–पेटेंट | IIT–कानपुर |
| 4. | पेटेंट दाखिल करने, अनुदान देने और व्यावसायीकरण के लिए शीर्ष अनुसंधान एवं विकास संस्थान/संगठन | अन्ना विश्वविद्यालय |
| 5. | भारत में पेटेंट दाखिल करने, अनुदान देने और व्यावसायीकरण के लिए शीर्ष सार्वजनिकी निजी कंपनी<br>(i) विनिर्माण क्षेत्र<br>(ii) सेवा क्षेत्र | टाटा स्टील लिमिटेड जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड |
| 6. | पेटेंट दाखिल करने, अनुदान देने और व्यवसायीकरण के लिए शीर्ष भारतीय एमएसएमई | पश्चिम बंगाल केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| 7. | I.P. फाइलिंग अनुदान/पंजीकरण और व्यवसायीकरण के लिए शीर्ष स्टार्टअप | न्यूमेरोस मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8. | शीर्ष भारतीय कंपनी/संगठन–डिजाइन | IIT– बॉम्बे |
| 9. | भारत और विदेश में ब्रांड बनाने वाली शीर्ष भारतीय कंपनी/संगठन | बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड |
| 10. | IP को पोषित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ इनक्यूबेटर | एआईसी–नालंदा प्रौद्योगिकी संस्थान फाउंडेशन |

- वैश्विक मान्यता पहल के भाग के रूप में राष्ट्रीय आईपी पुरस्कार विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) पुरस्कारों से जुड़े हुए हैं। तीन श्रेणियों में पुरस्कार–

| | वर्ग | विजेता |
|---|---|---|
| 1. | WIPO IP इंटरप्राइजेज ट्रॉफी | जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड<br>टाटा स्टील लिमिटेड |
| 2. | अविष्कारकों के लिए WIPO पदक | सिद्रमप्पा शिवशंकर धरणे |
| 3. | WIPO उपयोगकर्त्ता ट्रॉफी | बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड<br>IIT–कानपुर |

## EY (अर्न्स्ट एवं यंग) एंटरप्रन्योर ऑफ द ईयर 2024

- जीरोधा के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन कामथ को प्रदान।
- नितिन कामथ जून 2025 में मोंटे कार्लो में आयोजित होने वाले EY वर्ल्ड एंटरप्रन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड (WEOY) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- जियो फाइनेंसियल सर्विसेज के चेयरमैन केवी कामथ को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड।
- इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ को विशेष जूरी पुरस्कार।

## गोल्डन पीकॉक इनोवेटिव प्रोडक्ट/सर्विस अवॉर्ड 2025

- बेंगलुरू ट्रैफिक पुलिस को प्रदान।
- ट्रैफिक प्रबंधन पहल ASTraM (एक्शनेबल इंटेलीजेंस फॉर सस्टेनेबल ट्रैफिक मैनेजमेंट) के लिए।
- ASTraM एक एआई ट्रैफिक इंजन है जो बैंगलोर के सड़क ट्रैफिक परिदृश्य का सम्पूर्ण अवलोकन उपलब्ध करवाता है।

## 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान टीबी टेस्टिंग में उत्कृष्टता के लिए तेलंगाना को राष्ट्रीय पुरस्कार

- न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (NAAT) में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय प्रदर्शन पुरस्कार।

## राम सुतार

- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (विश्व की सबसे ऊँची मूर्ति–182 मीटर) को डिजाइन करने वाले मूर्तिकार।
- महाराष्ट्र का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार महाराष्ट्र भूषण से सम्मानित।

### संगीत कलानिधि पुरस्कार 2025

- कर्नाटक संगीत का सर्वोच्च पुरस्कार वायलिन वादक आर के श्रीरामकुमार को प्रदान।
- नृत्य कलानिधि पुरस्कार-उर्मिला सत्यनारायण (भरतनाट्यम नृत्यांगना)।
- मद्रास म्यूजिक एकेडमी द्वारा प्रदान।

## उत्सव/महोत्सव

### जहान-ए-खुसरो 2025

- सूफी संगीत को समर्पित एक अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव (अमीर खुसरो की याद में)।
- **संस्करण** – 25वां।
- **आयोजन** – 28 फरवरी से 2 मार्च तक नई दिल्ली में।
- **आयोजन** – रूमी फाउंडेशन द्वारा।

### विविधता का अमृत महोत्सव

- **संस्करण** – दूसरा (दक्षिणी राज्यों पर केन्द्रित)
- **आयोजन** – 6 से 9 मार्च तक अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में।
- **उद्घाटन** – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा।
- पाँच राज्यों - कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश तथा दो केन्द्रशासित प्रदेशों - लक्षद्वीप और पुडुचेरी की जीवंत सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन।
- भारत की समृद्ध विविधता का उत्सव मनाने और उसे प्रदर्शित करने के लिए सात अलग-अलग संस्करणों (पूर्वोत्तर, दक्षिण, उत्तर, पूर्व, पश्चिम, मध्य क्षेत्र और केन्द्रशासित प्रदेशों पर केन्द्रित) में राष्ट्रपति भवन में विविधता का अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### शौर्य वेदनम उत्सव

- **संस्करण** – प्रथम
- **आयोजन** – 7 से 8 मार्च को बिहार के मोतिहारी में।
- **आयोजक** – भारतीय सशस्त्र

### बोधिपथ फिल्म महोत्सव

- **आयोजन** – 10 से 11 मार्च को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC)

### उद्यम उत्सव

- **आयोजन** – 20 से 30 मार्च तक राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – MSME मंत्रालय, भारत सरकार।

### फिट इंडिया कार्निवल

- **संस्करण** – पहला
- **आयोजन** – 16 से 18 मार्च तक जेएलएन स्टेडियम नई दिल्ली में।
- **उद्घाटन** – केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया।

### योग महोत्सव 2025

- **उद्घाटन** – 13 मार्च को नई दिल्ली में केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव के द्वारा।
- यह आयोजन औपचारिक रूप से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की ओर यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है।

### पर्पल फेस्ट 2025

- **आयोजन** – 21 मार्च को अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
- **आयोजक** – भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग।
- **उद्देश्य** – विभिन्न विकलांगताओं और लोगों के जीवन पर उनके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में विकलांग व्यक्तियों के बारे में समझ, स्वीकृति और समावेश को बढ़ावा देना।

## युद्धाभ्यास

### एक्सरसाइज डेजर्ट हंट 2025

- **आयोजन** – 24 से 28 फरवरी, वायु सेना स्टेशन जोधपुर में।
- भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित एकीकृत त्रि-सेवा विशेष बल अभ्यास।
- **भागीदार** – भारतीय सेना के एलीट पैरा (स्पेशल फोर्सेज), भारतीय नौसेना के मरीन कमांडो और भारतीय वायु सेना के गरूड़ (विशेष बल) ने एक कृत्रिम युद्ध वातावरण में एक साथ भाग लिया।

### वरुण 2025

- **भागीदार** – भारत तथा फ्रांस के मध्य द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास।
- **संस्करण** – 23वाँ
- **आयोजन** – 19 से 22 मार्च तक भारत के पश्चिमी समुद्री तट पर (अरब सागर)।
- भारत के विमानवाहक पोर्ट विक्रांत और फ्रांस के परमाणु ऊर्जा द्वारा संचालित पोत चार्ल्स डी गॉल की भागीदारी।
- **लचित बरफुकन पुलिस अकादमी** – असम के डेरगांव में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा उद्घाटन।

### प्रचंड प्रहार

- **आयोजन** – 25 से 27 मार्च तक अरुणाचल प्रदेश में आयोजित।
- **भागीदार** – भारत की तीनों सेनाओं का एकीकृत बहु-क्षेत्रीय युद्धाभ्यास।

## पर्यावरण

### मैंग्रोव वनारोपण में गुजरात प्रथम स्थान पर

- केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 में प्रारंभ मिष्टी (मैंग्रोव इनिशिएटिव फॉर शोरलाइन हैबिटेट्स एंड टैंजिबल इनकम) योजना के अंतर्ग 19020 हैक्टेयर क्षेत्र में मैंग्रोव वनारोपण।

***मिष्टी योजना***

- ***प्रारंभ*** *– 5 जून 2023*
- ***मंत्रालय*** *– पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय।*
- ***लक्ष्य*** *– वर्ष 2023-24 से अगले पांच वर्षों में 9 राज्यों और 3 केन्द्रशासित प्रदेशों में फैले लगभग 540 वर्ग किमी. मैंग्रोव कवर की बहाली पुनर्वनीकरण।*

### राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक

- **आयोजन** – 3 मार्च को गिर राष्ट्रीय उद्यान, गुजरात में।
- **अध्यक्षता** – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
- नदी डॉल्फिन आकलन रिपोर्ट (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी)
  - ✓ पहली बार जारी
  - ✓ भारत में कुल नदी डॉल्फिन – 6327
  - ✓ सर्वाधिक नदी डॉल्फिन – उत्तरप्रदेश
  - ✓ राजस्थान और मध्यप्रदेश – 95 डॉल्फिन

***प्रोजेक्ट डॉल्फिन***

- ***प्रारंभ*** *– 15 अगस्त 2020*
- ***उद्देश्य*** *– समुद्री और नदी डॉल्फिन दोनों का संरक्षण।*
- ***चंबल नदी संरक्षण क्षेत्र*** *– मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 200 किमी. क्षेत्र को लक्षित संरक्षण प्रयासों के लिए डॉल्फिन संरक्षण क्षेत्र के रूप में नामित करने की सिफारिश।*
- *भारत में पहली बार गंगा नदी डॉल्फिन टैगिंग-18 दिसम्बर 2024 को असम में (प्लैटनिस्टा मैंगेटिका) की सैटेलाइट टैगिंग।*
- *असम वन विभाग, आरण्यक और भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) के द्वारा।*
- ***वित्तपोषण*** *– राष्ट्रीय कैम्पा प्राधिकरण।*
- *विश्व की 90% नदी डॉल्फिन भारत में पाई जाती है।*

- गुजरात के जूनागढ़ में राष्ट्रीय वन्यजीव रेफरल सेंटर की आधारशिला रखी।
- वर्ष 2025 में एशियाई शेरों (पैंथेरा लियो पर्सिका) की जनसंख्या के आकलन के लिए 16वें चक्र की शुरूआत की घोषणा।
  - ✓ बर्दा वन्यजीव अभयारण्य, पोरबंदर में एशियाई शेरों के संरक्षण को बढ़ावा।

***प्रोजेक्ट लॉयन***

- ***प्रारंभ*** *– 15 अगस्त 2020*
- *भारत में एशियाई शेरों की कुल संख्या – 674 वर्ष 2020 मे।*
- *भारत की संरक्षण पहलों के कारण (IUCN) की रेड डाटा बुक में वर्ष 2008 में एशियाई शेरों को ''गंभीर रूप से लुप्तप्राय'' से ''लुप्तप्राय'' श्रेणी में पुनवर्गीकृत किया गया।*

- मानव-वन्यजीव संघर्ष के प्रभावी प्रबंधन के लिए उत्कृष्टता केन्द्र-सलीम अली पक्षी विज्ञान और प्राकृतिक इतिहास केन्द्र (SACON) में भारतीय वन्यजीव संस्थान परिसर, कोयंबटूर (तमिलनाडु) में।

- ❐ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करके वनाग्नि की भविष्यवाणी पता लगाने, रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून और भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (BISAG-N) के बीच सहयोग।
- ❐ **चीता पुनर्वास** – मध्य प्रदेश के गांधीसागर अभयारण्य और गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में।
- ❐ बाघ अभयारण्यों के बाहर बाघों के संरक्षण पर केन्द्रित योजना।
- ❐ घड़ियाल संरक्षण के लिए नई परियोजना।
- ❐ राष्ट्रीय ग्रेट इंडियन बस्टर्ड संरक्षण कार्य योजना की घोषणा।
- ❐ एआई का उपयोग करके भारत के पारम्परिक वन और वन्यजीव संरक्षण प्रथाओं पर दस्तावेजीकरण और अनुसंधान।
- ❐ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए वन्य प्राणियों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (CMS) के साथ भारत की सहभागिता का विस्तार।

### वनतारा

- ❐ गुजरात के जामनगर में स्थित वन्यजीव संरक्षण, बचाव और पुनर्वास की अनूठी पहल (अनंत अंबानी द्वारा संचालित)।
- ❐ **उद्घाटन** – 4 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।

## पोर्टल/एप

### आधार गुड गवर्नेंस पोर्टल

- ❐ भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा लॉन्च।
- ❐ **उद्देश्य** – आधार प्रमाणीकरण अनुरोध अनुमोदन की प्रक्रिया के स्वाचालन में उपयोगकर्त्ताओं की मदद करना और नागरिकों की सेवाओं तक पहुँच को बढ़ाना।

## नियुक्तियाँ

- ❐ **तुहिन कांत पांडे** – भारत सरकार ने वित्त और राजस्व सचिव तुहिन कांत पांडे को **भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी)** का नया **अध्यक्ष** नियुक्त किया है।
  - ✓ तुहिन कांत पांडे माधवी पुरी बुच का स्थान लेंगे।
  - ✓ पांडे की नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षो की अवधि के लिए की गई है।
- ❐ **तनुष्का सिंह** – भारतीय वायुसेना के जगुआर फाइटर जेट स्क्वाड्रन में स्थायी रूप से नियुक्त होने वाली पहली महिला पायलट।
- ❐ **अटल डुल्लु** – जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव।
  - ✓ भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में 18वें लोकसभा चुनावों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए।
  - ✓ एक्जमप्लरी लीडरशिप प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।
  - ✓ वर्ष 1989 के बाद आयोजित आम चुनाव 2024 में रिकॉर्ड 58.11% मतदान।
- ❐ **डॉ. मयंक शर्मा** – रक्षा लेखा महानियंत्रक (CGDA) नियुक्त।
- ❐ **अजय भादू** – गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त।
  - ✓ भारत सरकार के वाणिज्य विभाग में अपर सचिव।
- ❐ **डॉ. अंजू राठी राणा** – केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग की सचिव नियुक्त होने वाली पहली महिला।
- ❐ **मनन कुमार मिश्रा** – लगातार सातवें कार्यकाल के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन चुने गये।
- ❐ **डॉ. शिवकुमार कल्याणरमन** – अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त।
- ❐ **अशोक सिंह ठाकुर** – भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (INTACH) के अध्यक्ष र्विाचित।
- ❐ **राजीव गौबा** – पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को केन्द्र सरकार द्वारा नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है।
  - ✓ नीति आयोग सरकार एक सलाहकारी निकाय है। इसे योजना के स्थान पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल के एक प्रस्ताव के द्वारा स्थापित किया गया है।
  - ✓ वर्तमान में सुमन के बरी नीति आयोग के उपाध्यक्ष है।
- ❐ **जस्टिस हरीश टंडन** – ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त।
- ❐ **न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची** – सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त।

✓ सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्ति से पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय में न्यायाधीश।

- **अजय सेठ** – भारत के सरकार के वित्त सचिव नियुक्त।
- **अनुज कुमार सिंह** – संघ लोक सेवा आयोग में संयुक्त सचिव नियुक्त।

# निधन

## गोपालकृष्णन कुरूप

- प्रसिद्ध यक्षगान कलाकार का निधन।
- यक्षगान कर्नाटक के तटीय जिलों में लोकप्रिय एक पारंपरिक लोकनृत्य है।

## पासला कृष्णा भारती

- आंध्रप्रदेश की प्रसिद्ध गांधीवादी और सामाजिक कार्यकर्ता पासला कृष्णा भारती का निधन।

# विविध

## हिमशील्ड 2024 ग्रेंड चैलेंज

- **आयोजन** – 24 अगस्त 2024 से 28 मार्च (राष्ट्रीय विज्ञान दिवस) तक।
- **आयोजक** – इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के रिसर्च इनिशिएटिव के तहत सी-डैक (सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग) तिरुवनंतपुरम।
- **उद्देश्य** – ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) शमन में नवाचार को बढ़ावा देना।
- **पुरस्कार विजेता** –
  1. विजेता (5 लाख रूपये, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र)– गलोफसेंस टीम (बन्नारी अम्मन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सत्यमंगलम, तमिलनाडु)।

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिए नया क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल

- 6 मार्च को विशाखापत्तनम में केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा लॉन्च।
- MSME के डिजिटल फुटप्रिंट की स्कोरिंग के आधार पर क्रेडिट मूल्यांकन।

## भारत की पहली रोड ट्रेन

- लॉजिस्टिक फर्म डेल्हीवरी द्वारा संचालित रोडट्रेन का केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा अनावरण।
- नागपुर और भिवंडी के डेल्हीवरी केन्द्रों के बीच परिचालन (वोल्वो ट्रक द्वारा)।
- रोड ट्रेन अवधारणा को औपचारिक रूप से 2020 में विनियमों में शामिल किया गया था जिसमें 25.25 मीटर तक की लंबाई वाले वाहनों को अनुमति दी गई।
- रोड ट्रेन में एक ट्रक इकाई द्वारा दो या अधिक ट्रेलरो को खींचा जाता है।

## असली प्रधान कौन

- द वायरल फीवर (TVF) की पंचायत वेब सीरीज का महिला नेतृत्व पर आधारित एपिसोड।
- प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व को खत्म करने और जमीनी स्तर पर वास्तविक महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के डिजिटल अभियान का हिस्सा।
- पंचायती राज मंत्रालय तथा द वायरल फीवर (TVF) के मध्य ''सरपंच पति संस्कृति'' के मुद्दे को संबोधित करने के लिए सहयोग।

## स्वच्छ कोयला ऊर्जा और नेट जीरो केन्द्र (CLEANZ)

- हैदराबाद में स्थापित किया जाएगा।
- कोल इंडिया लिमिटेड और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) और मर्सिडीज-बेंज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मध्य भारत के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र, सड़क सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

## नमो अस्पताल

- केन्द्रशासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के सिलवासा में 7 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन।

## ई-टॉयकाथॉन 2025

- भारत का पहला इलेक्ट्रॉनिक खिलौना हैकाथॉन।
- **आयोजन** – सी-डैक (C-DAC) नोएडा।
- **आयोजक** – भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Meity) की अनुसंधान पहल के अंतर्गत सी-डैक।
- **विजेता** –
  - प्रथम पुरस्कार – श्रीकृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर (प्ले मैट टॉय के लिए)
  - द्वितीय पुरस्कार – जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नोएडा (रोबो-मेंटर एआई के लिए)
  - तृतीय पुरस्कार – राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दुर्गापुर (इंटरैक्टिव शैक्षिक चार्ट के लिए)

## मेघालय का पहला साइंटिफिक कोयला खनन ब्लॉक

- पूर्वी जैयंतिया हिल्स जिले के बाइंडी घाटी इलाके में स्थित सरिंगखम-ए-कायेला खनन ब्लॉक।
- 17 मार्च को मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा द्वारा उद्घाटन।
- इससे पहले मेघालय में रैट होल माइनिंग विधि से कोयला खनन किया जाता था।

### *रैट-होल माइनिंग*

- *कोयला खनन की एक आदिम, अपरिष्कृत, श्रम-प्रधान तथा खतरनाक तकनीक है।*
- *जमीन में बहुत छोटी सुरंगे (3-4 फीट गहरी तथा 2-3 फीट चौड़ी) खोदकर कोयला निकाला जाता है।*

## नामरूप IV उर्वरक संयंत्र

- ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड, नामरूप असम में स्थापित किया जाएगा।
- 12.7 लाख मीट्रिक टन वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता।

## भारत की पहली अन्वेषण (EL) नीलामी

- भारत सरकार के खान मंत्रालय और गोवा सरकार द्वारा गोवा में।
- 13 अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉको की नीलामी।
- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करके खनिज लक्ष्यीकरण पर एआई हैकाथॉन 2025 का उद्घाटन।

## एंथुरियम

- कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) ने **मिजोरम से सिंगापुर** को पहली बार एंथुरियम फूलों का निर्यात किया है।
  - एंथुरियम मिजोरम में उगाए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण फूलों में से एक है।
  - मिजोरम सरकार द्वारा प्रतिवर्ष ''एंथुरियम महोत्सव'' का आयोजन किया जाता है।

## त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय

- लोकसभा द्वारा त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 पारित।
- देश का पहला राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय।
- गुजरात के ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद में स्थापित किया जाएगा।
- विश्वविद्यालय का नाम अमूल के संस्थापक त्रिभुवन काशीभाई पटेल के नाम पर रखा गया है।
- प्रतिवर्ष 8 लाख लोगों को प्रशिक्षित करने की क्षमता।

## भारत में परमाणु ऊर्जा की स्थिति

- कुल चालू रिएक्टर - 25 (राजस्थान में 7)
- कुल परमाणु ऊर्जा उत्पादन - 35333 मेगावाट (वर्ष 2014 में 22480 मेगावाट)
- कुल स्थापित क्षमता - 8880 मेगावाट (वर्ष 2014 में 4780 मेगावाट)

## माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंघा के लिए पर्वतारोहण अभियान

- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा 26 मार्च को नई दिल्ली में हरी झंडी दिखाई गई।
- **माउंट एवरेस्ट अभियान**
  - **आयोजन** – हिमालय पर्वतारोहण संस्थान (HMI), दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) और जवाहर पर्वतारोण एवं शीतकालीन खेल संस्थान (JIM&WS), जम्मू और कश्मीर के सहयोग से नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (NIM), उत्तराखंड के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में।

- **नेतृत्व** – नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्रिंसिपल कर्नल अंशुमान भदौरिया।
- **प्रारंभ** – 2 अप्रैल, 2025 से।

❑ **माउंट कंचनजंघा अभियान**

- **प्रारंभ** – 7 अप्रैल, 2025 से।
- **नेतृत्व** – राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहित्यक खेल संस्थान (NIMAS), दिरांग के निदेशक कर्नल रणवीर सिंह जामवाल।
- **आयोजन** – NIMAS, दिरांग, अरुणाचल प्रदेश द्वारा अपनी 'हर शिखर तिरंगा' पहल के अंतर्गत।
- NIMAS द्वारा भारत के 27 राज्यों की सबसे ऊँची चोटियों की चढ़ाई पूरी की जा चुकी है।
- कंचनजंघा भारत की सबसे ऊँची और एकमात्र 8000 मीटर ऊँची चोटी है।

## रिपल्स ऑफ चेंज : जेंडर ट्रांसफॉर्मेटिव रूरल वाश प्रोग्राम्स इन इंडिया

❑ केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा नई दिल्ली में रिपल्स ऑफ चेंज पुस्तक का विमोचन।

❑ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय और यूनिसेफ इंडिया का संयुक्त प्रकाशन (ग्रामीण WASH-Water, Sanitation and Hygiene पर 10 कहानियाँ)।

❑ ये कहानियाँ लैंगिक सशक्तिकरण, सामुदायिक नेतृत्व और जमीनी स्तर पर नवाचार के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन के परिर्वनकारी प्रभाव को दर्शाती है।

## माधव राष्ट्रीय उद्यान

❑ भारत का 58वाँ बाघ अभयारण्य घोषित।

❑ मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित।

❑ मध्य प्रदेश का 9वाँ बाघ अभयारण्य।

❑ **क्षेत्रफल** – 32429.52 हैक्टेयर।

❑ **57वाँ बाघ अभयारण्य** – रातापानी टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश।

## भारतीय जीवन बीमा (LIC) विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ब्रांड

❑ ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 2025 रिपोर्ट के अनुसार 100 सबसे मजबूत ब्रांडों में LIC की तीसरा स्थान।

❑ LIC का ब्रांड स्ट्रैन्थ इंडेक्स स्कोर-88 (100 में से)।

## सशक्त भारत

❑ भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की द्विवार्षिक पत्रिका।

❑ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 27 फरवरी को नई दिल्ली में प्रथम संस्करण का विमोचन।

## सहकार टैक्सी

❑ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में घोषणा।

❑ 'सहकार से समृद्धि' के सिद्धान्तों के आधार पर इच्छुक टैक्सी चालकों द्वारा एक टैक्सी सेवा सहकारी समिति का निर्माण।

❑ अर्जित अधिकतम लाभ टैक्सी चालकों के बीच समान रूप से वितरित।

## संसद सदस्यों के वेतन-भत्ता और पेंशन में 24% की वृद्धि

❑ केन्द्र सरकार द्वारा अप्रैल 2023 से सांसदों के वेतन में 24% वृद्धि की अधिसूचना जारी।

❑ लोकसभा तथा राज्यसभा के सदस्यों का वेतन-1.24 लाख प्रति माह।

❑ पूर्व सांसदों की पेंशन-31000 रुपये।

❑ आखिरी बार वेतन-भत्तों में वृद्धि वर्ष 2018 (बेस वेतन 1 लाख प्रतिमाह निर्धारित)

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के वर्गीकरण के नये मानदंड

❑ केन्द्र सरकार द्वारा 25 मार्च को अधिसूचित।

❑ निवेश और टर्नओवर सीमा में क्रमश: 2.5 गुना और 2 गुना की वृद्धि।

| उद्यम का प्रकार | निवेश सीमा | टर्नओवर सीमा |
|---|---|---|
| सूक्ष्म उद्यम | 1 करोड़ से बढ़ाकर 2.5 करोड़ | 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ |
| लघु उद्यम | 10 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ | 50 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ |
| मध्यम उद्यम | 50 करोड़ से बढ़ाकर 125 करोड़ | 250 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़ |

# अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने वर्ष 2025-26 को भारत-जापान विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार आदान-प्रदान वर्ष के रूप में समर्पित किया है।
- भारत सरकार के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास केन्द्र सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट) ने केरल पुलिस के लिए साइबर सुरक्षा परिचालन केन्द्र, त्रिनेत्र का डिजाइन और विकास किया है।
    - त्रिनेत्र, सी-डॉट द्वारा विकसित एक एआई संचालित, स्वदेशी, एकीकृत साइबर सुरक्षा मंच है जिसे उद्यमों और महत्वपूर्ण क्षेत्रों की साइबर सुरक्षा रक्षा को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।
- **नवरत्न का दर्जा** - IRCTC और IRFC
- **दियासलाई** - कैलाश सत्यर्थी की आत्मकथा।
- भारत का पहला हाइड्रोजन ट्रक परीक्षण-टाटा मोटर्स द्वारा प्रारंभ।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र का दसवां क्षेत्रीय केन्द्र राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरूपति के सहयोग से तिरूपति में स्थापित।
- **जय शाह** - 14वें फोर्ब्स इंडिया लीडरशिप अवॉर्ड (FILA 2025) में आइकन ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित। (ICC के सबसे युवा अध्यक्ष)।
- हाइपरलूप परियोजना के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में विकसित की जाएगी।
- ❐ IIT मद्रास में स्थित 410 मीटर लंबी हाइपरलूप टेस्ट ट्यूब एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परीक्षण सुविधा है।
- प्रतिस्पर्धा कानून पर 10वां राष्ट्रीय सम्मेलन - 16 मार्च को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) द्वारा नई दिल्ली में।
- दूरसंचार विभाग ने ऑनलाइन घोटालों और स्कैम से निपटने के लिए व्हाट्सअप के साथ साझेदारी की है (मेटा के स्कैम से बचाओं अभियान के तहत)।
- दिल्ली विधानसभा राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA) प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाला 28वाँ विधानमंडल।
- सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (SAMEER) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली ने चिकित्सा उपकरणों पर सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- डाक विभाग, भारत सरकार ने संत, समाज सुधारक ओर भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है।
- रक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय सेना की परिचालक तत्परता बढ़ाने के लिए 155 मिमि/52 कैलिबर एडवांस्ड टोड अर्टिलरी गन सिस्टम और हाई मोबिलिटी व्हीकल 6×6 गन टोइंग व्हीकल्स के लिए 6900 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर-
    - क्रमश: भारतफोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड लिमिटेड के साथ।
- ग्रामीण विकास मंत्रालय और यूनिसेफ YuWaah के मध्य ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर-तीन वर्ष तक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को नौकरियों, स्वरोजगार, उद्यमिता और कौशल निर्माण पटलों से जोड़कर आजीविका के अवसर पैदा करने पर केन्द्रित।
    - पांच राज्यों- आंध्र प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान के पाँच ब्लॉकों में कम्प्यूटर दीदी केन्द्र और दीदी की दुकान की स्थापना के माध्यम से डिजिटल बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना।
- राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा अवॉर्डिंग बॉडी (डऊल) के रूप में मान्यता।
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने IIIT-हैदराबाद के सहयोग से बायोमेट्रिक एल्गोरिदम में वायु अपरिवर्तनीयता का परीक्षण करने के लिए प्रतियोगिता शुरू की है।
- भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के तहत् डिजिटल भारत निधि (DBN) और नाबार्ड के मध्य देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए डिजिटल ग्रामीण सशक्तिकरण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

- डॉ. मनमोहन सिंह बेंगलुरू सिटी यूनिवर्सिटी कर्नाटक सरकार ने बैंगलोर सिटी यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर भारत के 13वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर रखा है।
- रतन टाटा इलेक्ट्रॉनिक सिटी, जगीरोड - असम में स्थापित की जाएगी।
- गुजरात को ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (अयूल) को YouGov इंडिया वैल्यू रैंकिंग 2025 में भारत का तीसरा सबसे मूल्यवान ब्रांड माना गया है।
- **पयोधि** – समय से पहले जन्में शिशुओं के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली द्वारा प्रारंभ किया गया मानव दूध बैंक।
- आधिकारिक एयरलाइन गाइड (OAG) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार इंडिगो एयरलाइंस सीट क्षमता के मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइन है।
- एयरपोर्ट सर्विस क्वलिटी (ASQ) सर्वे के अनुसार हैदराबाद का राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट 15 से 25 मिलियन यात्री प्रतिवर्ष श्रेणी में वर्ष 2024 के लिए एशिया पैसिफिक क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट है।
- तमिलनाडु सरकार ने बजट 2025-26 में भारतीय मुद्रा के प्रतीक 'रु' की जगह तमिल अक्षर 'रु' (ரு) का इस्तेमाल किया गया है जो रुबाई मुद्रा के लिए तमिल शब्द को दर्शाता है।
  - भारतीय मुद्रा के प्रतीक ₹ को IIT गुवाहाटी के प्रोफेसर उदय कुमार धर्मलिंगम ने डिजाइन किया था।
- भारतीय रेलवे-केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ मिलकर जल संकट से निपटने के लिए मिशन अमृत सरोवर के तहत तालाबों का निर्माण करेगी।
  - मिशन अमृत सरोवर का अप्रैल 2022 में देश के प्रत्येक जिले में 75 तालाबों के निर्माण या पुनरूद्धार के लक्ष्य के साथ प्रारंभ किया गया था।
- केरल सीनियर सिटीजन कमीशन स्थापित करने वाला भारत का पहला राज्य बना है।
- पंजाब विधानसभा में दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए सांकेतिक भाषा लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।
- सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS) के मध्य सशस्त्र बलों के कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए समझौता।
- भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) और भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद (IIM-A) के मध्य डेटा-संचालित नीति और नवाचार को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- भारतीय सेना के लिए टी-72 टैंकों के इंजन की खरीद हेतु रूसी संघ के रोसोबोरोन के साथ समझौता प्रौद्योगिकी हस्तांतरण।

❖❖❖

# 03 अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## चर्चित यात्राएँ

### प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस यात्रा



- प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के **स्वतंत्रता दिवस समारोह** में **मुख्य अतिथि** के रूप में भाग लिया।
- प्रधानमंत्री को मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, **'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन'** भी प्रदान किया गया
- भारत ने ग्लोबल साउथ के लिये **महासागर (MAHASAGAR)** पहल की शुरुआत की।
- दोनों देशों ने भारत द्वारा विकसित अगलेगा द्वीप के नए रनवे और जेटी के उपयोग को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।
- भारत मॉरीशस को एक पुलिस अकादमी और समुद्री सूचना साझाकरण केंद्र स्थापित करने में सहायता करेगा।
- भारत, मॉरीशस के लिये एक नए संसद भवन का निर्माण करेगा, जिसे भारत ने ''लोकतंत्र की जननी'' की ओर से एक उपहार बताया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने संयुक्त रूप से मॉरीशस के रेडुइट में **अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक सर्विस एंड इनोवेशन** का उद्घाटन किया।

### न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन का भारत दौरा

- लक्सन ने **रायसीना डायलॉग 2025** के **मुख्य अतिथि** के रूप में भाग लिया।
- मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता का शुभारंभ।
- न्यूजीलैंड, **इंडो-पैसिफिक महासागर** (आईपीओआई) पहल और **आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे** (सीडीआरआई) के लिए गठबंधन में शामिल हुआ।



- दोनों देशों ने **अधिकृत आर्थिक संचालक पारस्परिक मान्यता समझौते (एईओ-एमआरए)** का आदान-प्रदान किया।
- न्यूजीलैंड ने **बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री बल** में भारत के शामिल होने का स्वागत किया।

> - ***आईपीओआई*** *को भारत द्वारा 2019 में 14वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में क्षेत्रीय सहयोग के उद्देश्य से लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता पर केंद्रित था।*
> - ***सीडीआरआई*** *को भारत द्वारा 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था जिसका उद्देश्य जलवायु और आपदा जोखिमों के लिए नए और मौजूदा बुनियादी ढाँचे की प्रणालियों के लचीलेपन को बढ़ावा देना है।*
> - ***एईओ-एमआरए*** *सीमा शुल्क अधिकारियों के बीच घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से दोनों देशों के बीच माल की आसान आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगा और इससे द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।*
> - ***संयुक्त समुद्री बल*** *एक बहुराष्ट्रीय समुद्री साझेदारी है जो तस्करी, मादक पदार्थों के खिलाफ, उच्च समुद्र पर समुद्री डकैती को दबाने और अवैध गैर-राज्य अभिनेताओं से मुक्त सुरक्षित समुद्री वातावरण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इसकी कमान अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल के पास है। वर्तमान में भारत सहित इसके 46 सदस्य देश हैं।*

### सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी

- नासा के अंतरिक्ष यात्री **सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर, निक हेग** और **अलेक्जेंडर गोरबुनोव** स्पेसएक्स कैप्सूल में सवार होकर धरती पर वापस आए हैं। विलियम्स और विल्मोर **286 दिनों** के बाद वापस आए हैं जो कि अंतरिक्ष में अब तक का सबसे लंबा अनिर्धारित प्रवास है।



- 5 जून, 2024 को **बोइंग के CST-100 स्टारलाइनर** पर अपनी पहली चालक दल परीक्षण उड़ान के हिस्से के रूप में विलियम्स और विल्मोर को आईएसएस तक ले गया।
- मूल रूप से ISS के लिए **8 दिवसीय मिशन** के रूप में योजना बनाई गई थी, लेकिन तकनीकी समस्याओं ने उनके प्रवास को 9 महीने से ज्यादा तक बढ़ा दिया।
- 18 मार्च, 2025 को **स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल** के जरिए धरती पर वापस लौटे।

**लंबे समय तक रुकने का कारण**

- बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में **तकनीकी समस्याओं** (हीलियम रिसाव और थ्रस्टर की खराबी) के कारण इससे वापस लौटना असुरक्षित हो गया।
- नासा ने **स्टारलाइनर को खाली वापस भेजा** और स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन के माध्यम से उनकी वापसी की व्यवस्था की।
- स्पेसएक्स क्रू-10, प्रतिस्थापन मिशन, मार्च 2025 तक विलंबित कर दिया गया, जिससे उनका प्रवास और बढ़ गया।
- नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी में तेजी लाने के बजाय **उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी**, यह सुनिश्चित करते हुए कि उनकी वापसी के लिए इस्तेमाल किया गया अंतरिक्ष यान पूरी तरह कार्यात्मक और विश्वसनीय था।

- *सोवियत अंतरिक्ष यात्री **वैलेरी पोल्याकोव** ने मीर अंतरिक्ष स्टेशन पर **438 दिन** बिताए, जो एक ही यात्रा के दौरान अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक रहने का रिकॉर्ड है। (मीर, आईएसएस से पहले का अंतरिक्ष स्टेशन है, जो 1986 और 2001 के बीच 15 वर्षों तक परिचालन में रहा)।*
- *इसके बाद अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री **फ्रैंक रुबियो** ने आईएसएस की अपनी एक यात्रा के दौरान **371 दिन** पूरे किए।*
- *रूस के ओलेग कोनोनेंको ने कई मिशनों (पांच यात्राओं में) में कुल मिलाकर 1111 दिन अंतरिक्ष में बिताए।*
- *अमेरिका की पैगी व्हिटसन ने 3 यात्राओं में 675 दिन बिताए, जो किसी महिला अंतरिक्ष यात्री का अंतरिक्ष में सबसे लंबा प्रवास है।*

# चर्चित व्यक्तित्व

## क्रिश्चियन स्टॉकर

- **ऑस्ट्रिया** के नए **चांसलर** बने।
- स्टॉकर की रूढ़िवादी पीपुल्स पार्टी, सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट्स और उदारवादी नियोस ने एक नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौता किया, जिससे पांच महीने का राजनीतिक गतिरोध समाप्त हुआ।

## जय भट्टाचार्य



- भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक जय भट्टाचार्य को **राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान** का निदेशक नियुक्त किया गया।

## मार्क कार्नी

- पूर्व बैंकर कार्नी ने कनाडा के **24वें प्रधानमंत्री** के रूप में शपथ ली।
- उन्होंने **जस्टिन ट्रूडो** का स्थान लिया जिन्होंने लगभग नौ वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद इस वर्ष जनवरी में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया था।
- कार्नी के 24 सदस्यीय मंत्रिमंडल में भारतीय मूल की दो महिला मंत्री **अनीता आनंद** (नवाचार, विज्ञान और उद्योग मंत्री) और **कमल खेरा** (स्वास्थ्य मंत्री) शामिल हैं।

## नेटुम्बो नंदी-नदैतवा

- **नामीबिया** की **पहली महिला राष्ट्रपति** के रूप में शपथ ली।

## जोथम नापत

- **वानुअतु** के नए **प्रधानमंत्री** निर्वाचित हुए।

## यमाण्डु ओरसी

- **उरुग्वे** के नए **राष्ट्रपति** के रूप में नियुक्त।

## स्टुअर्ट यंग

- **त्रिनिदाद और टोबैगो** के नए **प्रधानमंत्री** के रूप में शपथ ली।

## इमोमाली रहमान

- **तजाकिस्तान** में आयोजित संसदीय चुनाव में रहमान (पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) फिर से **राष्ट्रपति** नियुक्त हुए।

### गुंटर ब्लॉश्चल

- एक प्रसिद्ध जलविज्ञानी, जिन्हे बाढ़ जोखिम प्रबंधन और जल संसाधन प्रबंधन में योगदान के लिए **स्टॉकहोम जल पुरस्कार 2025** (जल का नोबेल पुरस्कार) से सम्मानित किया गया है।
- स्टॉकहोम वाटर फाउंडेशन द्वारा रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के सहयोग से यह पुरस्कार प्रदान किया।

### रोड्रिगो दुतेर्ते

- **फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति** को मानवता के खिलाफ कथित अपराधों, जिसमें न्यायेतर हत्याएं (2011-2019) शामिल हैं, के लिए **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय** (ICC) द्वारा जारी **गिरफ्तारी वारंट** के बाद गिरफ्तार किया गया।
- दुतेर्ते ICC में आरोपों का सामना करने वाले **एशिया के पहले पूर्व राष्ट्राध्यक्ष** हैं।

### मासाकी काशीवारा

- जापानी गणितज्ञ, जिन्हें **एबेल पुरस्कार** (गणित का नोबेल पुरस्कार) से सम्मानित।
- इस पुरस्कार का प्रबंधन नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर्स द्वारा किया जाता है।

### बोरिस स्पैस्की

- **सोवियत शतरंज ग्रैंडमास्टर** और दसवें विश्व चैंपियन बोरिस स्पैस्की का निधन हो गया है।
- उन्हें 1972 में अमेरिकी खिलाड़ी बॉबी फिशर के साथ उनके द्वंद्व के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है, जो पूर्व और पश्चिम के बीच टकराव का प्रतीक था, और बाद में इसे **''सदी का मैच''** कहा गया।

### जेम्स हैरिसन

- एक **ऑस्ट्रेलियाई रक्तदाता** जिनका रक्त (**एंटी-डी एंटीबॉडी** से भरपूर), ने एंटी-डी दवा की 2.4 मिलियन खुराक विकसित करने में मदद की, का हाल ही में निधन।
- एंटी-डी इंजेक्शन एक आरएच-नेगेटिव माँ की प्रतिरक्षा प्रणाली को एंटीबॉडी बनाने से रोकता है जो भ्रूण की लाल रक्त कोशिकाओं पर हमला करते हैं जिससे भ्रूण और नवजात शिशु का हेमोलिटिक रोग (एचडीएफएन) होता है।

# चर्चित स्थान

### ऑस्ट्रेलिया का भारत के साथ आर्थिक जुड़ाव के लिए नया रोडमैप

- रोडमैप **स्वच्छ ऊर्जा**, **शिक्षा और कौशल**, **कृषि व्यवसाय** और **पर्यटन** सहित चार प्रमुख '**विकास के सुपर हाईवे**' पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत और विविध बनाने पर केंद्रित है।
- ***मुख्य विशेषताएं:***
  - **ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापार और निवेश त्वरक कोष:** वाणिज्यिक अवसरों को अनलॉक करने के लिए 16 मिलियन डॉलर का निवेश।
  - भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया के जुड़ाव में तेजी लाने के लिए **50 विशिष्ट अवसरों की पहचान** करना।
  - बिजनेस टू बिजनेस जुड़ाव में तेजी लाने के लिए **ऑस्ट्रेलिया-भारत बिजनेस एक्सचेंज**।
  - **मैत्री अनुदान कार्यक्रम:** दोनों देशों के बीच लोगों से लोगों, व्यवसाय से व्यवसाय और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 4 मिलियन डॉलर।

### बलूचिस्तान




- बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों ने क्वेटा के दक्षिण में एक पहाड़ी क्षेत्र में एक ट्रेन, जाफर एक्सप्रेस को रोका और यात्रियों को बंधक बना लिया।
- नौ कोच वाली ट्रेन, जाफर एक्सप्रेस, **क्वेटा से पेशावर** जा रही थी।
- बीएलए एक **जातीय राष्ट्रवादी समूह** है जिसका लक्ष्य बलूचिस्तान की आजादी है।
- पाकिस्तान ने 2006 में बीएलए पर प्रतिबंध लगा दिया था और इसे 2019 में अमेरिका द्वारा एक वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था।

## यूनेस्को की संभावित सूची

- हाल ही में, यूनेस्को विश्व धरोहर केंद्र ने भारत की संभावित सूची में छह धरोहर स्थलों को शामिल किया।
- किसी स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने से पहले, उसे देश की संभावित सूची में शामिल किया जाता है। इन परिवर्धन के साथ ही अब भारत की संभावित सूची में **62 स्थल** हो गए हैं।
- **नामांकित 6 साइटें:**
  1. **कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान** (छत्तीसगढ़)
  2. **मुदुमल मेगालिथिक मेन्हिर** (तेलंगानां)
  3. **मौर्य मार्गों के किनारे अशोक के शिलालेख स्थल** (कई राज्य में)
  4. **चौसठ योगिनी मंदिर** (मप्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा)
  5. **उत्तर भारत में गुप्त मंदिर** (कई राज्य में)
  6. **बुंदेला राजाओं के किले-महल** (मप्र और उत्तर प्रदेश)

## गोल्ड कार्ड वीजा कार्यक्रम

- **8 मिलियन डॉलर** के भुगतान पर ग्रीन कार्ड विशेषाधिकार (स्थायी निवास) और अमेरिकी नागरिकता चाहने वाले विदेशी निवेशकों के लिए।
- यह **EB-5 कार्यक्रम** की जगह लेगा जो अमेरिकी व्यवसायों में निवेश करने वाले विदेशियों को स्थायी निवास प्रदान करता है। [निवेशकों को कम से कम 1.05 मिलियन डॉलर लगाने होंगे और अमेरिकियों के लिए कम से कम 10 नौकरियाँ पैदा करनी होंगी]
- 2023 में केवल 631 भारतीयों ने कांसुलर प्रोसेसिंग का उपयोग करके EB-5 कार्यक्रम के माध्यम से अमेरिकी ग्रीन कार्ड प्राप्त किए।

## ओलिव रिडले

- एक अध्ययन से पता चला है कि ओलिव रिडले कछुओं की संख्या बढ़ रही है।
- हालांकि, समुद्री तट की रेत का बढ़ता तापमान अंडे से निकलने वाले बच्चो के लिंगानुपात मे असंतुलन बना रहा है।

### ओलिव रिडले कछुआ

- *सबसे छोटे और सबसे प्रचुर समुद्री कछुओं में से एक है।*
- ***पर्यावास:** प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागरों के गर्म जल में पाए जाते हैं।*
- ***IUCN स्थिति :** वल्नरेबल*
- ***भारत में प्रमुख नेस्टिंग साइट्स :** ओडिशा में गहिरमाथा, रुशिकुल्या*
- ***अरिबाडा परिघटना :** अद्वितीय सामूहिक समकालिक घोंसला बनाने की घटना।*
- *भारतीय तटरक्षक ने उनकी सुरक्षा के लिए **ऑपरेशन ओलिविया** चलाया।*

## स्वालबार्ड ग्लोबल सीड वॉल्ट

- नॉर्वे स्थित सीड वॉल्ट को 21 जीन बैंकों से खाद्य फसल बीजों के 14,000 से अधिक नए नमूने प्राप्त होंगे।
- **स्थान:** आर्कटिक महासागर में उत्तरी नॉर्वे में स्वालबार्ड द्वीपसमूह का स्पिट्सबर्गेन द्वीप।
- **उद्देश्य:** बीज नमूनों के लिए बैकअप भंडारण के रूप में कार्य करना, ताकि उन्हें प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध और अन्य घटनाओं से बचाया जा सके जो अन्य स्थानों में बीज संग्रह को नुकसान पहुंचा सकती हैं।
- इसमें 4.5 मिलियन किस्मों की फसलों को संग्रहीत करने की क्षमता है।

### भारत का राष्ट्रीय जीन बैंक

- *भारत का पहला राष्ट्रीय जीन बैंक 1996 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (ICAR-NBPGR) द्वारा **नई दिल्ली** में स्थापित किया गया था। इसकी क्षमता **0.47 मिलियन यूनिट जर्मप्लाज्म** रखने की है।*
- *भारत के **दूसरे राष्ट्रीय जीन** बैंक की घोषणा **2025-26 के बजट** में की गई, ताकि देशी, पारंपरिक और दुर्लभ पौधों की किस्मों को संरक्षित करके भारत की कृषि विरासत की रक्षा की जा सके।*
- *भारत का **बीज भंडार चांग ला** (लद्दाख) में स्थित है और यह भारत की फसल विविधता के लिए बैकअप के रूप में कार्य करता है, जिसमें 5000 से अधिक बीज भंडार हैं।*

## कैस्पियन सागर

- पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने कैस्पियन सागर में तेजी से **घटते जल स्तर** पर चिंता जताई।
- उद्धृत कारणों में जलवायु संकट, कृषि के लिए अत्यधिक उपयोग और परमाणु अपशिष्ट, उद्योग से प्रदूषण शामिल हैं।

### *कैस्पियन सागर*

- *यह दुनिया का **तीसरा सबसे बड़ा अंतर्देशीय/भू-आबद्ध** जल निकाय है।*
- *इसके किनारे **कजाकिस्तान** की **तटरेखा सबसे लंबी** है।*




## दक्षिण कोरिया

- 2024 में दक्षिण कोरिया की जन्म दर 9 वर्षों में पहली बार बढ़ी है।

## मिशन 300

- **विश्व बैंक और अफ्रीकी विकास बैंक** (एएफडीबी) ने 2030 तक उप-सहारा अफ्रीका में 300 मिलियन लोगों को **बिजली उपलब्ध** कराने के लिए मिशन 300 लांच किया है।

## ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** को कोविड-19 महामारी के दौरान उनके रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए बारबाडोस सरकार द्वारा इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## वालेस रेखा

- **अल्फ्रेड वालेस** द्वारा प्रस्तावित एक अविभाज्य जैवभौगोलिक सीमा जो एशियाई और ऑस्ट्रेलियाई जीवों को अलग करती है।
- यह एक संकीर्ण दूरी पर प्रजातियों की विशेषताओं में एक नाटकीय बदलाव को दर्शाता है।
- ऑस्ट्रेलियाई और एशियाई टेक्टोनिक प्लेटों के पीछे टकराव और अंत:क्रिया अलग-अलग प्रजातियों के विकास का कारण थी।




## वानुअतु का निवेश द्वारा नागरिकता (सीबीआई) कार्यक्रम




- वानुअतु के प्रधानमंत्री जोथम नापथ ने नागरिकता आयोग को **ललित मोदी** का पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया है, उन्होंने कहा कि प्रत्यर्पण से बचना द्वीप राष्ट्र में नागरिकता के लिए वैध कारण नहीं है।
- सीबीआई कार्यक्रम को **'गोल्डन पासपोर्ट'** के रूप में जाना जाता है, जो धनी व्यक्तियों को अपना पासपोर्ट खरीदने की अनुमति देता है।
- कर-हेवन के रूप में, वानुअतु में कोई व्यक्तिगत आयकर, पूंजीगत लाभ कर, विरासत कर नहीं है, जो इसे उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्तियों के लिए आकर्षक बनाता है।

## ओमान की खाड़ी

- **रूस, ईरान और चीन** के युद्धपोतों ने ओमान की खाड़ी में **समुद्री सुरक्षा बेल्ट 2025** नौसैनिक अभ्यास में भाग लिया।




## इंडोनेशिया

- इंडोनेशिया ने ब्रिक्स समूह द्वारा स्थापित **न्यू डेवलपमेंट बैंक** में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की है।
- न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के वर्तमान में 8 सदस्य हैं। इंडोनेशिया **9वां सदस्य** बनेगा।

**न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के बारे में:**

- ***स्थापना:*** *वर्ष 2015*
- ***उद्देश्य:*** *उभरते बाजारों और विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे और सतत विकास परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना।*
- ***संस्थापक देश (5):*** *ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका*
- ***नए देश (3):*** *बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र*
- ***मुख्यालय:*** *शंघाई, चीन*
- ***वर्तमान अध्यक्ष :*** *डिल्मा रूसेफ (ब्राजील)*

## टेंगनाइका झील

- टेंगनाइका झील बेसिन में जैव विविधता, जल सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने वाली पहल का नेतृत्व संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा किया जा रहा है।




- इसे वैश्विक पर्यावरण सुविधा द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।
- आयतन के हिसाब से यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।
- इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक जैव विविधता हॉटस्पॉट के रूप में मान्यता प्राप्त है।

## यूएस बिटकॉइन रिजर्व

- यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक **रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व** और **यूएस डिजिटल एसेट स्टॉकपाइल** की स्थापना के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।

## नागोर्नो–कारबाख क्षेत्र

- **अर्मेनिया और अजरबैजान विवादित** नागोर्नो–करबाख क्षेत्र के बीच लगभग चार दशकों से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक **शांति समझौते** पर सहमत हो गए हैं।

- *नागोर्नो–काराबाख, जिसे अर्मेनियाई लोग आर्तसख कहते हैं, दक्षिण काकेशस में एक स्थल–रुद्ध, पर्वतीय क्षेत्र है।*
- *1917 में रूसी साम्राज्य के पतन के बाद , अर्मेनिया और अजरबैजान दोनों ने इस क्षेत्र पर अपना दावा पेश किया, जिसके कारण दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति बनी रही।*
- *अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अजरबैजान के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त , हाल ही तक इसका अधिकांश भाग गैर–मान्यता प्राप्त नागोर्नो–करबाख गणराज्य द्वारा शासित था, जिसे आर्ट्सख गणराज्य के रूप में भी जाना जाता है।*
- *ऐतिहासिक रूप से, इस क्षेत्र की जनसंख्या मुख्यत: जातीय अर्मेनियाई थी, तथा यह आर्मेनिया के साथ मिलकर एक स्व–स्थापित सरकार चलाती थी, हालांकि इसे आर्मेनिया या अन्य संयुक्त राष्ट्र सदस्य राज्यों से आधिकारिक मान्यता नहीं मिली थी।*




## माउंट फंटेले

- शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस के उपग्रह माप के अनुसार, यह अपने क्रेटर से असामान्य रूप से बड़ी मात्रा में मीथेन उगल रहा है।
- यह **इथियोपिया** के ओरोमिया क्षेत्र में अवाश नेशनल पार्क में स्थित एक स्ट्रैटोवोलकानो है।

## डेनमार्क का 4,000 वर्ष पुराना वुडन सर्कल

- इस संरचना में 30 मीटर व्यास में व्यवस्थित **45 वुडन पाइल्स** शामिल हैं जिनका उपयोग संभवत: अनुष्ठानों या सूर्य पूजा में किया जाता था।



**स्टोनहेंज :**

- *स्टोनहेंज इंग्लैंड के विल्टशायर में स्थित एक प्रागैतिहासिक महापाषाण स्मारक है (3100-1600 ईसा पूर्व), जिसमें संकेंद्रित वृत्तों में विशाल खड़े पत्थर हैं, जिनका उपयोग संभवतः खगोलीय, अनुष्ठानिक या दफन प्रयोजनों के लिये किया जाता था।*
- *इसे वर्ष 1986 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी गई।*

## मिस्र की गाजा पुनर्निर्माण योजना




- 4 मार्च, 2025 को **आपातकालीन अरब लीग शिखर** सम्मेलन **कैरो, मिस्र** में आयोजित हुई।
- सम्मेलन की **मेजबानी** करते हुए **मिस्र** द्वारा अगले पांच वर्षों में गाजा के पुनर्निर्माण के लिए प्रस्तुत 53 बिलियन डॉलर योजना को अरब लीग के सदस्यों ने अपनाया।
- इस योजना ने **इजरायल और फिलिस्तीन** के लिए **दो-राज्य समाधान** के लिए समूह की **प्रतिबद्धता** पर जोर दिया।
- हालांकि, **इजरायल** ने इस योजना को **खारिज** कर ट्रम्प की योजना का समर्थन किया, जो अमेरिका द्वारा गाजा पट्टी पर कब्जा करने तथा दो मिलियन से अधिक फिलिस्तीनियों को मिस्र या जॉर्डन भेजने का सुझाव देता है, इसे आलोचकों ने **जातीय सफाई** कहा है।

***योजना में तीन प्रमुख चरण शामिल हैं:***

- **चरण 1 - अंतरिम उपाय $3 बिलियन**
- **चरण 2 - पुनर्निर्माण $20 बिलियन**
- **चरण 3 - शासन $30 बिलियन**

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## SPHEREx स्पेस टेलीस्कोप

- **नासा** द्वारा लॉन्च किया गया।
- **रॉकेट:** स्पेसएक्स फाल्कन 9
- **उद्देश्य:** ऑप्टिकल और निकट-अवरक्त प्रकाश में आकाशगंगाओं का सर्वेक्षण करना। यह 450 मिलियन आकाशगंगाओं और आकाशगंगा में 100 मिलियन सितारों से डेटा एकत्र करेगा।

## गोल्डन डोम फॉर अमेरिका प्रोजेक्ट

- **अमेरिका** द्वारा घोषित योजना, जो एक अगली पीढ़ी की मिसाइल रक्षा प्रणाली है, जिसे अंतरिक्ष-आधारित इंटरसेप्टर का उपयोग करके हाइपरसोनिक, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल खतरों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है।

| विशेषता | गोल्डन डोम (यूएस) | आयरन डोम (इजराइल) |
|---|---|---|
| **दायरा** | यूएस हवाई क्षेत्र में राष्ट्रव्यापी रक्षा | क्षेत्रीय रक्षा विशेष क्षेत्रों पर केंद्रित है |
| **खतरों का मुकाबला** | हाइपरसोनिक, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें | छोटी दूरी के रॉकेट, तोपखाने के गोले और यूएवी |
| **प्रयुक्त तकनीक** | अंतरिक्ष आधारित सेंसर, इंटरसेप्टर और बहुस्तरीय रक्षा | जमीन आधारित रडार और इंटरसेप्टर |
| **तैनाती रणनीति** | भूमि, समुद्र और अंतरिक्ष परिसंपत्तियों का उपयोग करते हुए, यूएस सेना में एकीकृत | इजराइली शहरों की सुरक्षा के लिए प्रमुख स्थानों पर तैनात |

## फायरसैट

- फायरसैट परियोजना का पहला उपग्रह सफलतापूर्वक पृथ्वी की निचली कक्षा **(LEO)** में स्थापित हुआ।
- **विकसित:** गूगल रिसर्च, अर्थ फायर अलायंस, गॉर्डन एंड बेट्टी मूर फाउंडेशन और माउन स्पेस द्वारा।
- इसमें 50 उपग्रहों वाला LEO समूह होगा।
- **उद्देश्य: जंगल** में लगी **आग** का पता लगाने के लिए उच्च रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें प्रदान करना और एआई का उपयोग करके हर 20 मिनट में अपडेट प्रदान करना।

## स्पैडेक्स मिशन

- स्पैडएक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (SpaDeX)) मिशन एक लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है, जो 30 दिसंबर, 2024 को **इसरो** के **PSLV-C60** द्वारा श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया और 13 मार्च, 2025 को पहले ही प्रयास में उपग्रहों को अनडॉक करने का महत्वपूर्ण कार्य पूरा कर लिया।
- **उद्देश्य** –
  - दो छोटे अंतरिक्ष यान (चेजर और टारगेट, प्रत्येक लगभग 220 किग्रा) को पृथ्वी की निचली कक्षा में मिलन, डॉकिंग और अनडॉकिंग के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी का विकास और प्रदर्शन करना है।
  - डॉक किए गए अंतरिक्ष यान के बीच विद्युत शक्ति के हस्तांतरण का प्रदर्शन।
  - समग्र अंतरिक्ष यान नियंत्रण।
  - अनडॉकिंग के बाद पेलोड संचालन।
- **अवधि:** मिशन 2 साल तक चलेगा।
- **अमेरिका, रूस और चीन** के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाला **भारत विश्व का चौथा देश** बन गया।

## नवजात शिशुओं में सेप्सिस

- **लैंसेट** ग्लोबल हेल्थ जर्नल के अध्ययन अनुसार सेप्सिस से पीड़ित एक तिहाई से अधिक नवजात शिशुओं की मृत्यु हो सकती है।

***नवजात शिशुओं में सेप्सिस के बारे में***

- *यह एक रक्त संक्रमण है जो 90 दिनों से कम उम्र के शिशु में होता है।*
- *एस्चेरिचिया कोली (ई कोली), लिस्टेरिया और स्ट्रेप्टोकोकस के कुछ उपभेदों जैसे बैक्टीरिया के कारण सेप्सिस होता है।*
- ***लक्षण:*** *शरीर के तापमान में परिवर्तन, सांस लेने में समस्या और दस्त या मल त्याग में कमी आदि।*
- ***उपचार:*** *नवजात शिशुओं में सेप्सिस का इलाज एंटीबायोटिक दवाओं के माध्यम से संभव है।*
- *इसके परिणामस्वरूप हर साल दुनिया भर में 5,50,000 से अधिक मौतें होती हैं और भारत में संक्रमण से संबंधित मौतों का लगभग एक-चौथाई हिस्सा वैश्विक स्तर पर होता है।*

## सीएआर टी-सेल थेरेपी

- द **लैंसेट** में प्रकाशित भारत की पहली सीएआर टी-सेल थेरेपी के नैदानिक परीक्षण के परिणाम बताते हैं कि यह लगभग **73 प्रतिशत रोगियों के लिए कारगर** रही।

- ***काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी-सेल थेरेपी****, शरीर की अपनी प्रतिरक्षा कोशिकाओं को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए प्रशिक्षित करती है।*
- *यह उपचार विशिष्ट प्रकार के रक्त कैंसर के लिए डिजाइन किया गया है और उन रोगियों को दिया जाता है जिनका कैंसर या तो फिर से उभर आया है या जिसने पहले चरण के उपचार पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।*

## हंटावायरस

- एक दुर्लभ लेकिन घातक वायरस हंटावायरस पल्मोनरी सिंड्रोम (HPS) और रेनल सिंड्रोम (HFRS) के साथ रक्तस्रावी बुखार का कारण बनता है, जिससे गंभीर श्वसन संकट और किडनी फेलियर होता है।
- हंटावायरस **संक्रमित कृन्तकों** जैसे हिरण चूहों, चावल के चूहों और कपास के चूहों द्वारा फैलता है।
- मनुष्य संक्रमित कृंतक मूत्र, मल या लार के संपर्क के माध्यम से वायरस से संक्रमित होते हैं।
- साँस लेना संक्रमण का प्राथमिक तरीका है। किसी भी **मानव-से-मानव संक्रमण की पुष्टि नहीं** हुई है।
- लक्षणों में बुखार, मांसपेशियों में दर्द, सांस की तकलीफ, खांसी, तीव्र श्वसन संकट सिंड्रोम, आंतरिक रक्तस्राव और किडनी फेलियर शामिल हैं।
- **कोई विशिष्ट इलाज नहीं**, सहायक चिकित्सा देखभाल ही एकमात्र विकल्प है।

## लूनर ट्रेलब्लेजर ऑर्बिटर

- **नासा** ने **लॉकहीड मार्टिन** के साथ मिलकर अंतरिक्ष यान का निर्माण किया।
- फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से **स्पेसएक्स फाल्कन 9** रॉकेट पर प्रक्षेपित किया गया।

- यह **चंद्र सतह** पर **पानी** के उच्च-रिजॉल्यूशन मानचित्र तैयार करेगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि पानी कहाँ है, यह किस रूप में है, कितना है, और यह समय के साथ कैसे बदलता है।

## तम्बाकू

- भारत का तम्बाकू **निर्यात** पिछले चार वर्षों में **दोगुना** हो गया है।
- **चीन** के बाद भारत **दूसरा** सबसे बड़ा **उत्पादक** है।
- **ब्राजील** के बाद **दूसरा** सबसे बड़ा **निर्यातक**।
- **प्रमुख उत्पादक राज्य:** गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, यूपी और बिहार।
- **अनुकूल परिस्थितियाँ:**
  - **तापमान:** 20° से 27°C के बीच
  - **वर्षा:** फसल उगाने के मौसम के दौरान कम से कम 500 मिमी अच्छी तरह से वितरित वर्षा।
  - **मिट्टी:** रेतीली या रेतीली दोमट मिट्टी (अपवाद आंध्र प्रदेश की भारी काली मिट्टी)।

## एंथुरियम फूल



- कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) ने **मिजोरम से सिंगापुर** तक एंथुरियम फूलों के पहले निर्यात की सुविधा प्रदान की है।
- यह एक **उष्णकटिबंधीय फूल** वाला पौधा है जो अपने सजावटी मूल्य और **वायु-शोधक गुणों** के लिए जाना जाता है।
- घर के अंदर हवा की गुणवत्ता में सुधार करने की क्षमता के कारण इसे **नासा की वायु-शोधक पौधों की सूची में शामिल** किया गया था।

## डेल चिली

- कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण **(APEDA)** ने **सिक्किम से सोलोमन द्वीप** तक **GI टैग वाली डेल चिली** की पहली खेप का सफलतापूर्वक निर्यात किया।
- डेल चिली (जिसे फायर बॉल चिली या डेल खुरसानी के नाम से भी जाना जाता है) अपने तीखेपन, चमकीले लाल रंग और उच्च पोषण मूल्य के लिए प्रसिद्ध है।
- यह पोटेशियम के साथ-साथ विटामिन ए, सी और ई से भरपूर है।

## क्वांटम सैटेलाइट लिंक

- **दक्षिण अफ्रीका और चीन ने 12900 किलोमीटर** की दूरी तय करने वाला **दुनिया का सबसे लंबा अंतरमहाद्वीपीय क्वांटम सैटेलाइट लिंक** स्थापित किया है।
- यह लिंक दक्षिणी गोलार्ध में पहला क्वांटम सैटेलाइट संचार है।
- यह लिंक सुरक्षित क्वांटम संचार के लिए चीनी क्वांटम माइक्रोसैटेलाइट जिनान-1 का उपयोग करता है।

## पोलारिमेट्री टू यूनिफाई द कोरोना एंड हेलियोस्फीयर (PUNCH) मिशन

- **पहल:** नासा
- **प्रक्षेपण:** कैलिफोर्निया, अमेरिका से फाल्कन-9 रॉकेट का उपयोग करके।
- **उद्देश्य:** यह एक उन्नत सौर अवलोकन परियोजना है जिसे सूर्य के बाहरी वायुमंडल का अध्ययन करने, सौर हवाओं की उत्पत्ति को ट्रैक करने और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) का विश्लेषण करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- यह पहला सौर मिशन है जिसे विशेष रूप से सूर्य के कोरोना और सौर हवा को 3 डी में मापने के लिए प्रकाश के ध्रुवीकरण का उपयोग करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### *मिशन डिजाइन और उपकरण*

- इसमें चार समान, सूटकेस के आकार के उपग्रह हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन लगभग 64 किलोग्राम है।
- यह मिशन सूर्य के कोरोना की उच्च-रिजॉल्यूशन वाली छवियों को कैप्चर करने के लिए तीन वाइड फील्ड इमेजर्स (WFI) और एक नैरो फील्ड इमेजर (NFI) तैनात करेगा।
- प्रत्येक कैमरा हर चार मिनट में ध्रुवीकृत छवियां और हर आठ मिनट में अध्रुवित छवियां लेगा, जिससे वैज्ञानिकों को सौर हवा और कोरोना का विस्तृत 3D प्रतिनिधित्व बनाने में मदद मिलेगी।

### सूर्य के कोरोना का अध्ययन करने वाले मिशन

- *आदित्य L-1 मिशन (इसरो): यह सूर्य और उसके कोरोना का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित वेध शाला वर्ग का भारतीय सौर मिशन था।*
- *प्रोबा-3 मिशन (यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी)*
- *पार्कर सोलर प्रोब (नासा)*

## गिलोय (टिनोस्पोरा कॉर्डिफोलिय)

- **पबमेड डेटा** के अनुसार, पिछले एक दशक मे गिलोय से जुड़े **अनुसंधान** मे **376.5% की वृद्धि** हुई है। यह तथ्य चिकित्सा मे गिलोय के प्रति बढ़ती वैश्विक रुचि को दर्शाता है।

### गिलोय के बारे मे:

- *भारत में गुडूची और अमृता के नाम से भी जाना जाता है।*
- *यह भारत के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की स्थानिक पादप प्रजाति है (25-45°C तापमान जरूरी)।*
- *लाभ: इसमे रोगाणुरोधी, सूजन कम करने वाले, एंटीऑक्सीडेट और मधुमेह नियंत्रण करने वाले गुण होते हैं।*

## मंगल ग्रह का लाल रंग

- एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि मंगल ग्रह का लाल रंग पहले से अनुमानित हेमेटाइट के बजाय **फेरिहाइड्राइट** (एक पानी से निर्मित लौह ऑक्साइड) के कारण है।
- फेरीहाइड्राइट ठंडी, पानी से भरपूर स्थितियों में बनता है, जबकि हेमेटाइट शुष्क, गर्म स्थितियों में बनता है।

## नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने तांबा-कोबाल्ट अन्वेषण के लिए जाम्बिया में 9,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र सुरक्षित किया है।
- भारत पहले से ही दक्षिण अमेरिका (अर्जेटीना, चिली) और ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय है, जहां खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड लिथियम और कोबाल्ट परिसंपत्तियों की खोज कर रहा है।

### नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन

- *इसका उद्देश्य क्रिटिकल मिनरल्स के आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना और उच्च तकनीक उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा तथा राष्ट्रीय रक्षा के लिये आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है।*
- *मिशन में खनिज अन्वेषण, खनन, लाभकारी, प्रसंस्करण और जीवन के अंत के उत्पादों से पुनर्प्राप्ति जैसे सभी चरण शामिल है।*

*क्रिटिकल मिनरल्स की भूमिका:*

- *हरित ऊर्जा: सौर पैनलों, पवन टर्बाइनों, इलेक्ट्रिक वाहन (EV) बैटरी और हाइड्रोजन ईंधन कोशिकाओं के लिये आवश्यक हैं।*
- *इलेक्ट्रॉनिक्स: अर्द्ध-चालक, फाइबर ऑप्टिक्स और सर्किट बोर्ड में उपयोग*
- *रक्षा: मिसाइल मार्गदर्शन प्रणालियों, विमान और उपग्रह प्रौद्योगिकियों में आवश्यक है।*
- *चिकित्सा उपकरण: मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (MRI) मशीनों, पेसमेकर आदि।*

## औसीलट

- **अमेजॅन** द्वारा लॉन्च की गई एक क्वांटम कंप्यूटिंग चिप।
- इसमें दो एकीकृत सिलिकॉन माइक्रोचिप्स शामिल हैं।
- यह त्रुटि सुधार को बेहतर बनाने के लिए कैट क्विबिट्स का उपयोग करता है।

## GAIA

- **यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी** ने अपना अंतरिक्ष वेधशाला मिशन, GAIA बंद कर दिया।
- यह हमारी आकाशगंगा, मिल्की वे का त्रि-आयामी मानचित्र बनाने का मिशन था।

## सफेद हाइड्रोजन

- **फ्रांस ने मोसेल के फॉल्सविलर** में **प्राकृतिक हाइड्रोजन** का विशाल भंडार खोजा है।
- इस भंडार में 46 मिलियन टन सफेद हाइड्रोजन होने का अनुमान है।

- सफेद हाइड्रोजन को प्राकृतिक, गोल्ड या भूगर्भीय हाइड्रोजन के रूप में भी जाना जाता है।
- अन्य प्रकार के हाइड्रोजन के विपरीत, इसे औद्योगिक उत्पादन की आवश्यकता नहीं होती है, इसलिए ईंधन के रूप में उपयोग किए जाने पर यह कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित नहीं करता है।
- अमेरिका, रूस और ऑस्ट्रेलिया में भी सफेद हाइड्रोजन के भंडार की पहचान की गई है।

# सम्मेलन/समझौते/बैठक

## तंबाकू नियंत्रण पर डब्ल्यूएचओ फ्रेमवर्क कन्वेंशन

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तंबाकू नियंत्रण पर अपने फ्रेमवर्क कन्वेंशन के लागू होने की 20वीं वर्षगांठ मनाई।
- वर्तमान में कन्वेंशन में 181 पक्ष हैं ।
- यह तंबाकू की मांग के साथ-साथ आपूर्ति को कम करने के लिए विभिन्न उपायों का प्रावधान करता है।

## वैश्विक आसूचना एवं सुरक्षा प्रमुखों का चौथा सम्मेलन

- **रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (RAW) और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय** द्वारा आयोजित।
- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार **अजीत डोभाल** ने मेजबानी की।
- म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन और शांगरी-ला वार्ता से प्रेरित।
- यह रायसीना डायलॉग **(नई दिल्ली)** के हिस्से के रूप में आयोजित **एक उच्च स्तरीय वार्षिक सुरक्षा वार्ता**।
- इस कार्यक्रम में 5 आईज अलांयस के प्रमुखों सहित 20 से अधिक देशों के असूचना अधिकारियों ने भाग लिया।
- **मुख्य एजेंडा:** आतंकवाद का मुकाबला, इंडो-पैसिफिक सहयोग, वैश्विक चुनौतियाँ, वैश्विक सुरक्षा।

***फाइव आइज एलायंस क्या है?***

- *यह एक आसूचना-साझाकरण गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।*
- ***परिचालन का दायरा:***
  - *वैश्विक संचार का अवरोधन, संग्रहण, विश्लेषण और डिक्रिप्शन।*
  - *पाँचों देशों के मध्य स्वचालित गुप्त जानकारी साझा करना।*

## अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण का 30वाँ सत्र

- **जमैका** में आयोजित।
- यह 1994 में गठित एक स्वतंत्र संगठन है, जिसे संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (UNCLOS) के तहत बनाया गया था, जो 1982 में प्रभावी हुआ।
- इसकी मुख्य भूमिका अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल पर खनन और संबंधित गतिविधियों का प्रबंधन करना है।

## UN80 पहल

- **संयुक्त राष्ट्र** के भीतर **दक्षता बढ़ाने** और **लागत कम** करने के लिए एक सुधार रणनीति।
- **महासचिव एंटोनियो गुटेरेस** द्वारा संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ पर शुरू की गई।

## 'भारत 2047: जलवायु-लचीला भविष्य निर्माण'

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय (यूएसए) के दो संस्थानों के सहयोग से नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक सम्मेलन आयोजित किया।

## संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (CBD) के लिए पार्टियों का 16वाँ सम्मेलन (COP16)

- CBD के लिए COP 16 मूल रूप से 21 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2024 तक **कैली, कोलंबिया** में आयोजित किया गया था।
- हालाँकि, अनसुलझे मुद्दों (**फंडिंग विवाद और कोरम की कमी**) के कारण बैठक स्थगित कर दी गई थी।
- बाद में 25 से 27 फरवरी, 2025 तक **रोम, इटली** में **खाद्य और कृषि संगठन (FAO) मुख्यालय** में पुनः सत्र आयोजित किया गया।
- जैव विविधता वित्त को बढ़ावा देने के लिए रोम में **'कैली फंड'** लॉन्च किया गया।

**कैली फंड के बारे में**

- यह एक नया अंतर्राष्ट्रीय कोष है जिसे जैव विविधता की रक्षा में मदद करने के लिए बनाया गया है।
- यह निजी कंपनियों से धन एकत्र करेगा। ये कंपनियाँ अपने व्यवसायों में प्रकृति से आनुवंशिक डेटा का उपयोग करती हैं।

- इस नई प्रणाली के तहत, उन्हें अब जैव विविधता प्रयासों का समर्थन करने के लिए अपने राजस्व का एक हिस्सा देना होगा।
- एकत्रित धन का उपयोग कई तरीकों से किया जाएगा।
  - यह जैव विविधता संरक्षण परियोजनाओं का समर्थन करेगा।
  - विकासशील देशों को उनकी जैव विविधता कार्य योजनाओं को लागू करने में मदद करेगा।
  - आनुवंशिक डेटा को संग्रहीत और उपयोग करने के तरीके को बेहतर बनाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान को निधि देगा।
  - इसके कम से कम 50 प्रतिशत संसाधन स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों को दिए जाएँगे, जो प्रकृति की रक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देते हैं।
- इस कोष का प्रबंधन संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा किया जाएगा।

## 16वाँ जम्बो मजूमदार अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार

- वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायुसेना सभागार में सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज द्वारा आयोजित 16वें 'जम्बो' मजूमदार अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन किया।
- **थीम:** 'ईवाल्विंग डाइनैमिक्स ऑफ एयरोस्पेस पावर'

## 'इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए महामारी की तैयारियों पर क्वाड कार्यशाला'

- क्वाड की अध्यक्षता में भारत द्वारा नई दिल्ली में आयोजित।

## स्क्वाड एलायंस

- फिलीपींस ने भारत से स्क्वाड एलायंस में शामिल होने का आग्रह किया।

***स्क्वाड एलायंस***

- *अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस को शामिल करने वाला एक अनौपचारिक मिनीलेटरल गठबंधन।*
- ***उद्देश्य:** इंडो-पैसिफिक महासागर क्षेत्र में आक्रामकता को संबोधित करना और स्थिरता बनाए रखना।*
- *यह क्वाड से अलग है जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।*

## द्विपक्षीय स्वैप एग्रीमेंट

- **भारत और जापान** ने 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय करेंसी स्वैप समझौते को नवीनीकृत किया है।
- यह द्विपक्षीय करेंसी स्वैप व्यवस्था है, जिससे दोनों देश जरूरत पड़ने पर अपनी स्थानीय मुद्रा के बदले अमेरिकी डॉलर का विनिमय कर सकते है।

## 24वें विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन

- ऊर्जा और संसाधन संस्थान (TERI) ने नई दिल्ली में आयोजन किया।
- **विषय:** सतत विकास और जलवायु समाधान में तेजी लाने के लिए साझेदारी।
- **लक्ष्य:** वैश्विक नेताओं को चर्चा और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करना।

## प्रत्यर्पण संधि

- अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने भारत को प्रत्यर्पण के खिलाफ **तहव्वुर राणा** की याचिका को खारिज कर दिया, जिससे **26/11 मुंबई आतंकवादी हमले** के मामले में उसके खिलाफ मुकदमा चलाने का रास्ता साफ हो गया।
- भारत 2011 से राणा के प्रत्यर्पण की कोशिश कर रहा है, लेकिन अमेरिकी कानूनी प्रणाली में देरी के कारण यह प्रक्रिया लंबी खिंच गई।

***प्रत्यर्पण संधि:***

- *प्रत्यर्पण संधि दो देशों के बीच गंभीर अपराधों के आरोपी या दोषी व्यक्तियों को स्थानांतरित करने के लिए एक औपचारिक समझौता है।*
- *भारत की 48 देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियाँ हैं, जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, फ्रांस, जर्मनी, रूस और दक्षिण कोरिया शामिल हैं।*
- *भारत ने 12 अतिरिक्त देशों के साथ भी प्रत्यर्पण व्यवस्था की है, जो मामले-विशिष्ट प्रत्यर्पण की अनुमति देता है।*

## मेक द वर्ल्ड वियर खादी

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से भारतीय विज्ञापन एजेंसी संघ द्वारा आयोजित।
- यह पहल अनूठे विज्ञापन द्वारा खादी को लोकप्रिय वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित करेगी।

# रिपोर्ट/सूचकांक

## 7वीं विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2024

- **IQAir** द्वारा जारी की गई।
- 2024 में सबसे प्रदूषित देश चाड, बांग्लादेश, पाकिस्तान, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और भारत थे।
- **ओशिनिया** दुनिया का **सबसे स्वच्छ** क्षेत्र है।
- दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में स्थित हैं, जिसमें **दिल्ली** दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बनी हुई है।
- असम-मेघालय सीमा पर स्थित **बर्नीहाट** भारत का सबसे प्रदूषित क्षेत्र है।

## 37वाँ वैश्विक वित्तीय केंद्र सूचकांक

- गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी **(GIFT सिटी)** को भारत में शीर्ष स्थान दिया गया है, जो दुनिया भर के 119 वित्तीय केंद्रों में **46वें स्थान** पर है।
- इसे Z/Yen Group (लंदन) और चाइना डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (शेनझेन) द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित किया जाता है।
- सूचकांक में न्यूयॉर्क शीर्ष पर है, जबकि लंदन दूसरे स्थान पर है। हांगकांग सिंगापुर से आगे तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

## वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025

- **जारीकर्ता** – इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस।
- आतंकवाद के प्रभाव के आधार पर **बुर्किना फासो** पहले स्थान पर है, उसके बाद पाकिस्तान, सीरिया और माली हैं।
- सूचकांक में **भारत 163 देशों में 14वें स्थान** पर है।
- **इस्लामिक स्टेट** को दुनिया का सबसे **खतरनाक आतंकवादी संगठन** बताया गया है।
- आतंकवाद से प्रभावित देशों की संख्या में वृद्धि हुई है।

## एक पीढ़ी मे उच्च आय वाली अर्थव्यस्थता बनना

- **विश्व बैंक** ने रिपोर्ट जारी की ।
- 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के लिए, भारत को अगले 22 वर्षों में 7.8% की वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर बनाए रखनी होगी।
- देश की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2000 के बाद से लगभग तीन गुनी हो गई है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसकी हिस्सेदारी 2023 में दोगुनी होकर 3.4% हो गई है।
- भारत ने 2000 और 2024 के बीच 6.3% की औसत विकास दर हासिल करते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है, और वर्तमान में 2032 तक ऊपरी मध्य देश बनने की राह पर है (2007-08 में निम्न मध्य आय देश का दर्जा हासिल किया।
- रिपोर्ट नीतिगत कार्रवाई के लिए चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत करती है-

1. **निवेश को बढ़ावा देना:**
   - एफडीआई प्रवाह को प्रोत्साहित करना।
   - 2035 तक निजी और सार्वजनिक निवेश को 33.5% से बढ़ाकर 40% करना।
2. **श्रम बल की भागीदारी बढ़ाना:**
   - 2047 तक समग्र श्रम बल भागीदारी को 56.4% से बढ़ाकर 65% करना।
   - महिला श्रम बल भागीदारी को 35.6% से बढ़ाकर 50% करना।
   - कौशल वृद्धि कार्यक्रमों के माध्यम से मानव पूंजी विकास में निवेश करना।
3. **संरचनात्मक परिवर्तन और प्रौद्योगिकी अपनाना:**
   - वियतनाम और चीन जैसे वैश्विक साथियों के साथ जुड़ने के लिए कृषि रोजगार को 45% से कम करना।
   - वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में डिजिटलीकरण और एकीकरण को बढ़ावा देना।
4. **क्षेत्रीय विकास को सक्षम बनाना:**
   - अविकसित राज्यों में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पर ध्यान देना।
   - विकसित राज्यों को व्यापार सुधारों और वैश्विक व्यापार भागीदारी को गहरा करने के लिए प्रोत्साहित करना।

## भारत का धन प्रेषण रुझान 2024

- भारतीय रिजर्व बैंक के भारत के धन प्रेषण सर्वेक्षण (2023-24) के छठे दौर में यह निष्कर्ष निकला कि विकसित अर्थव्यवस्थाएँ (अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम,

सिंगापुर, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया), भारत में धन प्रेषण में शीर्ष योगदानकर्त्ता के रूप में खाड़ी देशों से आगे निकल गए हैं।

- भारत का कुल धन प्रेषण दोगुने से भी अधिक हो गया है, जो वर्ष 2010-11 में 55.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 118.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।
- वर्ष 2023-24 में अमेरिका 27.7% के साथ सबसे आगे है, उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (UAE) 19.2% के साथ दूसरे स्थान पर है।
- ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने 50% से अधिक का योगदान दिया।
- खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) देशों (UAE, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान, बहरीन) की कुल हिस्सेदारी 2023-24 में 38% है, जो 2016-17 में लगभग 47% थी।
- महाराष्ट्र (20.5%) शीर्ष प्राप्तकर्ता रहा, उसके बाद केरल (19.7%), तमिलनाडु (10.4%), तेलंगाना (8.1%), और कर्नाटक (7.7%) का स्थान रहा।

***भारत में धन प्रेषण के स्रोत में बदलाव के क्या कारण हैं?***

- *उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मजबूत नौकरी बाजार, विशेष रूप से कुशल भारतीय प्रवासियों के लिए उच्च वेतन वाली नौकरियाँ प्रदान करते हैं।*
- *आर्थिक विविधीकरण और स्वचालन ने खाड़ी क्षेत्र में कम कुशल भारतीय श्रमिकों की मांग को कम कर दिया है।*
- *कई भारतीय प्रवासी जो कोविड-19 के दौरान खाड़ी से लौटे और बाद में बेहतर वित्तीय अवसरों के लिए उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में चले गए।*
- *भारत में प्रवासन पैटर्न बदल रहा है क्योंकि केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे दक्षिणी राज्य खाड़ी की तुलना में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं।*
- *उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय छात्रों की बढ़ती संख्या [कनाडा में 32% भारतीय छात्र रहते हैं, उसके बाद अमेरिका (25.3%), ब्रिटेन (13.9%) और ऑस्ट्रेलिया (9.2%)] जो वहीं रहकर काम करते है जिसने भी धन विप्रेषण को बढ़ावा दिया है।*

## वैश्विक ऊर्जा समीक्षा 2024 रिपोर्ट

- **अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी** द्वारा प्रकाशित।
- वैश्विक ऊर्जा मांग में **2.2% की वृद्धि हुई**, जिसमें उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान 80% रहा।
- नवीकरणीय ऊर्जा ने 38% वृद्धि दर्ज की, जिसने रिकॉर्ड 700 गीगावाट की वृद्धि की। चीन (340 गीगावाट सौर, 80 गीगावाट पवन) और भारत (30 गीगावाट सौर) प्रमुख योगदानकर्ता रहे।
- वैश्विक स्तर पर कोयले की मांग में 1% की वृद्धि हुई, चीन (कोयले से 60% बिजली) और भारत (75%) शीर्ष उपभोक्ता रहे।

## फ्यूचर ऑफ फ्री स्पीच इंडेक्स, 2025

- फ्यूचर ऑफ फ्री स्पीच (एक स्वतंत्र अमेरिकी थिंक टैंक) द्वारा 'दुनिया में कौन फ्री स्पीच का समर्थन करता है?' शीर्षक से अपनी रिपोर्ट जारी की।
- **भारत 62.6 स्कोर के साथ 33 देशों में से 24वें स्थान** पर रहा।
- **नॉर्वे**(87.9) और डेनमार्क(87.0) रैंकिंग में सबसे आगे हैं, जो फ्री स्पीच और असहमति के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं।
- इंडोनेशिया (56.8), मलेशिया (55.4) और पाकिस्तान (57.0) ने सबसे बड़ा सुधार दिखाया।
- अमेरिका, इजरायल और जापान सहित कई **लोकतांत्रिक देशों** में 2021 के बाद से फ्री स्पीच समर्थन में **गिरावट** देखी गई है।

## यूएन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (पूर्ववर्ती UNCTAD) ने 'ए वर्ल्ड ऑफ डेब्ट रिपोर्ट 2024' जारी की

- सार्वजनिक ऋण (संप्रभु ऋण) सरकार द्वारा घरेलू या बाहरी स्रोतों से उधार लेकर अपने राजस्व से अधिक व्यय को वित्तपोषित करने के लिए एकत्रित किया गया कुल वित्तीय दायित्व है।
- वैश्विक सार्वजनिक ऋण 2023 में 97 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें विकासशील देशों का ऋण विकसित देशों की तुलना में दोगुनी तेजी से बढ़ रहा है।
- भारत का सार्वजनिक ऋण 2.9 ट्रिलियन डॉलर दर्ज किया गया।

### *आर्थिक समीक्षा 2024-25*

- *भारत का सामान्य सरकारी ऋण जीडीपी का लगभग 81% है।*
- *भारत का बाह्य ऋण जीडीपी का लगभग 18.6% है (शीर्ष 6 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में दूसरा सबसे कम)।*
- *एफआरबीएम अधिनियम ऋण को जीडीपी के 60% की सीमा निर्धारित करता है।*

## न्यूनतम आहार विविधता संकेतक

- संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग ने सतत विकास लक्ष्य 2 (SDG 2) की दिशा में प्रगति को ट्रैक करने के लिए न्यूनतम आहार विविधता पर एक नया संकेतक को अंगीकृत किया है, जिसका उद्देश्य 2030 तक शून्य भूखमरी को प्राप्त करना है।
- यह नया संकेतक **आहार की गुणवत्ता** का आकलन करने तथा उपभोग किए गए भोजन में **कैलोरी सेवन** के साथ **पोषण मूल्य** पर भी ध्यान केन्द्रित करता है।
- यह **24 घंटे की अवधि में खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों** की **विविधता को मापता है**। यह **संकेतक 10 खाद्य समूहों के सेवन को ट्रैक** करता है - अनाज, दालें, दूध, फल, सब्जियाँ आदि।
- इस संकेतक का **प्रबंधन FAO और यूनिसेफ** द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।
- इसे दो प्रमुख जनसंख्या में मापा जाएगा: **बच्चे और प्रजनन आयु की महिलाएँ।**
- यह सूचक एक **हां/नहीं माप है :** क्या इन समूहों के व्यक्तियों ने पिछले 24 घंटों में दस परिभाषित खाद्य समूहों में से न्यूनतम पांच का सेवन किया है।

## ''बीजिंग के 30 साल बाद महिला अधिकारों की समीक्षा'' रिपोर्ट

- संयुक्त राष्ट्र की **यूएन विमेन** द्वारा प्रकाशित, जो लैंगिक समानता की प्रगति में चिंताजनक बाधाओं पर प्रकाश डालती है।
- रिपोर्ट बीजिंग प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन (BPFA) पर वैश्विक प्रगति की समीक्षा करती है, जिसे 1995 में 189 देशों (भारत सहित) द्वारा 12 प्रमुख क्षेत्रों में लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने के लिए अपनाया गया था।

***महिलाओं के लिए प्रमुख चुनौतियाँ :***

- महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी पुरुषों की तुलना में 30 प्रतिशत कम बनी हुई है (25-54 आयु वर्ग के लिए 63% बनाम 92%)।
- महिलाएँ अभी भी पुरुषों की तुलना में 20% कम कमाती हैं।
- 2024 में 393 मिलियन महिलाएँ अत्यधिक गरीबी में रही।
- सामाजिक सुरक्षा कवरेज सीमित बनी हुई है। 2 बिलियन से अधिक महिलाओं को लाभ तक पहुँच नहीं है।
- कम आय वाले देशों में 10 में से 9 लड़कियों में डिजिटल साक्षरता का अभाव है।
- दुनिया भर में 736 मिलियन महिलाएँ (हर 3 में से 1 महिला) शारीरिक या यौन हिंसा का अनुभव करती हैं।
- केवल 23% सांसद और 27% कैबिनेट मंत्री महिलाएं हैं।
- जलवायु परिवर्तन के कारण 2050 तक 236 मिलियन अतिरिक्त महिलाओं और लड़कियों को खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ सकता है।

## ''महिलाएं और अर्थव्यवस्था: बीजिंग घोषणा के 30 वर्ष बाद'' रिपोर्ट

- **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन** (ILO) ने रिपोर्ट जारी की।

***मुख्य निष्कर्ष:***

- वर्तमान में महिलाएँ वैश्विक स्तर पर केवल 30% प्रबंधकीय पदों पर हैं।
- वर्ष 2024 में 46.4% कामकाजी आयु की महिलाएँ कार्यरत थीं, जबकि पुरुषों में यह संख्या 69.5% थी, जो निरंतर लैंगिक रोजगार अंतर को दर्शाता है।
- 2024 में वेतनभोगी रोजगार में महिलाएँ पुरुषों की तुलना में प्रति सप्ताह लगभग 6 घंटे और 25 मिनट कम काम करती हैं।
- महिलाएँ पुरुषों की तुलना में अवैतनिक देखभाल कार्यों पर 3.2 गुना अधिक घंटे बिताती हैं, जो श्रम के असमान वितरण में योगदान देता है।
- कार्यस्थल पर यौन हिंसा और उत्पीड़न का अनुभव करने की संभावना महिलाओं में पुरुषों की तुलना में 1.6 गुना अधिक है, जिसमें युवा महिलाएँ और प्रवासी महिलाएँ अधिक जोखिम में हैं।

## संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025

- यूएन-वाटर की ओर से यूनेस्को विश्व जल मूल्यांकन कार्यक्रम द्वारा प्रकाशित।
- **थीम:** वाटर टावर्स: पर्वत और ग्लेशियर
- ग्लेशियर पिछले दशक (2011-2020) की तुलना में 65% अधिक तेजी से पिघल रहे हैं, यदि वैश्विक तापमान 1.5-2 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो वर्ष 2100 तक 50% तक सिकुड़ सकते हैं।
- 2024 जलवायु वर्ष, 175 वर्षों में सबसे गर्म होगा, जो बढ़ते तापमान और ग्लेशियर पिघलने की कड़ी को मजबूत करता है।
- पिघलते ग्लेशियर समुद्र के स्तर को बढ़ाते हैं, जिससे प्रतिवर्ष 2 लाख से 3 लाख लोग विस्थापित होते हैं और तटीय बाढ़ का खतरा बढ़ता है।
- **21 मार्च, 2025** को संयुक्त राष्ट्र ने **पहली बार विश्व ग्लेशियर दिवस** मनाया।

## वैश्विक जलवायु स्थिति रिपोर्ट 2024

- **विश्व मौसम विज्ञान संगठन** द्वारा जारी जिसके अनुसार, भूमंडलीय तापक्रम वृद्धि पेरिस समझौते की निर्धारित सीमा 1-5°C के निकट है।
- वैश्विक तापक्रम वृद्धि पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.34-1.41 डिग्री सेल्सियस अधिक है, तथा गत 20 माहों में से 19 माहों में तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा से अधिक रहा। सितंबर 2029 तक विश्व का तापमान 1.5°C की सीमा से अधिक होने की संभावना है।
- वर्ष 2024 में चक्रवातों, बाढ़ और अनावृष्टि से हुए रिकॉर्ड स्तर के विस्थापन के कारण खाद्य संकट और भी गंभीर हो गया है, जबकि पूर्वी एशिया, दक्षिण-पूर्वी यूरोप, भूमध्य सागर, पश्चिम एशिया और दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका में हीट वेव्स की तीव्रता जारी रही।
- वर्ष 2023 में, वायुमंडलीय $CO_2$ पूर्व-औद्योगिक स्तर के 151% तक पहुँच गया, जो 800,000 वर्षों में सबसे अधिक है।
- वर्ष 2024 में महासागरीय तापमान में 65 वर्षों में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, तथा तापमान वृद्धि की दर वर्ष 1960 के बाद से दोगुनी हो गई।
- वैश्विक औसत समुद्र का स्तर रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच गया।
- pH स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है, विशेष रूप से हिंद महासागर, दक्षिणी महासागर और भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में।

## बाल मृत्यु दर के स्तर और रुझान रिपोर्ट

- संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर आकलन अंतर-एजेंसी समूह ने जारी की
- इस रिपोर्ट में बाल मृत्यु दर को कम करने में साथ भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की गई है।
- वर्ष 2000 से अब तक भारत मे पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 70 प्रतिशत तथा नवजात शिशु मृत्यु दर में 61 प्रतिशत की कमी आई है।

## विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2025

- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वेलबीइंग रिसर्च सेंटर ने गैलप, संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क के साथ साझेदारी रिपोर्ट प्रकाशित की।
- **सबसे खुशहाल देश:** फिनलैंड (लगातार 8वें वर्ष), उसके बाद डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन।
- **भारत की रैंकिंग :** 118वीं (2025), 2024 में 126 वीं।
- **दक्षिण एशियाई देशों की रैंकिंग:** नेपाल (92वें), पाकिस्तान (109वें), म्यांमार (126वें), श्रीलंका (133वें), बांग्लादेश (134वें)।
- **सबसे निचले देश:** अफगानिस्तान (147वां) (लगातार चौथा वर्ष), सिएरा लियोन (146वां), लेबनान (145वां), मलावी (144वां) और जिम्बाब्वे (143वां) शामिल हैं।
- कोस्टा रिका (6वां) और मेक्सिको (10वां) पहली बार शीर्ष दस में शामिल हुए।
- हमास के साथ चल रहे युद्ध के बावजूद, इजराइल ने रैंकिंग में उच्च स्थान (8वां) हासिल किया।
- छह प्राथमिक कारक खुशी के स्कोर को प्रभावित करते हैं:
  1. प्रति व्यक्ति जीडीपी
  2. स्वस्थ जीवन प्रत्याशा
  3. सामाजिक समर्थन
  4. जीवन के विकल्प चुनने की कथित स्वतंत्रता
  5. उदारता
  6. भ्रष्टाचार की धारणा

## ग्लोबल फॉरेस्ट विजन 2025

- यूएनडीपी, क्लाइमेट लैंड यूज अलायंस और अन्य भागीदारों के समर्थन से फॉरेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंट द्वारा जारी किया गया।
- 2023 में 6.37 मिलियन हेक्टेयर वन नष्ट हो गए।
- वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए ब्राजील के बीफ उद्योग के कारण 800 मिलियन से अधिक पेड़ नष्ट हो गए (2017-2022)।
- इंडोनेशिया और मलेशिया में पाम ऑयल के विस्तार से जैव विविधता को खतरा है, जिससे ऑरंगुटान और सुमात्रा बाघ विलुप्त होने की ओर बढ़ रहे हैं।

**फॉरेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंट (वन घोषणा आकलन)**

- *2015 में न्यूयॉर्क वन घोषणा प्रगति आकलन (एनवाईडीएफ) के रूप में लॉन्च किया गया था।*
- *एनवाईडीएफ एक स्वैच्छिक, गैर-बाध्यकारी घोषणा है, जिसे 2014 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में अपनाया गया था।*
- *इसमें 10 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 2030 तक वनों की कटाई को रोकना और 350 मिलियन हेक्टेयर क्षरित भूभाग को बहाल करना शामिल है।*
- *भारत ने अभी तक एनवाईडीएफ पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।*

## अंतर्राष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण में रुझान, 2024

- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) द्वारा जारी आंकड़े।
- **यूक्रेन** दुनिया का सबसे **बड़ा हथियार आयातक** बन गया है (आयात में 100 गुना वृद्धि हुई)।
- अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक है।
- **रूस** के हथियारों के निर्यात में 64% की गिरावट आई, जिससे वह **फ्रांस के बाद तीसरे स्थान** पर आ गया।
- **भारत दूसरा सबसे बड़ा** हथियार आयातक है। घरेलू उत्पादन वृद्धि के कारण भारत के हथियारों के आयात में 9.3% की गिरावट [2015-2020] आई। रूस भारत के लिए शीर्ष आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

## हानि एवं क्षति कोष

- **अमेरिका** ने हानि एवं क्षति कोष (एलडीएफ) से अपना **नाम वापस** ले लिया है, जिससे पेरिस समझौते और हरित जलवायु कोष जैसी वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं से उसका अलगाव और बढ़ गया है।
- कोष की स्थापना मिस्र में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी 27 में की गई थी।
- यह विकसित देशों के योगदान से जलवायु में होने वाले नुकसान का सामना कर रहे विकासशील और छोटे द्वीपीय देशों की सहायता करता है।
- एलडीएफ के तहत लगभग $750 मिलियन देने का वादा किया गया है, जिसमें से अमेरिका ने नाम वापस लेने से पहले $17.5 मिलियन का योगदान दिया था।

# सैन्य अभ्यास

## अभ्यास खंजर

- 12वां संस्करण **किर्गिस्तान** में **आयोजित** हुआ।
- यह **भारत और किर्गिस्तान** के बीच संयुक्त विशेष बल अभ्यास है।

## अभ्यास सी ड्रैगन 2025

- यह दो सप्ताह का बहुराष्ट्रीय **पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास** है।
- **उद्देश्य:** समुद्री सुरक्षा में सुधार करना और नौसैनिक सहयोग को मजबूत करना।
- **मेजबान देश:** संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना का 7वां बेड़ा।
- **स्थान:** दक्षिण-पश्चिम प्रशांत क्षेत्र में गुआम में एंडरसन एयर फोर्स बेस।
- भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने भाग लिया।

## अभ्यास धर्म गार्जियन

- **भारत-जापान** संयुक्त सैन्य अभ्यास का छठा संस्करण जापान के पूर्वी फूजी प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया।

### 23वां वरुण अभ्यास

- **भारत और फ्रांस** के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास अरब सागर में आयोजित हुआ।

### AIKEYME समुद्री अभ्यास

- भारत ने पहली बार **भारत-अफ्रीका नौसेना अभ्यास** की घोषणा की है, जिसका नाम अफ्रीका-इंडिया की मेरीटाइम इंगेजमेंट (AIKEYME) रखा गया है।
- अप्रैल 2025 के मध्य में माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा इसका उद्घाटन किए जाने की योजना है।
- यह अभ्यास **तंजानिया के दार-एस-सलाम के तट** पर होगा, जिसकी **सह-मेजबानी भारतीय नौसेना और तंजानिया पीपुल्स डिफेंस फोर्स** द्वारा की जाएगी।
- इस अभ्यास में दस अफ्रीकी देश शामिल होंगे: तंजानिया, कोमोरोस, जिबूती, इरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका।
- इसका मुख्य उद्देश्य हिन्द महासागर क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना और चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति, समुद्री डकैती और हौथी विद्रोहियों के खतरे का सामना करना है तथा भारतीय नौसेना की हिन्द महासागर क्षेत्र में 'पसंदीदा सुरक्षा साझेदार' और 'प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता' के रूप में छवि को मजबूत करना है।

### हिंद महासागर शिप (आईओएस) सागर

- यह **दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर)** में **समुद्री सुरक्षा सहयोग पहल** है ।
- **अवधि** - 5 अप्रैल से 8 मई, 2025।
- आईएनएस सुनयना को भारत और 9 मित्र देशों (कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका) के संयुक्त चालक दल के साथ दक्षिण-पश्चिम आईओआर में तैनात किया जाएगा।

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- एलन मस्क की **स्पेसएक्स** ने भारत में उच्च गति वाले **सैटेलाइट इंटरनेट सेवा** प्रदान करने के लिए टेलीकॉम कंपनियों **रिलायंस जियो** और **भारती एयरटेल** के साथ साझेदारी की है।
- भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा नीति वार्ता का 9वां संस्करण नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- **आरबीआई और बैंक ऑफ मॉरीशस** ने सीमा पार लेनदेन में **स्थानीय मुद्राओं** को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिससे भारतीय रुपये के अंतर्राष्ट्रीयकरण को समर्थन मिलेगा।
- खाद्य एवं कृषि के लिए आनुवंशिक संसाधनों पर आयोग के सदस्य हाल ही में अपनी 20वीं बैठक के लिए रोम में एकत्र हुए।
- **न्यूयॉर्क** स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) का 69वां सत्र।
- भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने मेस्से बर्लिन में आयोजित आईटीबी बर्लिन 2025 में भाग लिया। आईटीबी बर्लिन (इंटरनेशनेल टूरिज्म-बोर्से बर्लिन) टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंसियों, होटल व्यवसायियों, परिवहन कंपनियों, गंतव्यों और तकनीकी कंपनियों सहित वैश्विक उद्योग के लिए एक प्रमुख बैठक स्थल है।
- **भारत और श्रीलंका** के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए श्रीलंका में **लंका इंडिया बिजनेस एसोसिएशन (LIBA)** की आधिकारिक तौर पर शुरुआत की गई है।
- **JSW स्टील**, एक प्रमुख भारतीय स्टील निर्माता कंपनी, **दुनिया की सबसे मूल्यवान स्टील निर्माता** बन गई है, जिसने नुकोर कॉर्प को पीछे छोड़ दिया है।
- जॉर्जिया और न्यूयॉर्क के बाद **टेक्सास सीनेट** ने **औपचारिक रूप (प्रस्ताव पारित कर)** से **होली को मान्यता** देने वाला तीसरा अमेरिकी राज्य बन गया है।
- एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) 2024 के अनुसार, **यस बैंक** लगातार तीसरे वर्ष स्थिरता में भारत का सर्वोच्च रेटेड बैंक बनकर उभरा है।
- **दक्षिण प्रशांत महासागर**(ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट) में एक दुर्लभ मौसम संबंधी घटना घटी, जिसमें **रे, सेरू और अल्फ्रेड** नामक तीन उष्णकटिबंधीय चक्रवात इस क्षेत्र में एक साथ सक्रिय थे।
- भारत-बेंग्लादेश संयुक्त नदी आयोग की बैठक कोलकाता में आयोजित।

- **सीडीएस जनरल अनिल चौहान** की **ऑस्ट्रेलिया** की आधिकारिक यात्रा।
- **नई दिल्ली** में 14वीं **आसियान रक्षा मंत्रियों** की **बैठक** आयोजित की गई।
- **भारत और सिंगापुर** ने **ग्रीन और डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर** के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य डिजिटलीकरण और डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा देना है।
- **इंडोनेशिया** में स्थित **माउंट लेवोटोबी लाकी–लाकी ज्वालामुखी** और **माउंट डुकोनो ज्वालामुखी** पर अनेक ज्वालामुखी विस्फोट हुए।
- **प्रथम भारतीय फिल्म महोत्सव** सिएटल, अमेरिका में शुरू हुआ, जिसमें भारतीय सिनेमा के तीन दिवसीय उत्सव की शुरुआत हुई।
- पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री **एंथनी एबॉट** ने दिल्ली हाट, नई दिल्ली में नैफेड मिलेट एक्सपीरियंस सेंटर का दौरा किया।

❖❖❖

# 04 महत्वपूर्ण पुरस्कार

| पुरस्कार | विजेता |
|---|---|
| वुल्फ प्राइज 2025 | • ज्ञानेन्द्र जैन (सांभर, जयपुर) (फिजिक्स में योगदान के लिए) |
| होलबर्ग पुरस्कार 2025 | • गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक (साहित्यिक सिद्धांतकार) |
| 2 अलग-अलग श्रेणियों के लिए SKOCH पुरस्कार 2025- डिजिटल वित्तीय समावेशन और अभिनव बीमा समाधान श्रेणियाँ | • मुथूट माइक्रोफिन |
| शांति और स्थिरता के लिए गोल्ड मर्करी पुरस्कार 2025 | • दलाई लामा |
| संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया द्वारा 'जल लचीलापन श्रेणी' में फॉरवर्ड फास्टर सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार 2025 | • एनटीपीसी लिमिटेड |
| प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार | • लिउ जियाकुन (चीनी वास्तुकार) |
| 'वेटलैंड वाइज यूज' श्रेणी के लिए रामसर पुरस्कार | • जयश्री वेंकटेशन (चेन्नई स्थित केयर अर्थ ट्रस्ट की सह-संस्थापक) |
| एशियन फिल्म अवार्ड्स 2025 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार | • पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' |
| आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिये संस्थागत श्रेणी में सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2025 | • भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस) |
| हाउस ऑफ कॉमन्स (ब्रिटेन संसद) में ब्रिज इंडिया (लंदन स्थित थिंक टैंक) द्वारा भारतीय सिनेमा, सांस्कृतिक प्रभाव और सार्वजनिक सेवा में उनके अपार योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार | • चिरंजीवी (तेलुगु सिनेमा सुपरस्टार) |
| जीईएमएस एजुकेशन ग्लोबल टीचर प्राइज 2025 | • मंसूर अल मंसूर (सऊदी अरब) विजेता<br>• मोहम्मद इमरान खान मेवाती, अध्यापक राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालय (अलवर, राजस्थान), शीर्ष 10 फाइनलिस्ट में से एक |
| एशिया-प्रशांत क्षेत्र में '40 मिलियन से अधिक यात्रियों वाले सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे' के लिए हवाई अड्डा सेवा गुणवत्ता (ASQ) पुरस्कार | • दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए), जीएमआर एयरपोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा प्रबंधित (लगातार 7वां वर्ष) |
| स्पोर्टस्टार एसेस पुरस्कार 2025 - स्पोर्टस्टार ऑफ द ईयर | • मनु भाकर (शूटिंग) |

## 97वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर पुरस्कार)

- एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज, द्वारा डॉल्बी थिएटर, लॉस एंजिल्स, यूएसए में आयोजित।

| श्रेणी | विवरण |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | अनोरा |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | एड्रियन ब्रॉडी (द ब्रूटलिस्ट) |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | मिकि मैडिसन (अनोरा) |
| सर्वश्रेष्ठ डायरेक्टर | सीन बेकर (अनोरा) |
| सर्वश्रेष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म फीचर | फ्लो |
| सर्वाधिक ऑस्कर | अनोरा (5 ऑस्कर) |
| सर्वाधिक नामांकन | एमिलिया पेरेज (13 नामाकंन) |

# 05 महत्वपूर्ण पुस्तकें

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| लियो: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ चेन्नई सुपर किंग्स | पी.एस. रमन |
| दियासलाई | कैलाश सत्यार्थी |
| मार्च ऑफ ग्लोरी | के. अरुमुगम और एरोल डी क्रूज |
| लाइफ ऑन मार्स: कलेक्टेड स्टोरीज | नमिता गोखले |
| द न्यू आइकन: सावरकर एंड द फैक्ट्स | अरुण शौरी |
| आई एम ए सोल्जर वाइफ: द लाइफ एंड लव ऑफ टोनी लिडर | गीतिका लिद्दर |
| स्टम्प्ड: लाइफ बिहाइन्ड एंड बेयॉन्ड द ट्वेंटी टू यार्डस | सैयद किरमानी, देबाशीष सेनगुप्ता, और दक्षेश पाठक |
| अनवाउंड | राजरोशन पुजारी |
| सार्स कोड: माई बिगनिंग्स | बिल गेट्स |
| द इनकार्सरेशन्स: भीमा कोरेगांव एंड द सर्च फॉर डेमोक्रेसी इन इंडिया | अल्पा शाह |
| ब्रिंग इट ऑन: द इनक्रेडिबल स्टोरी ऑफ माई लाइफ | दीपा मलिक |
| इंडियन रेनेसा: द मोदी डिकेड | ऐश्वर्या पंडित |
| छावा | शिवाजी सावंत |

# 06 विज्ञान और प्रौद्योगिकी

### स्वचालित रासायनिक एजेंट डिटेक्शन और अलार्म (ACADA)

- भारतीय सेना ने 80.43 करोड़ रूपये की लागत से 223 ACADA प्रणालियों की खरीद के लिए एलएंडटी लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किये है।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की ग्वालियर स्थित प्रयोगशाला रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा डिजाइन और विकसित।
- **उपयोग** – पर्यावरण से हवा का नमूना लेकर रासायनिक युद्ध एजेंटों (CWA) और प्रोग्राम्ड विषाक्त औद्योगिक रसायनों (TIC) का पता लगाना।
- आयन मोबिलिटी स्पेक्ट्रोमेट्री (IMS) के सिद्धान्त पर कार्य।

### एथेना (Athena)

- अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का लूनर लैंडर।
- नासा के केनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा से स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से प्रक्षेपित।
- **लक्ष्य** – एक ड्रोन के साथ चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से 100 मील (160 किमी.) की दूरी पर उतरना और वाटर आइस तथा अन्य गैसों की खोज के लिए सतह पर खुदाई करना।

### विज्ञान वैभव 2025

- डीआरडीओ द्वारा गाची बावली स्टेडियम, हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान और रक्षा प्रदर्शनी।
- **उद्घाटन** – 28 फरवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा।

### PEM (प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन) ईंधन सेल

- दूरसंचार टावरों को बिजली प्रदान करने के लिए विकसित एक कुशल और स्वच्छ ऊर्जा समाधान।
- हाइड्रोजन ईंधन पर आधारित (बिजली के साथ केवल जलवाष्प उत्पन्न) प्लग-एंड-प्ले ईंधन सेल।
- **विकास** – विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मैटेरियल्स (ARCI), हैदराबाद के ईंधन सेल प्रौद्योगिकी केन्द्र (CFCT) द्वारा।

### केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा इंडिया एआई मिशन के अंतर्गत प्रारंभ की गई पहलें

**(i) एआई कोष**
- इंडिया AI डेटासेट प्लेटफार्म
- डेटासेट, टूल और AI मॉडल तक निर्बाध पहुँच के लिए एक एकीकृत पोर्टल।
- 300 से अधिक डेटासेट और 80 से अधिक एआई मॉडल होस्ट करता है।

**(ii) एआई कम्प्यूटर पोर्टल**
- स्टार्टअप, एमएसएमई, शिक्षाविदों, शोधकर्त्ताओं और सरकारी एजेंसियों को रियायती दरों पर एआई कम्प्यूटर, नेटवर्क, स्टोरेज, प्लेटफॉर्म और क्लाउड सेवाएँ प्रदान करना।
- प्रारंभ में 10000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (GPU) से लैस एक उच्च स्तरीय कॉमन कम्प्यूटिंग सुविधा उपलब्ध कराना।

(iii) सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारियों के लिए एआई योग्यता ढाँचा।

(iv) iGoT-AI – सरकारी अधिकारियों के लिए AI संचालित पर्सनलाइज्ड लर्निंग।

(v) स्टेशन एफ और एचईसी पेरिस के सहयोग से इंडिया एआई स्टार्टअप ग्लोबल एक्सेलेरेशन प्रोग्राम।

(vi) इंडियाएआई इनोवेशन चैलेंज

(vii) इंडिया एआई फ्यूचर स्किल्स फेलोशिप

**इंडिया एआई मिशन**

- *प्रारंभ – मार्च 2024*
- *सात मुख्य स्तम्भ*
  - *(i) इंडिया एआई कम्प्यूट*
  - *(ii) इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफॉर्म*
  - *(iii) इंडिया एआई अनुप्रयोग विकास पहल*
  - *(iv) इंडिया एआई फ्यूचरस्किल्स*
  - *(v) इंडिया एआई इनोवेशन सेंटर*
  - *(vi) इंडिया एआई स्टार्टअप फाइनेंसिंग*
  - *(vii) सुरक्षित और विश्वसनीय एआई*

## ब्लू घोस्ट मिशन

- यह चंद्रमा के आंतरिक भाग से ऊष्मा प्रवाह का अध्ययन करेगा, जिससे वैज्ञानिकों को इसके तापीय मूल्यांकन को समझने में मदद मिलेगी।
- **उद्देश्य** – चन्द्रमा के पर्यावरण के बारे में हमारी समझ को बढ़ाना।
- **प्रक्षेपण** – स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से
- नासा (NASA) के वाणिज्यिक चंद्र पेलोड सेवा कार्यक्रम का हिस्सा।

## ओसेलॉट (Ocelot)

- अमेजन वेब सर्विसेज (AWS) की पहली पीढ़ी की क्वांटम कम्प्यूटिंग चिप।
- कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के AWS सेंटर फॉर क्वांटम कम्प्यूटिंग द्वारा विकसित।
- क्वांटम त्रुटि सुधार की लागत को 90% तक कम करने में सक्षम।
- क्वांटम कम्प्यूटर, क्वांटम बिट्स या क्यूबिट्स का उपयोग करते हैं जो एक साथ कई अवस्थाओं में मौजूद रह सकते है।

- *मेजराना 1 – माइक्रोसॉफ्ट की क्वांटम कम्प्यूटिंग चिप।*

## आदित्य एल-1 पेलोड ने सौर ज्वाला 'कर्नेल' की पहली तस्वीर ली

- सौर पराबैंगनी इमेजिंग टेलीस्कोप (SUIT) द्वारा निचले सौर वायुमंडल-फोटोस्फीयर और क्रोमोस्कीयर में 'कर्नेल' को कैप्चर किया गया।

- *इसरो द्वारा आदित्य एल-1 मिशन को 2 सितम्बर 2023 को PSLV-C57 रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया था।*
- *आदित्य एल-1 को पृथ्वी सूर्य लैंग्रेज बिन्दु एल-1 के चारों ओर एक हैलो ऑर्बिट में स्थापित किया गया था।*







## नौसेना एंटी शिप मिसाइल शॉर्ट रेंज (NASM-SR)

- डीआरडीओ और भारतीय नौसेना द्वारा एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR), चांदीपुर से अपनी तरह की पहली NASM-SR का सफल उड़ान परीक्षण।
- सी किंग हेलीकॉप्टर से लॉन्च।
- **विकास** – डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाएँ अनुसंधान केन्द्र इमारत, रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला और टर्मिनल बैलेस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी द्वारा।
- **विशेषताएँ**
  - ✓ **मैन इन लूप फीचर** (उड़ान के दौरान सटीक रूप से पुन: लक्ष्यीकरण की सुविधा)
  - ✓ टर्मिनल मार्गदर्शन के लिए **स्वदेशी इमेजिंग इन्फ्रारेड सीकर** का उपयोग।
  - ✓ मध्य मार्ग मार्गदर्शन के लिए **स्वदेशी फाइबर ऑप्टिक जाइरोस्कोप** आधारित आईएनएस और रेडियो अल्टीमीटर, थर्मल बैटरी और पीसीबी वारहेड का उपयोग।
  - ✓ **सी-स्किमिंग मोड** – रडार से बचने के लिए समुद्र की सतह पर काफी नीची उड़ान।

### स्टिटेच (जोड़ने) की प्राचीन तकनीक पर आधारित प्राचीन पोतों की पुनर्निमाण परियोजना

- 26 फरवरी को गोवा के दिवाड़ द्वीप पर होडी इनोवेशन शिपयार्ड में लॉन्च।
- इस जहाज को प्राचीन सिलाई तकनीकों (Ancient Stitching Techniques) नारियल के रेशे की सिलाई, पारम्परिक लकड़ी की जोड़-तोड़, कॉयर की रस्सी और प्राकृतिक रेजिन का उपयोग करके बनाया गया है।
- यह परियोजना भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को पुनर्जीवित करने की पहल का हिस्सा है। (इतिहासकार और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के सदस्य संजीव सान्याल की पुस्तक 'द ओशन ऑफ चर्न' पर आधारित)।
- परियोजना का क्रियान्वयन भारतीय नौसेना, संस्कृति मंत्रालय और गोवा स्थित जहाज निर्माण कंपनी होडी इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के बीच त्रिपक्षीय समझौते के माध्यम से किया जा रहा है।
- **परियोजना का नेतृत्व** – बाबू शंकरन।
- यह जहाज महाराष्ट्र में अजंता की गुफाओं में एक सिले हुए जहाज की पेंटिंग पर आधारित है।
- **उद्देश्य** – जहाज निर्माण के पारम्परिक शिल्प को पुनर्जीवित करना और संरक्षित करना तथा भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दुनिया के सामने प्रदर्शित करना।
- वर्ष 2025 के अंत तक भारतीय नौसेना का 15सदस्यीय दल इस जहाज से प्राचीन व्यापारिक मार्ग से ओमान की यात्रा करेगा।

### एलसीए तेजस के लिए स्वदेशी इन्टीग्रेटेड लाइफ सपोर्ट सिस्टम का हाई एल्टीट्यूड परीक्षण

- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के एलसीए प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर 50,000 फीट की ऊँचाई पर सफल परीक्षण।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की बेंगलुरू स्थित रक्षा जैव इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रो मेडिकल प्रयोगशाला (DEBEL) द्वारा।
- स्वदेशी ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम आधारित इन्टीग्रेटेड लाइफ सपोर्ट सिस्टम एक अत्याधुनिक प्रणाली है जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और विनियमित करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- **उत्पादन** – एलएंडटी द्वारा विकास सह उत्पादन भागीदार के रूप में (90% स्वदेशी सामग्री)

### नीति आयोग का फ्रंटियर टेक हब (NITI-FTH)

- भारत को फ्रंटियर टेक राष्ट्र में बदलने में तेजी लाने के लिए नीति आयोग द्वारा फ्रंटियर टेक एक्शन टेक स्थापित।
- **उद्देश्य** – विकसित भारत की दिशा में त्वरित आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकी नवाचार और उपयोग को आगे बढ़ाने के लिए भारत की तत्परता को सक्षम बनाना।
- मानवता और पर्यावरण को लाभ पहुँचाने वाली उभरती प्रौद्योगिकी के विकास और अपनाने को आगे बढ़ाकर भारत के मानव केन्द्रित दृष्टिकोण को विश्व भर में बढ़ावा देना।

### राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम-पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत दो रोपवे को मंजूरी

**(i) उत्तराखंड में गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक-**

- **निर्माण** – डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (DBFOT) मोड पर।
- भारत का पहला ट्राईकेबल डिटैचेबल गोंडोला (35) तकनीक पर आधारित रोपवे।
- प्रतिदिन 11000 यात्रियों को यात्रा।

***हेमकुंड साहिब जी***

- *उत्तराखंड के चमोली जिले में 15000 फीट की ऊँचाई पर स्थित सिक्खों का तीर्थस्थल।*

**(ii) उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक-**

- **निर्माण** - DBFOT मोड पर (पीपीपी मॉडल)
- प्रतिदिन 18000 यात्रियों के यात्रा।

- ***केदारनाथ*** *– उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में 3583 मीटर (11968 फीट) की ऊँचाई पर स्थित 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक।*

### राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम (पर्वतमाला परियोजना)

- *केन्द्रीय बजट 2022-23 में घोषणा।*
- ***नोडल मंत्रालय** – सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार।*
- ***उद्देश्य** – शहरों और पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी और सुविधा में सुधार करना तथा पर्यटन को बढ़ावा देना।*
- ***क्रियान्वयन** – राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (NHLML) द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से।*

### अस्त्र (ASTRA) मिसाइल

- तेजस LCA AF MK1 प्रोटोटाइप लड़ाकू विमान से अस्त्र (ASTRA) मिसाइल का सफल परीक्षण।
- 12 मार्च को ओडिशा के चांदीपुर तट से।
- स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (BVRAAM)।
- डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित।
- **रेंज** – 100 किमी. से अधिक।

### अश्विनी

- लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार (LLTR)
- रक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय वायुसेना के लिए अश्विनी की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ 2906 करोड़ रुपये अनुबंध।
- अत्याधुनिक सॉलिड स्टेट तकनीक पर आधारित एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड फेज्ड एरै रडार।
- उच्च गति वाले विमानों से लेकर मानव रहित विमान और हेलीकॉप्टर जैसे हवाई लक्ष्यों को ट्रैक करने में सक्षम।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और रडार विकास प्रतिष्ठान, डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित।

### फोटो असिस्टेड सेल्फ चार्जेबल एनर्जी स्टोरेज डिवाइस

- भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज, बेंगलुरू के शोधकर्त्ताओं द्वारा विकसित।
- प्रकाश की उपस्थिति में चार्ज भंडारण क्षमता में वृद्धि।
- वायुमंडल से ऑक्सीजन की उपस्थिति में स्वयं चार्ज होने की क्षमता।

### ड्रैगन कोपायलट

- स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के लिए माइक्रोसॉफ्ट का एआई वॉयस असिस्टेंस।
- भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) और असम सरकार के मध्य बायोई 3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण औरा रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के तहत समझौता - बायोई 3 ढाँचे के तहत पहली केन्द्र-राज्य साझेदारी।
- **उद्देश्य** – असम में एक स्थायी जैव प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र का बढ़ावा देते हुए उच्च प्रदर्शन वाले जैव विनिर्माण में तेजी लाना।

### एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (API) ग्रीन हाइड्रोजन और 2G इथेनॉल के लिए भारत की पहली एकीकृत विनिर्माण सुविधा

- हिमाचल प्रदेश सरकार तथा चंडीगढ़ स्थित स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड के मध्य प्रतिबद्धता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के **बद्दी-बरोटीवाला नालागढ़** में स्थापित की जाएगी।

### माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के 10000 आइसोलेट्स का जीनोम अनुक्रमण पूर्ण

- Dare2eraD टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत (वर्ष 2022 में प्रारंभ टीबी उन्मूलन के लिए डेटा संचालित अनुसंधान)।
- **Dare2eraD टीबी कार्यक्रम का उद्देश्य** – दवा प्रतिरोध उत्परिवर्तनों की पहचान करने और उपचार परिणामों में सुधार करने के लिए 32000 से अधिक टीबी आइसोलेट्स को अनुक्रमित करना।

- *भारत सरकार ने वर्ष 2030 में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों से 5 वर्ष पहले वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है।*

### तवस्या

- **तवस्या के बारे में:**

  बहुआयामी नौसैनिक युद्ध के लिए डिजाइन किया गया क्रिवाक-क्लास स्टील्थ फ्रिगेट।

- **निर्माण:** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) द्वारा, रूस से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ।
- **उद्देश्य:** भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना और जहाज निर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना।

**मुख्य विशेषताएं:**

- **लंबाई:** 8 मीटर; चौड़ाई: 15.2 मीटर; विस्थापन: 3600 टन।
- **गति:** 28 समुद्री मील तक।
- उन्नत सेंसर, सोनार और ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली।
- स्वदेशी टारपीडो लांचर और सहायक नियंत्रण प्रणाली।
- सतह, उप-सतह और हवाई युद्ध संचालन में सक्षम।
- भीम की गदा के नाम पर, जो शक्ति और लचीलेपन का प्रतीक है

**प्रोजेक्ट 1135.6 के बारे में:**

- **यह क्या है:** प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ स्टील्थ फ्रिगेट निर्माण के लिए एक द्विपक्षीय भारत-रूस नौसैनिक परियोजना।
- **उद्देश्य:** उन्नत स्टील्थ युद्धपोतों के साथ भारतीय नौसेना के लड़ाकू बेड़े को बढ़ाना।

**प्रोजेक्ट 1135.6 के तहत निर्मित जहाज:**

- **रूस में निर्मित दो फ्रिगेट:** INS तुशील (दिसंबर 2024 में कमीशन), तमाल (जून 2025 में कमीशन)।
- **भारत में बनाए जा रहे दो फ्रिगेट:** त्रिपुट (जुलाई 2024 में लॉन्च), तवस्या (मार्च 2025 में लॉन्च)

## मानव कॉर्निया और एमनियोटिक झिल्ली ग्राफ्ट के परिवहन के लिए ड्रोन का उपयोग

- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (ICMR) की i-DRONE पहल के अंतर्गत।
- डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल, सोनीपत से एम्स, नई दिल्ली तक नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सहयोग से।

***i-DRONE* पहल**

- *ICMR द्वारा मूल रूप से पूर्वोत्तर के दूरदराज के क्षेत्रों में टीके पहुँचाने के लिए प्रारंभ।*
- *वर्तमान में ICMR द्वारा पूर्वोत्तर भारत, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और एनसीआर में आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति पहुँचाने के लिए ड्रोन के सफल उपयोग का प्रदर्शन।*

## STEM इंगेजमेंट एंड लर्निंग प्रोग्राम

- यू.के. के विज्ञान संग्रहालय समूह (SMG) और भारत के राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (NCSM) द्वारा प्रारंभ।
- **उद्देश्य** – 14 भारतीय राज्यों के 50 शिक्षकों और संग्रहालय पेशेवरों को STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) इंगेजमेंट, ऑडियंस रिसर्च और कलेक्शन मैनेजमेंट के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं में प्रशिक्षित करना।

## वर्टिकल लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (VLSRSAM)

- DRDO और भारतीय नौसेना द्वारा 26 मार्च को ओडिशा के तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफल उड़ान प्रशिक्षण।
- DRDO द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित।
- उड़ान परीक्षण एक भूमि आधारित वर्टिकल लॉन्चर से बहुत ही नजदीकी सीमा और कम ऊँचाई पर एक तेज गति वाले हवाई लक्ष्य के विरूद्ध किया गया।

## युवान

- चौथा 25T बोलार्ड पुल टग युवान 26 मार्च को नौसेना डोकयार्ड, विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना में शामिल।
- **निर्माण** – टीटागढ़ रेल सिस्टम लिमिटेड, कोलकाता द्वारा (कुल 6 टग)
- स्वदेशी रूप से डिजाइन और भारतीय नौवहन रजिस्टर के नियमों और विनियमों के अनुसार निर्मित।
- **उपयोग** – सीमित जल में जहाजों की बर्थिंग, अनबर्थिंग और युद्धाभ्यास के दौरान नौसेना के जहाजों तथा पनडुब्बियों को सहायता प्रदान करना, जहाजों में आग बुझाने तथा सीमित खोज और बचाव ऑपरेशन की क्षमता।

## स्वदेशी 5जी प्रयोगशाला

- असम के गुवाहाटी विश्वविद्यालय में स्थापित।
- सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स सी-डॉट द्वारा स्थापित।

## रक्षा मंत्रालय द्वारा नाग मिसाइल के ट्रैक्ड संस्करण और 5000 हल्के वाहनों के लिए 2500 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर

- नाग मिसाइल सिस्टम (Tr) एंटी टैंक हथियार प्लेटफॉर्म आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड के साथ डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला द्वारा विकसित।
- फायर एंड फॉरगेट एंटी टैंक मिसाइल और साइटिंग सिस्टम से लैस।

- हल्के वाहनों के लिए-फोर्स मोटर्स लिमिटेड और महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड के साथ।

### गांडीव

- भारत की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल अस्त्र एमके-III का अधिकारिक नाम।
- महाभारत के योद्धा अर्जुन के पौराणिक धनुष 'गांडीव' के नाम पर।
- डीआरडीओ द्वारा विकसित (निर्माणाधीन)
- बियोन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल।
- **रेंज** – लगभग 340 किमी.
- दोहरे ईंधन वाले रैमजेट इंजन से संचालित।
- **प्रक्षेपण गति** – 0.8 से 2.2 मैक तक।
- 2.0 से 3.6 मैक की गति से लक्ष्य को भेदने में सक्षम।

### LOX मीथेन इंजन

- इसरो ने नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल (NGLV) के लिए LOX-मीथेन इंजन को विकसित करने की घोषणा की है।
- इसमें दो रीयूजेबल बूस्टर स्टेज तथा दो एक्सपेडेंबल अपर स्टेज होंगे।
- LOX-मीथेन इंजन ऑक्सीडाइजर के रूप में तरल ऑक्सीजन और ईंधन के रूप में मीथेन का उपयोग करता है।

### SE2000

- इसरो का सेमी क्रायोजेनिक इंजन।
- इसरो द्वारा 28 मार्च को इसरो प्रोपलशन कॉम्प्लेक्स महेन्द्रगिरी तमिलनाडु में SE2000 पर सफल हॉट टेस्ट किया गया।
- टेस्ट को पावर हेड टेस्ट आर्टिकल (PHTA) के रूप में माना जाता है। (सेमी क्रायोजेनिक इंजन एक तरल रॉकेट इंजन है जिसमें ऑक्सीडाइजर के रूप में तरल ऑक्सीजन LOX और ईंधन के रूप में परिष्कृत केरोसिन का उपयोग किया जाता है)

### स्वयं का उपग्रह रखने वाला देश का पहला राज्य – असम (AASAMSAT)

- असम के बजट भाषण 2025-26 में घोषणा।
- कृषि, आपदा प्रबंधन, बुनियादी ढाँचे के विकास और सीमा सुरक्षा प्रबंधन तथा पुलिस परिचालन के लिए समर्पित सेवाएँ प्रदान।
- IN-SPACe और इसरो के सहयोग से स्थापित।

### चन्द्रयान-5

- भारत सरकार द्वारा चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी।
- जापान के सहयोग से लॉन्च किया जाएगा।
- 250 किग्रा का रोवर चन्द्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए भेजा जाएगा।

### पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क

- पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में स्थित।
- ठंडे पहाड़ी क्षेत्रों में पाये जाने वाले वन्यजीवों के डीएनए नमूनों को क्रायोजेनिक विधि से संरक्षित करने वाला भारत का पहला जू।
- अभी तक 60 देशी जानवरों के डीएनए नमूने एकत्र।
- कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केन्द्र, हैदराबाद के सहयोग से वर्ष 2023 से प्रारंभ क्रायोजेनिक संरक्षण पहल के अंतर्गत।
- भारत का सबसे अधिक ऊँचाई 2150 मीटर 7050 फीट) पर स्थित प्राणी उद्यान।

### वायु

- टाटा कम्युनिकेशन लिमिटेड द्वारा उद्यम को लागत प्रभावी क्लाउड सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए लॉन्च किया गया अगली पीढ़ी का क्लाउड फैब्रिक।

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- **समर्थ** – भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स द्वारा भारत के दूरसंचार और आईटी क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभ इनक्यूबेशन कार्यक्रम।
- भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के संस्थान सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (IIT दिल्ली) के साथ "आपदा प्रारंभिक चेतावनी और आपातकालीन संचार में ग्राहक सहायता के लिए जनरेटिव एआई एन्हास्ड चैटबॉट" के विकास के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- **सीएसआइआर** – इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन (CSIR-IIIM), जम्मू ने संयुक्त रूप से नवीन जैव कीटनाशकों को विकसित करने के लिए 20 मार्च को हैपिको इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

# 07 खेल

## रणजी ट्रॉफी–2025

- **तिथि** – 2 मार्च 2025
- **आयोजन** – विदर्भ क्रिकेट स्टेडियम, जामथा (नागपुर)
- विदर्भ ने फाइनल मैच की प्रथम पारी में 37 रन की बढ़त के आधार पर केरल को हराकर जीता।
- **दानिश मालेवर** प्लेयर ऑफ द मैच रहे।
- **हर्ष दूबे** प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।
- केरल के कप्तान – **सचिन बेबी**
- विदर्भ के कप्तान – **अक्षय वाडकर**
- विदर्भ टीम के लिए यह तीसरा रणजी खिताब है।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025

- भारत ने दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्राफी 2025 जीती।
- टूर्नामेंट की मेजबानी मुख्य रूप से पाकिस्तान ने की थी तथा सुरक्षा कारणों से भारत के मैच तटस्थ स्थान (दुबई) पर खेले गए थे।
- भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्राफी 3 बार जीती है।
- प्लेयर ऑफ मैच – **रोहित शर्मा**
- प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट – **रचिन रविन्द्र**




## इंटरनेशनल मास्टर्स टी20 लीग

- **दिनांक** – 16 मार्च 2025
- **आयोजन स्थल** – एसवीएनएस इंटरनेशनल स्टेडियम, रायपुर छत्तीसगढ़।
- प्लेयर ऑफ द मैच – **अम्बाती रायडू**
- फाइनल मैच में इंडिया मास्टर्स ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को छह विकेट से हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के पहले संस्करण का खिताब जीता।

## बीसीसीआई अंडर-23 वीमेन वनडे ट्रॉफी

- **आयोजन स्थल** – फुलुंग, गुवाहाटी (असम)
- फाइनल मैच में मुंबई टीम ने मध्य प्रदेश को 113 रन से हराकर बीसीसीआई अंडर-23 वीमेन वनडे ट्रॉफी जीती।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स–2025



- **संस्करण** – दूसरा
- **आयोजन स्थल** – दिल्ली
- **दिनाँक** – 20 से 27 मार्च
- **शुभंकर** – उज्ज्वला
- **शामिल खेल (6)** – पैरा तीरंदाजी, पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल-टेनिस, पैरा पावर लिफ्टिंग और पैरा शूटिंग।

**शीर्ष विजेता** –

1. हरियाणा – 34 स्वर्ण, 39 रजत, 31 कांस्य
2. तमिलनाडु – 28 स्वर्ण, 19 रजत, 27 कांस्य
3. उत्तर प्रदेश – 23 स्वर्ण, 21 रजत, 20 कांस्य
4. राजस्थान – 22 स्वर्ण, 18 रजत, 24 कांस्य

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स

- **दिनाँक** – 9 से 12 मार्च
- **आयोजन** – जम्मू और कश्मीर, लद्दाख
- **शुभंकर** – शीन-ए-शी (शान)
- **शामिल खेल** – स्नो स्कीइंग, स्नो रग्बी, स्नो आइस स्टॉक, स्नो बेसबॉल, स्नो माउंटेनियरिंग, स्नो शू, आइस हॉकी फिगर स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग।

## डी. गुकेश



- फिडे द्वारा जारी नवीनतम क्लासिकल रेटिंग में तीसरे स्थान पर है।
- पहले स्थान पर मैग्नेस कार्लसन (नॉर्वे) व दूसरे स्थान पर हिकारू नाकामुरू (अमेरिका)।
- दस शीर्ष में भारत के ही आर. प्रज्ञानंद भी सूची में शामिल हैं।

## फिडे चेस वर्ल्डकप-2025

- **दिनाँक** – 31 अक्टूबर से 27 नवम्बर
- **आयोजन** – नई दिल्ली (भारत)
- **मेजबान देश** – भारत पाँचवें शतरंज विश्व कप-2025 की मेजबानी करेगा।
- इससे पूर्व 2002 में चेस वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत ने की थी।

## प्रणव वेंकेटेश



- FIDE विश्व जूनियर चेस चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय हैं।
- उनसे पूर्व विश्वनाथन आनंद, पेंटाला हरिकृष्णा व अभिजीत गुप्ता ये खिताब जीत चुके हैं।

## अरविंद चितंबरम वीरप्पन

- ग्रैंड मास्टर अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- फाइनल में तुर्की के एडिज गेरूल को हराया।

## आर्मंड डुप्लांतिस

- स्वीडन के आर्मंड डुप्लांतिस पेरिस में आयोजित विश्व इंडोर एथलेटिक्स टूर मीट में पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में 6.27 मीटर की छलांग (जम्प) लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

## दूसरा एशियन योगासन चैम्पियनशिप

- **दिनाँक** – 29 से 31 मार्च तक
- **आयोजन** –नई दिल्ली (इंदिरा गाँधी स्टेडियम) में
- पहले संस्करण का आयोजन 2022 में बैंकॉक, थाइलैण्ड में किया गया था।

## राष्ट्रीय सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप

- **दिनाँक** – 1 से 3 मार्च तक
- **आयोजन** – नासिक, महाराष्ट्र
  (i) जयपुर की दिव्या राजावत ने सिल्वर मेडल जीता।

## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट

- जयपुर के आरव आचार्य (U-15) ने व्यक्तिगत व मिक्स्ड प्रतिस्पर्धा दो कांस्य पदक जीते।
- भवित सिंह बिष्ट ने भी (U-13) कैटेगरी में कांस्य पदक जीता है।

## टोक्यो मेराथन

- **दिनाँक** – 2 मार्च 2025
- **आयोजन** – टोक्यो, जापान
- **पुरुष वर्ग** – टैडीज तांकेले
- **महिला वर्ग विजेता** – सुतुमे असेफा केबेड़े

## दुबई टेनिस चैंपियनशिप

- पुरुष एकल में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर एलियासिमे को हराकर एटीपी-500 का खिताब जीता।
- भारत के युकी भांबरी ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्सी पोपिरिन के साथ दुबई टेनिस चैम्पियनशिन में एटीपी-500 पुरुष युगल का खिताब जीता।

## कुश मैनी

- कुश मैनी F1 टीम में शामिल होने वाले तीसरे भारतीय ड्राइवर बनें।
- उन्हें फॉर्मूला वन टीम अल्पाइन द्वारा रिजर्व और टेस्ट ड्राइवर के रूप में चुना गया।
- फॉर्मूला टू कंस्ट्रक्टर्स चैंम्पियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय हैं।

## हॉकी इंडिया अवॉर्ड-2025

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह व महिला गोलकीपर सविता पूनिया को बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- सविता पूनिया को गोलकीपर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

- 1975 हॉकी वर्ल्ड कप विजेता टीम को मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया।
- प्रसार भारती को हॉकी को लोकप्रिय बनाने के लिए हॉकी इंडिया द्वारा जमनलाल शर्मा अवॉर्ड प्रदान किया गया।
- पुरुष एशियन चैम्पियनशिप ट्रॉफी विजेता भारतीय टीम का भी सम्मान किया गया।

## मीरा आंद्रिवा

- रूसी टेनिस खिलाड़ी ने 'इंडियन वेल्स ओपन' का खिताब जीता।
- फाइनल में बेलारूस की टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को (2-6, 6-4, 6-3) से हराया।
- ब्रिटिश खिलाड़ी जैक ड्रैपर ने डेनमार्क के होल्गर रून को 'इंडियन वेल्स ओपन' में 6-2 से हराकर एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब जीता। जैक ड्रैपर एटीपी शीर्ष 10 में प्रवेश कर गए हैं।

## सैम रूथे



- न्यूजीलैंड के 15 साल के सैम रूथे ने एक मील दौड़ को 3 मिनट 58.35 सेकेण्ड में पूरी करने वाले सबसे युवा धावक।
- उनसे पूर्व नॉर्वे के जैकब इंजब्रिस्टन (16 साल) ने 2017 में 3 मिनट 58.07 सेकेण्ड में यह उपलब्धि हासिल की थी।

## यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप

- भारतीय रेडर तिकड़ी डेविड बेखम रोजित सिंह और एसो अल्बान ने तुर्की के कोन्या में खोले गए 'यूसीआइ ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।
- इस तिकड़ी ने 44.187 सेकेण्ड का समय निकाला और 11वें स्थान पर रही अपना ही पूर्व रिकॉर्ड तोड़ा जो 44.451 सेकेण्ड का था।

## 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक

- **दिनांक** – 4 से 9 मार्च, 2025
- **आयोजन स्थल** – श्री कांटेरवा स्टेडियम, बेंगलुरू
- **विजेता** –
  1. मणिपुर – स्वर्ण-49, कांस्य-32, रजत-11
  2. मणिपुर – विमेंस टीम – सेकेण्ड रनर-अप

## 12th वर्ल्ड पैरा एथलीट ग्रा. पी.

- **दिनांक** – 11 से 13 मार्च
- **आयोजन स्थल** – नई दिल्ली, भारत
- **टॉप पदक विजेता** – भारत कुल 134 (45 स्वर्ण, 40 रजत, 49 कांस्य)
- प्रवीण कुमार और नवदीप सिंह ने भारत का नेतृत्व किया।

## एनटीडीएल वार्षिक सम्मेलन-2025

- **आयोजन** – नई दिल्ली
- राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनटीडीएल)
- **दिनांक** – 19 मार्च 2025
- **उद्घाटनकर्ता** – डॉ. मनसुख मंडाविया (केन्द्रीय युवा मामले खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री)
- **थीम** – एंटी-डोपिंग विज्ञान:नवाचार और चुनौतियाँ

## 6वाँ एशियन कबड्डी चैंपियनशिप

- **आयोजन स्थल** – तेहरान, ईरान
- **दिनांक** – 6 से 8 मार्च, 2025
- भारत ने ईरान को 32-25 से हराकर एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।
- भारतीय महिला टीम पांचवीं बार चैंपियन।

## स्पेशल विंटर वर्ल्ड ओलंपिक गेम्स-2025

- **दिनांक** – 8 मार्च से 16 मार्च
- **आयोजन स्थल** – प्यूरिन, इटली
- **भारत का प्रदर्शन** – कुल पदक 33 (स्वर्ण 8, रजत 18, कांस्य 7)

## क्रिस्टी कोवेंट्री



- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की पहली महिला और पहली अफ्रीकी अध्यक्ष बनी।
- वह सबसे युवा आईओसी अध्यक्ष भी हैं।
- क्रिस्टी कोवेंट्री मौजूदा अध्यक्ष थॉमस बाक की जगह लेंगी।

## एशियन क्रिकेट काउंसलि

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एशियन क्रिकेट काउंसलि बोर्ड में प्रतिनिधियों की घोषणा की है।
- बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एसीसी बोर्ड में बीसीसीआई के कार्यकारी बोर्ड सदस्य नियुक्त किए गए।
- पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेलार पदेन बोर्ड सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे।
- अगले एसीसी चक्र में पाकिस्तान के मोहसिन नकवी अध्यक्ष होंगे।

## सेपक टाकरा वर्ल्ड कप




- पटना में आयोजित सेपक टाकरा वर्ल्ड कप के रेगु इवेंट में भारत ने फाइनल में जापान टीम को 2-1 से हराया।
- भारत ने कुल 7 पदक (1 गोल्ड, 1 सिल्वर, 5 ब्रॉन्ज) जीते।
- महिला टीम ने मलेशिया के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता।

## पायल नाग

- पैरा तीरंदाज पायल नाग ने जयपुर में आयोजित 6वाँ नेशनल पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप जीती।
- वे दुनिया की इकलौती तीरंदाज है, जिनके हाथ पैर दोनों नहीं हैं।

## शीर्ष पदक विजेता

1. भारतीय सेना - 7 स्वर्ण, 5 रजत, 6 कांस्य
2. हिमाचल प्रदेश - 6 स्वर्ण, 5 रजत, 7 कांस्य
3. केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख - 4 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य

## कबड्डी वर्ल्ड कप 2025

- **फाइनल मैच** - वॉल्वरहैम्पटन (इंग्लैंड)
- **दिनाँक** - 17 से 23 मार्च
- भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने इंग्लैंड को फाइनल (44-41) में हराकर कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 जीता।
- भारतीय महिला कबड्डी टीम ने इंग्लैंड को फाइनल (57-34) में हराकर कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 जीता।

## आरिफ मोहम्मद

- भारत के स्कीयर आरिफ मोहम्मद खान ने इटली में होने वाले विंटर ओलंपिक खेलों के लिए क्वालिफाई कर लिया है।
- विंटर ओलंपिक 6 फरवरी 2026 से 22 फरवरी तक इटली के मिलान और कार्टिना में होंगे।

## 8वाँ एलीट वीमेंस राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

- **आयोजन स्थल** - शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, उत्तर प्रदेश
- **पदक तालिका** -
  1. भारतीय रेलवे - 5 स्वर्ण, 4 कांस्य
  2. हरियाणा - 2 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य
  3. भारतीय पुलिस - 1 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य

# अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- भारत के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर सैयद आबिद अली का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।
- किलियन एमबोप 26 वर्ष की उम्र में 516 गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।
- बीसीसीआई तंबाकू-क्रिप्टो करेंसी के विज्ञापन पर लगाएगा प्रतिबंध।
- भारत की मेजबानी में वीमेंस वनडे वर्ल्डकप 2025।
- कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन नई ब्रांडिंग के तहत 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट' के नाम से जाना जाएगा। यह घोषणा कॉमनवेल्थ डे के अवसर पर की गई।
- यूपी के नितिन गुप्ता ने राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रिकॉर्ड बनाया। 500 मीटर पैदल चाल 19:24:48 सूय में पूरी की।
- इंग्लैण्ड के हैरी ब्रूक को बीसीसीआई ने आईपीएल से दो साल के लिए बैन कर दिया है।
- इंग्लैण्ड के फुटबॉल क्लब न्यूकैसल यूनाइटेड ने फाइनल में लिवरपूल को 2-1 से हराकर कराबाओ कप 2025 जीता।
- एंड्रयू ब्राउनली (फॉकलैण्ड द्वीप) ने 62 साल की उम्र में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में किया पर्दापण।

- अभिनेता आयुष्मान खुराना को फिट इंडिया आइकन के तौर पर नामित किया गया है।
- युवा मामले और खेल मंत्रालय, अंतर्राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईवाईईपी) के तहत भारत 22 से 28 मार्च 2025 तक मध्य एशियाई युवा प्रतिनिधिमंडल के तीसरे संस्करण की मेजबानी करेगा।
- ग्रेटर चेन्नई निगम के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के नाम पर चेन्नई में एक सड़क का नामकरण होगा।
- जुबैर अहमद लोन लेबनान में हुई इंटरनेशनल एफआईएस अल्पाइन स्नोबोर्ड रेस में गोल्ड मेडल जीता।
- लिंडेस वॉन (अमेरिका) अल्पाइन स्कीइंग वर्ल्ड कप में पोडियम फिनिश करने वाली सबसे उम्रदराज (40 वर्ष) खिलाड़ी बन गई है।
- युकी भाबरी देश के शीर्ष युगल खिलाड़ी बन गए हैं।
- भारत में सितम्बर में होने वाला महिला वनडे वर्ल्ड कप पांच अलग-अलग शहरों में खोला जाएगा। इन शहरों में विशाखापट्टनम, गुवाहाटी, मुल्लांपुर, तिरूवनंतपुरम और इंदौर शामिल है।
- कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 की पदक विजेता प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया में 35 किमी. रेस वॉक स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने 2:56:34 घंटे में रेस परी करके 11वाँ स्थान हासिल किया।
- यूएफा नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल) ने अपने करियर का 132वाँ मैच जीतकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड बनाया। रोनाल्डो के नाम सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय गोल (136) करने का रिकॉर्ड भी है।
- **प्रणति नायक**- भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के अंताल्या में एफआइजी जिम्नास्टिक एपेरट्स विश्व कप के वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता।
- 8 से 12 अप्रैल तक पुण में बिली जीन किंग कप एशिया ओशिनिया ग्रपु - 1 टूर्नामेंट होगा। भारत समेत 6 टीमें (न्यूजीलैण्ड, ताइवान, होंगकांग, कोरिया और थाइलैण्ड) प्रतिस्पर्धा करेंगी।
- 2032 ओलंपिक की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया करेगा। खेलों में क्रिकेट भी शामिल किया जाएगा।
- एशियन रेसलिंग चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवान सुनील कुमार ने 87 किग्रा. ग्रीको-रोमन कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- **स्टीव स्मिथ** - ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से सन्यास लिया।
- विराट कोहली 300 वनडे खेलने वाले सातवें भारतीय क्रिकेटर बने। इस सूची में सबसे ऊपर सचिन तेंदुलकर (463) हैं।
- 22 वर्षीय भारतीय एथलीट कृष्णा जयशंकर ने इनडोर शॉट पुट में 16 मीटर से अधिक थ्रो करने वाली पहली भारतीय महिला बनी।
- लॉरियस अवॉर्ड के लिए जैनिक सिनर का नामांकन किया रद्द। डोपिंग के कारण लगे तीन महीने के प्रतिबंध के कारण।
- टेबिल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने 42 वर्ष की आयु में खेल से सन्यास लेने की घोषणा की है।
- नीदरलैण्ड के दिग्गज हॉकी खिलाड़ी ताइके ताइकेआ भारतीय महिला हॉकी टीम को प्रशिक्षित करेंगे। 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक के लिए अनुबंध।
- भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने 40 वर्ष की आयु में सन्यास से वापसी लेने की घोषणा की है। वे फीफा फ्रेंडली सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।
- एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया नए नियम अनुसार यदि कोई एथलीट डोपिंग में लिप्त पाया जाता है तो उसके साथ-साथ उसका कोच भी सजा का हकदार होगा।
- भारतीय पहलवान नितेश ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप के 97 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में अमानबेर्दी अगाममन्मेदोव को हराकर कांस्य पदक जीता।
- भारतीय मुक्केबाज अनामिका हुड्डा ने तीसरी बार महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का खिताब जीता।
- फीफा ने विश्व कप, 2026 से पाकिस्तान, रूस, कांगो को किया प्रतिबंध।
- भारतीय सीनियर महिला बॉस्केटबॉल टीम ने पहली बार जीता SABA महिला चैम्पियनशिप-2025 का खिताब।
- मुम्बई इंडियंस ने जीता दूसरी बार महिला प्रीमियर लीग का खिताब।
- झारखंड ने पहली बार जीता हॉकी इण्डिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियन का खिताब।

# 08 महत्वपूर्ण दिवस

| तारीख | दिवस | विषय |
|---|---|---|
| 1 मार्च 2025 | विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस | • नागरिक सुरक्षा, जनसंख्या की सुरक्षा की गारण्टी। |
| 3 मार्च 2025 | विश्व वन्य जीव दिवस | • वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेश। |
| 4 मार्च 2025 | राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस | • विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण है।<br>• भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) इस दिवस का आयोजन करती है। |
| 6 मार्च 2025 | विश्व पुस्तक दिवस | • अपने तरीके से पढ़े। |
| 8 मार्च 2025 | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | • सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए: अधिकार, समानता, सशक्तिकरण |
| 13 मार्च 2025 | राष्ट्रीय सामरी दिवस | • यह दयालुता और करुणा के निस्वार्थ कार्यों को पहचानने और उनका जश्न मनाने का दिन है। |
| 14 मार्च 2025 | राष्ट्रीय पाई दिवस | • गणित, कला और रचनात्मकता। |
| 16 मार्च 2025 | राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस | • सभी के लिए टीके: एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करना। |
| 20 मार्च 2025 | वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे | • ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी मांइड।<br>• विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 26 से 29 नवंबर, 2024 तक बैंकॉक, थाईलैंड में पहली वैश्विक मौखिक स्वास्थ्य बैठक आयोजित की। |
| 20 मार्च 2025 | अंतर्राष्ट्रीय हैप्पीनेस डे | • देखभाल और साझा करना। |
| 20 मार्च 2025 | अंतर्राष्ट्रीय डेटा सेंटर दिवस | • टिकाऊ डिजिटल नींव का निर्माण। |
| 21 मार्च 2025 | विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस | • हमारी सहायता प्रणालियों में सुधार करें। |
| 21 मार्च 2025 | अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस | • वन और खाद्य पदार्थ।<br>• वर्ष 2012 में, संयुक्त राष्ट्र ने 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के रूप में घोषित किया।<br>• खाद्य सुरक्षा, जैव-विविधता और जलवायु लचीलेपन में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया |
| 22 मार्च 2025 | विश्व जल दिवस | • ग्लेशियर संरक्षण। |
| 23 मार्च 2025 | शहीद दिवस | • 23 मार्च को पूरे भारत में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है, इस दिन देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, शिवराम राजगुरु, सुखदेव थापर को श्रद्धांजलि दी जाती है। |
| 23 मार्च 2025 | विश्व मौसम विज्ञान दिवस | • प्रारंभिक चेतावनी के अंतर को एक साथ पाटना |
| 24 मार्च 2025 | विश्व क्षय रोग दिवस | • हाँ! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं: प्रतिबद्ध हों, निवेश करें, परिणाम दें। |
| 27 मार्च 2025 | विश्व रंगमंच दिवस | • रंगमंच और शांति की संस्कृति। |

# अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ-प्रश्न

**1. हाल ही में आदिवासी अंचल की किस महिला ने राजस्थान रॉयल्स (IPL टीम) की ''पिंक प्रोमिस जर्सी'' का अनावरण किया है?**

[a] रूमा देवी [b] थावरी देवी
[c] कंचन देवी [d] थापी देवी

**2. निम्न में से उस व्यक्तित्व को पहचानें जिनका हाल ही में निधन हुआ है तथा उन्होंने अपने पिता के साथ 4 प्रथम श्रेणी के मैच एक साथ खेले थे?**

[a] भगवतसिंह, बॉस्केटबॉल
[b] अरविंदसिंह, फुटबॉल
[c] अरविंदसिंह, क्रिकेट
[d] विश्वराजसिंह, टेबल टेनिस

**3. हाल ही में राजस्थान के किस लेखक को ''राजस्थानी भाषा पुरस्कार, 2024'' से सम्मानित किया है?**

[a] डॉ. गजादान चारण, जोधपुर
[b] डॉ. आईदानसिंह भाटी, बीकानेर
[c] महेन्द्रसिंह छायण, जैसलमेर
[d] मुकुट मणिराज, कोटा

**4. हाल ही में राजस्थान की महिला सरपंच को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित ''सशक्त पंचायत नेत्री अभियान'' के तहत् राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है?**

[a] सविता राठी, गोपालपुरा (चुरू)
[b] नीरू यादव, लाम्बी अहीर (झुंझुनूं)
[c] भक्ति शर्मा, सांगानेर (जयपुर)
[d] रजनी कंवर, सायला (जालौर)

**5. हाल ही में एशिया व प्रशांत क्षेत्र का 12वाँ क्षेत्रीय 3R फोरम का आयोजन कहाँ किया गया?**

[a] अजमेर [b] जोधपुर
[c] जयपुर [d] भीलवाड़ा

**6. राजस्थान लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान विधेयक, 2024 के तहत् लोकतंत्र सेनानियों को क्रमश: मासिक पेंशन व चिकित्सा सहायता कितने रुपये दिए जाने का प्रावधान है?**

[a] 20,000 एवं 4,000 [b] 15,000 एवं 3,000
[c] 30,000 एवं 5,000 [d] 10,000 एवं 3,000

**7. 11-12 मार्च, 2025 को ''थार महोत्सव'' का आयोजन बाड़मेर जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ जिसकी थीम है-**

[a] ''थार के धौरे''
[b] ''रेगिस्तान का जहाज-ऊँट''
[c] ''रंग रेगिस्तान के''
[d] ''जल के बिना अधूरा रेगिस्तान''

**8. राजस्थान विधियाँ (निरसन) विधेयक, 2025 राजस्थान विधानसभा में ध्वनिमत से पारित (24 मार्च, 2025) करके कितनी अप्रचालित विधियों को हटाया गया?**

[a] 35 [b] 45
[c] 48 [d] 32

**9. हाल ही में एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन (पटवा) द्वारा किसे ''वुमेन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, 2025 इंडिया'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**

[a] मंजू शर्मा, जयपुर [b] प्रियंका चौधरी, बाड़मेर
[c] सिद्धी कुमारी, बीकानेर [d] दीया कुमारी, जयपुर

**10. 25वाँ आईफा अवॉर्ड्स, 2025 का आयोजन कहाँ व उसकी थीम क्या थी ?**

[a] जोधपुर, सिल्वर इज द न्यू गोल्ड
[b] जयपुर, सिल्वर इज द न्यू गोल्ड
[c] उदयपुर, सिल्वर इज द न्यू गोल्ड
[d] भरतपुर, सिल्वर इज द न्यू गोल्ड

**11. निम्नलिखित कथनों में से असत्य कथनों की पहचान कीजिए।**

1. राजस्थान दिवस 30 मार्च, 2025 को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर मनाया जाएगा।
2. मातृवंदन ''महिला समारोह'' का आयोजन जोधपुर में किया गया था (25 मार्च)
3. सुशासन समारोह, भीलवाड़ा में आयोजित हुआ। (28 मार्च)
4. युवा एवं रोजगार उत्सव, कोटा में मनाया गया। (29 मार्च)

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] 1, 2, 3 [d] केवल 4

**12. शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री श्री मदन दिलावर द्वारा राज्य के प्रथम 'स्टील बर्तन बैंक' का शुभारंभ कहाँ से किया गया?**

[a] खैराबाद, कोटा [b] धोद, सीकर
[c] चौमू, जयपुर [d] पचेरी, झुंझनूं

**13. हाल ही में राजस्थान की किस महिला खिलाड़ी ने ''45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता, बैंगलुरू'' में तीन स्वर्ण पदक जीते हैं?**

[a] अवनि लेखरा, जयपुर
[b] पानी देवी गोदारा, बीकानेर
[c] सुनीता धोबी, अजमेर
[d] हर्षिता जाखड़, गंगानगर

**14. ''कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान'' का उद्घाटन 8 मार्च, 2025 को किसके द्वारा किया गया एवं राजस्थान देश में इस उपलब्धि हेतु किस स्थान पर रहा है?**

[a] जगदीप धनकड़ द्वारा, प्रथम स्थान पर
[b] द्रोपदी मुर्मू द्वारा, द्वितीय स्थान पर
[c] ओम बिरला द्वारा, प्रथम स्थान पर
[d] भजनलाल शर्मा द्वारा, चौथे स्थान पर

**15. राज्य का पहला ''बाघिन स्टेच्यू'' (ST-2 बाघिन) का निर्माण कहाँ किया गया?**

[a] रणथम्भौर टाइगर रिजर्व, सवाई माधोपुर
[b] सरिस्का टाइगर रिजर्व, अलवर
[c] मुकुन्दरा हिल्स, कोटा
[d] रामगढ़ विषधारी, बूँदी

**16. राज्य का पहला ''सेंसर सपोर्ट टेक्नोलॉजी पुल'' कहाँ बनाया जाएगा?**

[a] कोटा [b] उदयपुर
[c] जयपुर [d] बांसवाड़ा

**17. राज्य के प्रथम कृत्रिम गर्भाधान प्लांट की स्थापना निम्नलिखित में से कहाँ की जाएगी?**

[a] बस्सी, जयपुर [b] बस्सी, चित्तौड़गढ़
[c] चौमू, जयपुर [d] मांडल, भीलवाड़ा

**18. राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन, जयपुर द्वारा ''अभिमान अवॉर्ड'' के तहत् हनुमानसिंह (सीनियर) अवॉर्ड किसे दिए जाने की घोषणा की गई है?**

[a] कमलेश नागरकोठी, सोनिया मीणा
[b] रवि विश्नोई, सुनीता यादव
[c] महिपाल लोमरोर, सुमन मीणा
[d] मोहित छांगरा, ऊषा परेरिया

**19. सुरक्षा सखी पखवाड़ा (16–31 मार्च, 2025) जो कि राजस्थान पुलिस द्वारा संचालित किया गया जिसका उद्देश्य क्या है?**

[a] स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहायता।
[b] बालिकाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देना।
[c] पंचायत स्तर पर सुरक्षा सखी का चयन।
[d] महिलाओं को रोजगार देना।

**20. राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा राजस्थान में ''विवाह पूर्व परामर्श केन्द्र'' (तेरे मेरे सपने) कहाँ–कहाँ स्थापित किए जाएँगे?**

[a] जयपुर, जोधपुर [b] बीकानेर, भीलवाड़ा
[c] बाड़मेर, जैसलमेर [d] बीकानेर, उदयपुर

**21. आदर्श महिला–हितैषी ग्राम पंचायत पहल के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सत्य है?**

1. आदर्श महिला–हितैषी ग्राम पंचायत पहल का शुभारंभ 5 मार्च को पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किया गया।
2. इस पहल का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श ग्राम पंचायत स्थापित करना है जो महिलाओं और लड़कियों दोनों के अनुकूल हों।
3. इस पहल के अंतर्गत पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नेतृत्व कौशल के विकास के लिए 775 आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायतों के चयन की घोषणा की गई है।

[a] 1, 2 व 3 [b] केवल 1 व 2
[c] केवल 1 व 3 [d] केवल 3

**22. जल शक्ति अभियान: कैच द रेन–2025 का प्रारंभ कहाँ से किया गया है?**

[a] पंचकूला, हरियाणा [b] सीकर, राजस्थान
[c] जालौर, राजस्थान [d] सोनीपत, हरियाणा

**23. रायसीना डायलॉग 2025 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-**

1. यह इस अयोजन का 10वाँ संस्करण है।
2. रायसीना डायलॉग 2025 की थीम कालचक्र लोग, शांति और ग्रह है।
3. इसका आयोजन ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और भारत सरकार के विदेश मंत्रलय द्वारा किया गया।
4. इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर थे।

**उपरोक्त में से सत्य कथन है-**

[a] 1, 2 व 3 [b] 1, 2 व 4
[c] 1, 2, 3 व 4 [d] 2, 3 व 4

**24. भारत का पहला वाणिज्यिक सेमीकंडक्टर फैब कहाँ स्थापित किया जाएगा?**

[a] सिलीगुड़ी, असम [b] नामरूप, अरुणाचल प्रदेश
[c] धोलेरा, गुजरात [d] अमरावती, आंध्र प्रदेश

**25. 59वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार 2024 हिंदी भाषा के किस लेखक को प्रदान किया गया है?**

[a] गगन गिल [b] मकुट मणिराज
[c] दीपक कुमार शर्मा [d] विनोद शुक्ल

**26. राजलस्थानी भाषा का साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार 2024 किसे प्रदान किया गया है?**

[a] मदन सोनी [b] प्रहलाद सिंह झोरडा
[c] सोहनदास चारण [d] डॉ. गजादान चारण

**27. रामसर सचिवालय, स्विट्जरलैण्ड द्वारा 'वेटलैंड वाइज यूज' श्रेणी में पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय महिला है-**

[a] जयश्री वेंकटेशन [b] आरती सरीन
[c] डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन [d] रीना चक्रवर्ती

**28. 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दौश्रान टीबी टेस्टिंग में उत्कृष्टता के लिए किस राज्य को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार प्रदान किया गया है?**

[a] तमिलनाडु [b] ओडिशा
[c] पंजाब [d] तेलंगाना

**29. 'प्रचंड प्रहार' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

1. प्रचंड प्रहार भारत की तीनों सेनाओं का एकीकृत बहुक्षेत्रीय युद्धाभ्यास है।
2. इसका आयोजन 25 से 27 मार्च तक अरुणाचल प्रदेश में किया गया।

[a] 1 व 2 [b] केवल 1
[c] केवल 2 [d] ना तो 1 ना ही 2

**30. केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 में प्रारंभ मिष्टी (मैंग्रोव इनिशिएटिव फॉर शोरलाइन हैबिटेट्स एंड टैंजिबल इनकम) योजना के अंतर्गत मैंग्रोव वनारोपण में कौनसा राज्य प्रथम स्थान पर रहा?**

[a] गुजरात [b] गोवा
[c] कनौटक [d] केरल

**31. प्रथम नदी डॉल्फिन रिपोर्ट के अनुसार भारत में सर्वाधिक नदी डॉल्फिन किस राज्य में पाई जाती है?**

[a] मध्य प्रदेश [b] राजस्थान
[c] बिहार [d] उत्तर प्रदेश

**32. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?**

[a] राजीव गौबा [b] अजय भादू
[c] तुहिन कांत पांडे [d] अजय सेठ

**33. भारतीय वायुसेना के जगुआर फाइटर जेट स्क्वाडन में स्थायी रूप से नियुक्त होने वाली पहली महिला पायलट है-**

[a] अवनि चतुर्वेदी [b] तनुष्का सिंह
[c] मोहना सिंह [d] भावना कांत

**34. भारत का 58वाँ बाघ अभयारण्य किसे घोषित किया गया है?**

[a] माधव राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश
[b] गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व, छत्तीसगढ़
[c] रातापानी टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश
[d] धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व, राजस्थान

**35. एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परीक्षण सुविधा कहाँ स्थापित की गई है?**

[a] IIT, मद्रास [b] IISc, बैंगलोर
[c] IIT, कानपुर [d] IIT, दिल्ली

**36. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के सन्दर्भ मे निम्न कथनो पर विचार कीजिए-**

1. इसका मुख्यालय बीजिंग, चीन मे स्थित है।
2. हाल ही मे इंडोनेशिया ने शामिल होने की सहमति व्यक्त की।

**उपर्युक्त में से सत्य कथन कोनसा है?**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] 1 व 2 दोनों [d] इनमें से कोई नहीं

**37. बोरिस स्पैस्की, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस खेल से जुड़े थे?**

[a] बैडमिंटन [b] मुक्केबाजी
[c] कुश्ती [d] शतरंज

**38. इंडो-पैसिफिक महासागर पहल (IPOI) किस देश द्वारा शुरू की गई थी?**

[a] फिजी [b] जर्मनी
[c] चिली [d] भारत

**39. हाल ही में जारी 7वीं विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2024 के सन्दर्भ में निम्न कथनो पर विचार कीजिए-**

1. IQAIR द्वारा प्रकाशित की गई है।
2. ओशिनिया दुनिया का सबसे स्वच्छ क्षेत्र है।
3. भिवाड़ी भारत का सबसे प्रदूषित क्षेत्र है।
4. दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बनी हुई हैं।

**उपर्युक्त में से सत्य कथन कौन-सा है?**

[a] केवल 1, 2, 3 [b] केवल 2, 3, 4
[c] केवल 1, 3, 4 [d] केवल 1, 2, 4

**40. उस रूसी अंतरिक्ष यात्री का नाम क्या है, जो हाल ही में अंतरिक्ष में 1000 दिन बिताने वाला पहला व्यक्ति बन गया है?**

[a] येलेना कोंडाकोवा [b] निकोलाई चूब
[c] यूरी गगारिन [d] ओलेग कोनोनेंको

**41. किस संगठन ने "भारत वित्तीय प्रणाली स्थिरता आंकलन" शीर्षक से रिपोर्ट जारी की है?**

[a] अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
[b] विश्व बैंक
[c] संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
[d] संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

**42. हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'पहला विश्व ग्लेशियर दिवस' कब मनाया गया?**

[a] 21 मार्च, 2025 [b] 23 मार्च, 2025
[c] 20 मार्च, 2025 [d] 25 मार्च, 2025

**43. हाल ही में किस अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने 'महिलाएँ और अर्थव्यवस्था: बीजिंग घोषणा के 30 वर्ष बाद' रिपोर्ट जारी की है?**

[a] यूएन वीमेन
[b] अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
[c] वर्ल्ड बैंक
[d] अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

**44. संयुक्त राष्ट्र साँख्यिकी आयोग द्वारा हाल ही मे अंगीकृत, न्यूनतम आहार विवधता संकेतक के सन्दर्भ मे निम्न कथनो पर विचार कीजिए-**

1. यह संकेतक आहार की गुणवत्ता, कैलोरी सेवन और पोषण मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करता है।
2. यह 24 घण्टे की अवधि में खाये जाने वाले खाद्य पदार्थो की विवधता को मापता है।
3. इसका प्रबंधन FAO और यूनिसेफ द्वारा किया जाएगा।
4. इसे दो प्रमुख संख्याओं में मापा जाएगा: बच्चे और प्रजनन आयु की महिलाएँ।

**उपर्युक्त में से सत्य कथन कौनसा है ?**

[a] केवल 1, 2, 3 [b] केवल 2, 3, 4
[c] केवल 1, 3, 4 [d] उपर्युक्त सभी

**45. हाल ही में SIPRI द्वारी जारी अंतर्राष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण में रूझान 2024, आँकड़ों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-**

1. भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक है।
2. अमेरिका के बाद रूस सबसे बड़ा हथियार निर्यातक है।

**उपर्युक्त में से असत्य कथन कौनसा है?**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] उपर्युक्त दोनों [d] इनमें से कोई नहीं

**46. हाल ही में किस देश ने हानि एवं शांति कोष से अपना नाम वापिस लिया है?**

[a] कनाडा [b] जर्मनी
[c] फ्रांस [d] अमेरिका

**47. 4 मार्च, 2005 को आपातकालीन अरब शिखर सम्मलेन कहाँ आयोजित हुआ?**

[a] कैरो, मिस्र [b] दोहा, कतर
[c] मस्कट, ओमान [d] रियाद, सऊदी अरब

**48. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (पुरस्कार) | सूची-II (पुरस्कार विजेता) |
|---|---|
| A. वुल्फ प्राइज 2025 | 1. लिउ जियाकुन |
| B. स्पोर्टस्टार ऑफ द ईयर 2025 (स्पोर्टस्टार एसेस) | 2. गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक |
| C. प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार | 3. ज्ञानेन्द्र जैन |
| D. होलबर्ग पुरस्कार 2025 | 4. मनु भाकर |

[a] A-3, B-4, C-1, D-2
[b] A-2, B-4, C-3, D-1
[c] A-2, B-4, C-3, D-1
[d] A-1, B-4, C-3, D-2

**49. निम्नलिखित कथनो पर विचार कीजिए।**

1. दुनिया का सबसे लम्बा अंतरमहाद्वीपीय क्वांटम सैटेलाइट लिंक, दक्षिण अफ्रीका और चीन द्वारा स्थापित किया गया।
2. मंगल ग्रह का लाल रंग फेरिहाइड्राइट की बजाए हेमेटाइट के कारण है।
3. अमेरिका, रूस, चीन के बाद उपग्रहों को अनडॉक करने की उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का चौथा देश बन गया है।
4. सुनीता विलियम्स 286 दिनों के बाद स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल के माध्यम से पृथ्वी पर वापिस लौटी।

**उपर्युक्त में से असत्य कथन कौन-सा है?**

[a] केवल 1, 2, 3 [b] केवल 1, 3, 4
[c] केवल 2, 3, 4 [d] इनमें से कोई नहीं

**50. चैम्पियंस ट्राफी, 2025 के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

1. फाइनल मैच दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित हुआ।
2. फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को पराजित किया।
3. फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब विराट कोहली ने जीता।
4. प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जसप्रीत बुमराह ने जीता।

**उपर्युक्त में से सत्य कथन कौनसा है?**

[a] केवल 1, 2 [b] केवल 1, 3
[c] केवल 2, 3 [d] केवल 2, 4

## Answer Key

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B | C | D | A | C | A | C | B | D | B |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| B | A | B | C | B | D | A | C | B | D |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| B | A | A | C | D | C | A | D | D | A |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| D | C | B | A | A | B | D | D | D | D |
| 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| A | A | B | D | C | D | A | A | B | A |

# टॉपर्स टॉक



**Rank - 133**
**(RAS-2021)**

## किशन दान बीठू

| | | |
|---|---|---|
| पिता | – | श्री कैलाश दान बीठू |
| माता | – | श्रीमती सुगन कँवर |
| स्नातक | – | बी.ए. महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर (60.27%) |
| $12^{th}$ | – | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीकानेर (67.20%) |
| $10^{th}$ | – | आदर्श विद्या मंदिर सैकेण्डरी स्कूल, बीकानेर (66.89%) |

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!**

**किशन दान :** धन्यवाद! ये टॉपर्स टॉक मेरे लिए हर्ष व गौरव का विषय है।

**प्रश्न : आपकी पारिवारिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?**

**किशन दान :** मैं बीकानेर जिले में सींथल ग्राम का निवासी हूँ मेरे पिताजी राजस्थान पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल हैं तथा माता जी गृहणी हैं। हम चार बहिन-भाई हैं।

**प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?**

**किशन दान :** मैंने 2018 में RAS तैयारी प्रारंभ की, प्रथम प्रयास में 1335 रैंक मिली अन्तिम चयन नहीं हुआ लेकिन मैं डटा रहा जिस कारण अपने दूसरे प्रयास में 133 रैंक से सफलता प्राप्त की। RAS परीक्षा हेतु 1 से 1.5 साल का समय पर्याप्त है।

**प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?**

**किशन दान :** हाँ, मैंने अपने कॉलेज टाइम में ही सिविल सेवा में जाने का मन बना लिया था क्योंकि कॉलेज टाइम से ही मैं NSS में सक्रिय सहभागी रहा हूँ NSS में ही मैं श्रीमती आरती डोगरा (IAS) तात्कालिक DM बीकानेर से प्रभावित होकर मैंने सिविल सेवा में जाने का सोच लिया था अत: वे ही मेरी प्रेरणास्त्रोत हैं।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है ?**

**किशन दान :** बिल्कुल पाई जा सकती है स्वाध्याय तो सम्पूर्ण तैयारी का मर्म है लेकिन कोचिंग से आधारभूत तैयारी कम समय व सही दिशा में सहयोग मिलता है तथा अनुशासित रहकर तैयारी में मदद मिलती है।

**प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए ? क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?**

**किशन दान :** मापदंड तो अनेक हो सकते हैं जैसे RPSC पैटर्न के अनुरूप अद्यतन रहना, गुणवत्तापूर्ण आधारपूर्ण शिक्षण सामग्री, शिक्षकों का सम्प्रेषण कौशल व विषय विशेषज्ञता तथा सकारात्मक शिक्षण परिवेश आदि।

मैं स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी में PCM-16 का विद्यार्थी रहा हूँ अपनी सम्पूर्ण तैयारी दिलीप सर के मार्गदर्शन में की है।

**प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?**

**किशन दान :** मेरा भाषायी माध्यम हिन्दी था, माध्यम की कोई विशेष भूमिका नहीं रहती है दोनों ही माध्यमों में समान रूप से सफलता अर्जित की जा सकती है।

**प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?**

**किशन दान :** मुख्य परीक्षा में उत्कृष्ट लेखन शैली सफलता में रामबाण की भूमिका निभाती है इस हेतु दैनिक व साप्ताहिक अभ्यास के साथ सीनियर साथियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?**

**किशन दान :** मैं स्प्रिंगबोर्ड का क्लास रूम स्टुडेंट रहा हूँ अत: मेरे पास वही आधारभूत अध्ययन सामग्री है साथ ही में इंटरनेट व समाचार पत्रों से अपने नोट्स को अद्यतन करता रहता था।

**प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?**

**किशन दान :** शॉर्ट नोट्स मुख्यत: मुख्य परीक्षा में दोहराव संध्या अर्थात् रिवीजन अधिकाधिक करने में महत्वपूर्ण सहयोगी है जो अन्तत: सफलता में मील के पत्थर सिद्ध हो रहे हैं।

**प्रश्न : मॉक इंटरव्यू की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?**

**किशन दान :** मेरा RPSC में इंटरव्यू अनुभव अच्छा रहा, मॉक इंटरव्यू ड्रिल ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसी कारण पूरे इंटरव्यू के दौरान सकारात्मक व आत्म विश्वास से भरपूर था।

**प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?**

**किशन दान :** मेरी प्रारंभिक शिक्षा से शिक्षकों का विशेष आर्शीवाद रहा है जयपुर आने के बाद स्प्रिंगबोर्ड में दिलीप सर व राजवीर सर का विशेष मार्गदर्शन रहा साथ ही RAS 2013 के हिम्मत सिंह चारण, 2016 के उपेन्द्र शर्मा सर ने लेखन शैली में विशेष सहायता की।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?**

**किशन दान :** मुझे जीवन में सकारात्मक व आगे बढ़ाने वाले मित्र मिले अपनी ग्रुप डिसकशन एण्ड स्टडी ने सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। एक बार की असफलता से मित्र मण्डली काफी परिस्कृत थी अत: द्वितीय प्रयास में लगभग सभी मित्र सफल रहे।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान सबसे मुश्किल समय कौनसा था?**

**किशन दान :** घर से दूरी अपने आप में बहुत कष्टप्रद होती है लेकिन विद्यार्थी के पांच लक्षणों में इसे इसी लिए शामिल किया गया है ताकि विद्यार्थी इस चुनौती को पार करके भावी प्रशासनिक जीवन के लिए तैयार हो सके।

बाकी भोजन, पानी व परिवेश की चुनौती तो रहती है इसी से एक किस्सा याद आ रहा है पहली बार जयपुर आने के बाद 3 दिन बुखार (प्रथम तीन दिन) आ गया लेकिन यह घर पर नहीं बताया क्योंकि घर वाले चिन्ता करेंगे और वापस बुला लेंगे, यह RAS बनने का जोश-जुनून ही था कि सारी परेशानियाँ सह ली।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा की लम्बी अवधि के कारण सतत् रूप से तैयारी करने के लिए खुद को कैसे मोटिवेट रखा?**

**किशन दान :** RAS तैयारी का लम्बा व धीमा कालचक्र अपने आप में मुश्किल समय अवधि व कसौटी है साथ ही विशिष्ट समय की बात की जाए तो प्रथम प्रयास में 1335 रैंक आने के बाद के 5-7 दिन थोड़े चुनौतीपूर्ण थे।

**प्रश्न : प्लान-बी के बारे में आपका क्या विचार है ?**

**किशन दान :** प्लान-बी के बारे में अवश्य ध्यान दिया था जिसके कारण सरकारी शिक्षक पद पर रहते तैयारी की, यह लम्बी अवधि में आपको स्थिर रहने में मदद करती है।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा में चयन के पश्चात् आपके जीवन में क्या बदलाव आया ?**

**किशन दान :** चयन के बाद सामाजिक सम्मान, आत्म सन्तुष्टि व जिम्मेदारी के भाव में बढ़ोत्तरी हुई है साथ ही समय प्रबंध न को अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता महससू हो रही है।

**प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?**

**किशन दान :** एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में पदीय कर्तव्यों के पालन के साथ सामाजिक उत्थान में व्यक्तिगत प्रयास करूंगा जैसे दिव्यांगजनों हेतु विशेष।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिक पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?**

**किशन दान :** मासिक समसामयिक पत्रिका प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा के समान रूप से उपयोगी है अब तक केवल प्रारंभिक परीक्षा में करेंट अफेयर्स की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती थी

लेकिन विगत मुख्य परीक्षा RAS 2023 के बाद मुख्य परीक्षा में भी समान रूप से महत्व रखती है।

स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी की मासिक पत्रिका RPSC की डिमाण्ड को पूरी करती है मैं इसको पढ़ता रहा हूँ।

**प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?**

**किशन दान :** मेरी सफलता का मूल मंत्र मातेश्वरी श्री करणी माता की कृपा तथा माता-पिता का आर्शीवाद है साथ ही जीवन में सकारात्मक विचार दृढ़निश्चय लक्ष्यबद्धता व सतत् प्रयास करते रहने की प्रवृति है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?**

**किशन दान :** तैयारी के दौरान मैंने अपने व्यक्तिगत समय में कुछ कटौती की साथ ही सिलेबस को अच्छे से रिवीजन किया तथा नियमित रूप से टेस्ट सिरीज में उत्कृष्ट लेखन किया।

**प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं!**

**किशन दान :** धन्यवाद!

❖❖❖